
सुप्रभात
रांची, शनिवार
31.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 315



12 पाकिस्तान हाफिज और मसूद को सौंपे

## न्यूज डायरी

### जैक बोर्ड : इंटर साइंस व कॉमर्स का रिजल्ट आज

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल आज 31 मई को इंटरमीडिएट साइंस और कॉमर्स परीक्षा के परिणाम घोषित करेगा। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन दोपहर 12.30 बजे जैक परिसर में परिणाम जारी करेंगे। विद्यार्थी रिजल्ट जैक की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### नीट-पीजी परीक्षा एक पाली में हो : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है कि 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय स्नातकोत्तर पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-नीट-पीजी दो पालियों के स्थान पर अब एक ही पाली में आयोजित की जाए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने निर्देश दिया कि वे एक ही पाली में परीक्षा कराने की व्यवस्था करें और यह सुनिश्चित करें कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

### जातीय जनगणना से पूर्व जातियों की सूची बनेगी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार जातीय जनगणना से पहले जातियों की सूची बनाएगी, ताकि सुनियोजित डाटा तैयार हो। जातियों पर राजनीतिक सहमति के लिए इसे सर्वदलीय बैठक में भी रखा जाएगा। राजनीतिक पार्टियों के सुझावों-आपत्तियों के आधार पर सूची फाइनल होगी। बता दें कि केंद्र सरकार ने 30 अप्रैल को जातीय जनगणना कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। देश में आजादी के बाद पहली जातीय जनगणना कराई जाएगी। देश में जनगणना की प्रक्रिया 2026 में शुरू होने की संभावना है।

### छह जिलों में डीडीसी नहीं, विकास कार्य प्रभावित

**रांची।** झारखंड के छह जिलों में डीडीसी का पद रिक्त है। इससे विकास कार्य भी प्रभावित हो रहा है। इन जिलों में राजधानी रांची से लेकर औद्योगिक और धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण जिले शामिल हैं। जिन जिलों मे डीडीसी का पद रिक्त है, उनमें रांची, देवघर, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका और कोडरमा जिला है।

### वज्रपात से मनरेगा मजदूर सहित तीन लोगों की मौत

**पलामू।** जिले में शुक्रवार को बारिश के साथ वज्रपात में मनरेगा मजदूर सहित तीन की मौत हो गयी। तरहसी प्रखंड की गुरहा पंचायत के कदमखाड़ में मनरेगा मजदूर रविंद्र सिंह की मौत हुई, जबकि वहीं सतबरवा प्रखंड में गटु भुइयां और शिवराज उरांव की मौत हुई। सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि प्रावधान के अनुसार आश्रितों को मुआवजा दिया जाएगा।

### मयूराक्षी नदी में दो मौसेरी बहनों की डूबने से मौत

**दुमका।** जिला के शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र स्थित गंदरकपुर गांव में मयूराक्षी नदी में स्नान के दौरान तीन बहनें डूब गयीं। इसमें उमा कुमारी (19) और पूजा कुमारी (14) दोनों की मौत हो गयी, जबकि आस्था कुमारी अपनी जान बचाने सफल रही। यहां मसानजोर डैम के जल अधिग्रहित एरिया का पानी जमा रहता है।

### 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने कहा

# इस साल स्थानीय निकाय चुनाव हुए तो मिल जायेगा बकाया पैसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया से स्पष्ट कर दिया है कि इस साल झारखंड में स्थानीय निकायों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जायेगी तो वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 दोनों का बकाया पैसा मिल जायेगा। श्री पनगढ़िया शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग ने शर्त लगायी थी कि मनी ग्रांट के लिए स्थानीय निकायों का चुनाव जरूरी है। चुनाव नहीं होने के कारण यहां का पैसा रूका हुआ है। अगर इस साल चुनाव हो जायेगा तो दो साल का पैसा भी रिलिज हो जायेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वित्त आयोग सिर्फ सिफारिश ही करता है। ग्रांट सेंट्रल गर्वमेंट के बजट से ही आता है। उन्होंने बताया कि अब योजना आयोग खत्म हो गया है। उनकी जगह नीति आयोग ने ले ली है। 13वें वित्त आयोग ने केंद्रीय करों की राज्य की भागीदारी 32.02 फीसदी देने की सिफरिश की थी। शेष 68 फीसदी हिस्सा सेंट्रल पुल में जाता है। वहीं 15वें वित्त आयोग ने केंद्रीय करों में राज्य की भागीगारी 41 फीसदी करने की अनुशंसा की थी। अब झारखंड सरकार केंद्रीय करों में 50 फीसदी भागीदारी की मांग कर रहा है।



### केंद्रीय करों की हिस्सेदारी में 50 प्रतिशत की मांग

| हिस्सेदारी के घटक | 16वें वित्त आयोग में |
|---|---|
| केंद्रीय करों में हिस्सेदारी | 50 प्रतिशत |
| जन संख्या | 17.5 प्रतिशत |
| आमदनी में अंतर | 50 प्रतिशत |
| वन क्षेत्र | 12.5 प्रतिशत |
| जीएसटी मुआवजा | 2.5 प्रतिशत |
| पैसा जुटाने का प्रयास | 2.5 प्रतिशत |
| डेमोग्राफिर परफॉरमेंस | 00 प्रतिशत |



### भाजपा ने वन नेशन वन इलेक्शन की चर्चा की

**रांची।** भाजपा नेता राकेश प्रसाद और सुधीर श्रीवास्तव ने वित्त आयोग से वन नेशन वन इलेक्शन लागू होने पर बचने वाली राशि को राज्य के विकास में लगाने की मांग की। चुनाव आयोग खुद वन नेशन वन इलेक्शन से देश को होने वाले फायदे बताये। विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने मांग की है कि राज्य में फॉल-नदी में डूबने से हो रही मौत को आपदा घोषित किया जाये और वज्रपात में मरने वाले के आश्रितों के समान उनको को भी चार लाख मिले।

## राज्य सरकार ने 3.03 लाख करोड़ की मांग रखी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने 16वें वित्त आयोग से राज्य के विकास के लिए 3 लाख 3 हजार 527 करोड़ रुपये की मांग की। यह राशि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने और आर्थिक-सामाजिक परिदृश्य को बदलने के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर वित्त आयोग के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। इसके पहले आयोग की टीम ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं राज्य सरकार के अधिकारियों संग बैठक की।

आधारभूत संरचना के विकास के लिए 2 लाख 1 हजार 772 करोड़ रुपये।

सामाजिक क्षेत्र में विकास के लिए 44 हजार 447 करोड़ रुपये।

कृषि, वन एवं जल संसाधन क्षेत्र में विकास के लिए 41 हजार 388 करोड़ रुपये।

गृह, पंचायती राज, भूमि सुधार, राजस्व क्षेत्र के लिए 17 हजार 918 करोड़ रुपये।

**जीएसटी कंपनसेशन और अन्य मुद्दे**

जुलाई 2022 से जीएसटी कंपनसेशन बंद होने से झारखंड को भारी नुकसान हो रहा है। इससे आगामी पांच वर्षों में 61,677 करोड़ के नुकसान का आंकड़ा किया पेश।

कोयला कंपनियों के बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये और मनरेगा मद में बकाया 1300 करोड़ रुपये का मुद्दा भी आयोग के समक्ष रखा गया।

जल जीवन मिशन क्षेत्र में भी 5235 करोड़ रुपये की राशि बकाया है।

**अतिरिक्त मदद की आवश्यकता**

झारखंड जैसे खनिज संपन्न राज्यों को अतिरिक्त मदद की आवश्यकता है जो प्रदूषण, उग्रवाद, बेरोजगारी और विस्थापन जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

राज्य सरकार ने केंद्रीय करों में राज्यांश को 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 55 प्रतिशत करने की मांग की है।

आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया ने झारखंड के पीएसयू का 10-12 वर्षों से ऑडिट नहीं होने पर चिंता व्यक्त की है।

### तीर्थ यात्रा : परिवार संग केदारनाथ धाम पहुंचे मुख्यमंत्री



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को अपनी पत्नी कल्पना सोरेन संग बाबा केदारनाथ की पूजा-अर्चना की। पूजा करने के दौरान सोरेन के दोनों बेटे भी उनके साथ थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ईश्वर से समस्त झारखण्डवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को मुख्यमंत्री अपनी पत्नी और दोनों बेटों के साथ पूजा करने के लिए रांची से केदारनाथ के लिए रवाना हुए थे।

## वित्त वर्ष 2029-2030 तक मंईयां सम्मान योजना ₹10 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनाने में होगी मददगार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की अर्थव्यवस्था वर्ष 2029-30 तक 10 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सीएम हेमंत सोरेन की महत्वकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना सहायक होगी। राज्य सरकार के मंत्री और अधिकारियों ने 16वें वित्त आयोग को राज्य के विकास दर की जानकारी दी। इस मुद्दे पर सरकार की ओर से आयोग को कहा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के सकल घरेलू उत्पाद जीएसडीपी के 5,06,356 करोड़ रुपये को होने का अनुमान व्यक्त




किया गया है। वित्तीय वर्ष 2011-12 से 2024-25 के दौरान राज्य का औसत विकास दर 10 प्रतिशत रहे। हालांकि आर्थिक मंदी, सुखाड़ और कोविड से 2015-16, 2019-20 और 2020-21 में राज्य के विकास दर में थोड़ी कमी आयी थी, लेकिन, इस अवधि को छोड़ दिया जाये तो राज्य का औसत विकास दर 14.1 प्रतिशत रहा। इस दर के हिसाब से वित्त वर्ष 2029-30 तक राज्य की अर्थ व्यवस्था 10 लाख करोड़ रुपये की हो जायेगी। राज्य की राजस्व प्राप्ति, राजस्व खर्च के मुकाबले तेजी से बढ़ रहा है। परिणाम स्वरूप राजस्व सरप्लस बढ़ने की दिशा में है। राजस्व सरप्लस को देखते हुए सरकार ने 2024-25 से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू की है। मंईयां सम्मान योजना की वजह से राज्य में उपभोग आधारित खर्च बढ़ेगा और महिलाओं का सशक्तिकरण भी होगा। राज्य सरकार ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना वित्त वर्ष 2029-2030 तक झारखंड की अर्थव्यवस्था 10 लाख करोड़ पहुंचाने में सहायक होगी।

# 4 हजार किलो नकली पनीर की खेप हजारीबाग में जब्त

### रांची और हजारीबाग में खपाने की थी योजना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** बिहार से रांची और हजारीबाग के बाजारों में खपाने के लिए भेजे जा रहे 4000 किलो नकली पनीर को हजारीबाग प्रशासन ने जब्त कर एक बड़ा फूड स्कैम को बेनकाब कर दिया। यह जहरीला पनीर दो ट्रैवल बसों में भरकर लाया जा रहा था, जिसे लोगों की थाली तक पहुंचाने की साजिश थी। जानकारी के अनुसार पटना से रांची आ रही बदोनी बस और तिवारी ट्रैवल्स में बख्तियारपुर और मनेर से यह नकली पनीर लोड किया गया था। गुप्त सूचना मिलते ही हजारीबाग खाद्य सुरक्षा विभाग और जिला प्रशासन की टीम हरकत में आ गयी। सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ कुमार और चंद्र प्रकाश दुगी के नेतृत्व में चलाए गए इस ऑपरेशन में नगवा टोल नाका के पास दोनों बसों से 4000 किलो नकली पनीर बरामद किया गया। मौके पर जांच की गयी। जांच में पनीर को पूरी तरह नकली और स्वास्थ्य के लिए घातक पाया गया। जिला प्रशासन की ओर से दोनों बस ऑपरेटरों को नोटिस भेजा गया है, और सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रशासन को जानकारी मिली कि बड़े होटलों और रेस्टोरेंट्स में भी यही नकली पनीर परोसा जा रहा था।

## आइइडी विस्फोट में कोबरा जवान घायल रांची में इलाज जारी

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिला के सारंडा क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में छोटानागरा और जराईकेला थाना क्षेत्र के सीमावर्ती जंगल एवं पहाड़ी इलाकों में चलायेज रहे अभियान के दौरान शुक्रवार को जराईकेला थाना अंतर्गत तिरिलपोसी के जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गयी। भारी दबाव के चलते नक्सली भाग निकले। सर्च अभियान में विस्फोटक, वर्दी आदी सामग्री बरामद की गयी। इसी दौरान नक्सलियों की ओर से पूर्व में लगाए गए आइइडी विस्फोट में कोबरा 209 बटालियन के एक जवान सुनील कुमार घायल हो गए। घायल जवान की स्थिति स्थिर है और प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया। बता दें कि ओड़िशा के केबलांग थाना क्षेत्र के लौह अयस्क खदान ले जा रहे विस्फोटक लदे ट्रक को नक्सलियों ने दो दिन पहले लूट लिया था। जिसके बाद दोनों राज्यों की पुलिस सुरक्षा बलों के साथ संयुक्त अभियान चला रही थी।

### जंगलराज वाली सरकार की विदाई हुई तो बिहार का तेजी से होने लगा विकास

# ऑपरेशन सिंदूर तरकश का सिर्फ एक तीर, आतंक का फन फिर उठा तो बिल से खींचकर कुचलेंगे : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**रोहतास।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर बिहार की धरती से आतंकवादियों और उसके सरपरस्तों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि 'आपरेशन सिंदूर' हमारे तरकश का सिर्फ एक तीर है, आतंक का फन फिर उठेगा तो बिल से खींचकर कुचलेंगे। श्री मोदी ने शुक्रवार को रोहतास जिले के बिक्रमगंज में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान के आतंकियों के साथ भारत की लड़ाई रुकी नहीं है और न थमी है। आतंक का फन अगर फिर उठेगा तो बिल से खींचकर कुचलेंगे। चाहे सीमा पार हो या फिर सीमा के अंदर हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राण जाए पर वचन ना जाए। यानी एक बार वचन दे दिया तो वो पूरा होकर ही रहता है। बिहार की धरती से देश को वचन दिया था कि आतंकियों के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। बिहार की धरती पर मैंने कहा था, उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा होगी। आज जब मैं बिहार आया हूं तो अपने वचन पूरा करने के बाद आया हूं। हमारी सेना ने उनके ठिकानों को खंडहर में बदल दिया है।

### सुरक्षा, शांति रहे तभी खुलते हैं विकास के रास्ते



प्रधानमंत्री कहा कि जब सुरक्षा और शांति होती है तभी विकास के रास्ते खुलते हैं। वह दिन दूर नहीं है जब शांति, सुरक्षा, शिक्षा और विकास गांव-गांव तक बिना रुकावट के पहुंचेगा। इस दौरान श्री मोदी ने विपक्ष पर भी निशाना साधा और एनडीए सरकार की तारीफ की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2014 से पहले 125 से ज्यादा जिले नक्सल प्रभावित थे, लेकिन अब सिर्फ 18 जिले नक्सल प्रभावित बचे हैं। अब सरकार सड़क भी दे रही है, रोजगार भी दे रही है। उन्होंने बिना किसी के नाम लिये जंगलराज की बात करते हुए कहा कि जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में जंगलराज वाली सरकार की विदाई हुई तो बिहार भी विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने लगा। श्री मोदी ने कहा कि पटना के बाद अब दरभंगा में भी एयरपोर्ट शुरू हो गया। पटना एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल बनाने की मांग भी पूरी हो गयी। यहां रेलवे की स्थिति में भी सुधार हो रहा है।

### नाम लिये बिना ही राजद सुप्रीमो की आलोचना की

पीएम मोदी ने राजद और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। नाम लिये बगैर उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू यादव की आलोचना की। कहा कि यह काम पहले भी हो सकते थे, लेकिन जिनपर बिहार को आधुनिक ट्रेन देने की जिम्मेदारी थी उन्होंने रेलवे में भर्ती के नाम पर जमीन लूटी। जमीन लूटना, गरीबों को लूटना, उनकी मजबूरी का फायदा उठाना और खुद राजशाही की मौज करना सामाजिक न्याय के उनके यही तरीके थे। पीएम ने सचेत करते हुए कहा कि बिहार के लोगों को उनसे सावधान रहने की भी जरूरत है।

**पीएम मोदी ने बिहार में 48,520 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया :** पीएम मोदी अपने दो दिवसीय बिहार दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को रोहतास जिले के बिक्रमगंज में 48,520 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। इससे पहले पीएम मोदी खुली गाड़ी पर सवार होकर लोगों के बीच से गुजरते हुए मंच तक पहुंचे। गाड़ी पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उपस्थित रहे।

## कार्टून कोना




### एक शिक्षक, दो बेटियां और शिक्षा की जिद की एक असाधारण कहानी

# डोली रुकी, किताबें खुलीं और इतिहास रच गयीं

**हौसले की उड़ान**

**शंकर यादव**

**चौपारण।** हजारीबाग के चौपारण प्रखंड के जमुनियातरी गांव में समय उस वक्त ठहर सा गया था जब बिरहोर जनजाति की दो बच्चियों, किरण और चानवा की जिंदगी एक ऐसे पुराने मोड़ पर पहुंच गयी थी जो सदियों पुरानी कुप्रथा थी। उनकी शादी तय कर दी गई थी। किताबें बंद होने वाली थीं, और डोली उठने वाली थी, लेकिन तब एक शिक्षक जग्गू यादव ने समाज की इस कुप्रथा को चुनौती दी। शिक्षक जग्गू यादव दौड़ पड़े, बिना वक्त गंवाए दोनों के घर पहुँच गए। उन्होंने माँ-बाप को समझाया, बेटियों के सपनों की बात की, लेकिन जवाब में चुप्पी और नकार मिला। वे मायूस लौटे, पर हारे नहीं। अगली सुबह स्कूल के बरामदे में दोनों बच्चियों की आँखें डबडबाई हुई थीं। किरण और चानवा ने रोते हुए कहा, हमें शादी नहीं करनी। हम पढ़ना चाहते हैं। इन आंसुओं ने जैसे एक चिंगारी सुलगा दी। जग्गू यादव फिर से लड़े, इस बार बेटियों के आँसू उनके हथियार थे और शिक्षा उनका लक्ष्य। आखिरकार, समाज झुका। डोली रुकी, और किताबें खुलीं। इस वर्ष 2025 की गर्मियों में किरण ने 409 अंक (80%) और चानवा ने 332 अंक (66%) लाकर मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त किया। यह सिर्फ अंकों की नहीं, बल्कि सपनों की जीत है। यह उस सोच की विजय है, जिसमें बेटियाँ बोझ नहीं, संभावना हैं।



मैट्रिक में प्रथम श्रेणी से पास होने पर उपायुक्त ने किया सम्मानित।

उपायुक्त और स्थानीय थाना प्रभारी ने दोनों को सम्मानित किया। उपायुक्त ने कहा कि ऐसी बेटियां समाज की आशा हैं और इनको बढ़ाना हम सब की जिम्मेवारी। थाना प्रभारी ने दोनों को बहन मानते हुए आजीवन साथ देने का वादा किया। मंच पर उनके साथ खड़े थे शिक्षक जग्गू यादव, जिनकी जिद ने दो बच्चियों को नया रास्ता दिया। सपने के पंख दिये। ये सिर्फ परीक्षा नहीं, परंपरा के खिलाफ उठी कलम की क्रांति है। और यह कहानी बताती है कि शिक्षक अगर ठान ले, तो बेटियाँ इतिहास रच सकती हैं।

# कैप्टन कूल का नया अंदाज : आइपीएल के बाद अब मछली पकड़ते दिखे धोनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आईपीएल से चेन्नई सुपर किंग्स के बाहर होने के बाद महेंद्र सिंह धोनी अपनी सादगी भरी जिंदगी में फिर लौट आए हैं। सोशल मीडिया पर उनकी एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें वे मछली पकड़ते हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में धोनी काले रंग की टीशर्ट पहने हुए हैं, जिस पर 'ड्यूटी', 'ऑनर' और 'कंट्री' लिखा हुआ है। आपको बता दें, धोनी टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं और 2019 में वे जम्मू-कश्मीर में तैनात विक्टर फोर्स के साथ ड्यूटी कर चुके हैं। कहा जा रहा है कि यह नजारा रांची स्थित उनके फार्महाउस का है, जहां वे इन दिनों सुकून के पल बिता रहे हैं।




एमएस धोनी की यह तस्वीर रांची में रहने वाले उनके फैन सुबोध कुमार ने ली है। सुबोध रांची में क्रिकेट एकेडमी चलाते हैं। सुबोध ने बताया कि वह अपने एक दोस्त के साथ धोनी के फार्म हाउस गए थे। इसी दौरान उन्होंने मछली पकड़ते धोनी की यह तस्वीर ली है।

**रिलैक्स मूड में कैप्टन कूल :** रांची में अपने 44 एकड़ के फार्महाउस में खेती, पशुपालन और अब मछली पकड़ना उनका शौक बन गया है। इससे पहले भी वे ट्रैक्टर चलाते और खेत में सब्जियां उगाते नजर आ चुके हैं। धोनी का यह देसी अंदाज फैन्स को काफी पसंद आ रहा है।

# केंद्र प्रायोजित योजनाओं की बकाये का भुगतान हो : राधा कृष्ण किशोर

- वित्त मंत्री ने 16वें वित्त आयोग के समक्ष राज्य की चुनौतियों और आवश्यकताओं को रखा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने 16वें वित्त आयोग के सदस्यों के समक्ष राज्य की चुनौतियों और आवश्यकताओं को रखा। उन्होंने कहा कि झारखंड की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। राज्य को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड की 70-80 प्रतिशत आबादी अपनी आजीविका के लिये कृषि पर निर्भर है, लेकिन सिंचाई क्षमता की कमी और भू-क्षरण की समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 29.74 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है। लेकिन मात्र 24.25 लाख हेक्टेयर में ही सिंचाई क्षमता का सृजन हो पाया है। शेष 14.19 लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने केंद्र प्रायोजित योजनाओं की बकाये का भुगतान करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड एक रेन शैडो राज्य है और प्रत्येक वर्ष के बाद राज्य को सूखा का सामना करना पड़ता है। राज्य का सामान्य वर्षा 1300 मिमी है। लेकिन मात्र 20 प्रतिशत ही वर्षा जल का संचयन हो पाता है। शेष 80 प्रतिशत वर्षा जल बह कर चला जाता है। जिससे भूजल भंडार पर भी कुप्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि भूजल घटकर वर्तमान में 5.76 बिलियन क्यूबिक मीटर रह गया है और प्रति व्यक्ति वार्षिक जल उपलब्धता 1341 क्यूबिक मीटर है। जो जल तनाव की श्रेणी में आता है। राज्य को जल संचयन और भूजल संरक्षण के लिये विशेष प्रयास करने होंगे।

**झारखंड में स्वास्थ्य चुनौतियां :** झारखंड राज्य उग्रवाद और स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहा है। राज्य में उग्रवाद की समस्या लंबे समय से चली आ रही है और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी चिंताजनक है। उग्रवाद झारखंड में एक बड़ी चुनौती है, जो सामाजिक-आर्थिक विषमता और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के कारण फलता-फूलता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व और केंद्र सरकार के सहयोग से उग्रवाद पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया है। लगभग 200 पुलिस कैंप हैं जो हटाए जाने पर पुनः उग्रवाद पनप सकता है।

### केंद्रीय टैक्स रेवेन्यू में राज्यों की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए : कांग्रेस

**रांची।** 16वें वित्त आयोग की बैठक में कांग्रेस विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सूर्यकांत शुक्ला ने शुक्रवार को वित्त आयोग के समक्ष राज्य के विकास के लिए एक मांग पत्र सौंपा। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि पार्टी की ओर से यह मांग की गई कि केंद्रीय टैक्स रेवेन्यू में राज्यों की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए। इसके साथ ही झारखंड की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए पैरामीटर फारेस्ट एंड इकोलॉजी को भी बढ़ाया जाए, क्योंकि राजकोषीय प्रयास में झारखंड बेहतर स्थिति में है, इसलिये राज्य का वेटेज पॉइंट में बदलाव कर इसे बढ़ाया जाए। इसके साथ ट्राइबल सब प्लान में मिल रही राशि कम है जिसमें बढ़ोतरी की भी मांग कांग्रेस की ओर से वित्त आयोग के समक्ष की गई है।

### राज्य भर से हजारों आदिवासी-मूलवासी राजधानी पहुंचे, बोले-

## हेमंत सरकार, जो कहा, वो करो




- झारखंड जनाधिकार महासभा के बैनर तले एक-दिवसीय धरना का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड जनाधिकार महासभा ने शुक्रवार को राज भवन के समीप राज्य सरकार को लंबित घोषणाओं पर चुनावी वादों को याद दिलाने के लिए एक-दिवसीय धरना का आयोजन किया।

धरना की शुरुआत में एलीना होरो ने कहा कि 2024 के विधान सभा चुनाव में भी गठबंधन दलों ने जल, जंगल, जमीन, पहचान और स्वशासन संबंधित कई वादे किए थे। आज फिर से उन्हीं मुद्दों पर लोग सड़क पर आंदोलन करने को मजबूर हैं। आलोका कुजूर ने कहा कि चुनाव में आदिवासी-मूलवासियों ने फासीवादी, सांप्रदायिक और झारखंड विरोधी भाजपा के विरुद्ध इस अपेक्षा के साथ गठबंधन सरकार को चुना था कि जन मुद्दों पर कार्यवाई होगी। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाई नहीं हुई है। बल्कि कई मामलों में तो सरकार ने झारखंडी हित के विपरीत फैसले लिए हैं। यह आदिवासी-मूलवासियों के साथ धोखा है।

सभा को डेमका सोय, हेलन सुंडी, सोमय मार्डी, यूनाइटेड मिली फोरम के अफजल अनीस ने भी संबोधित किया। धरना के अंत में झारखंड जनाधिकार महासभा ने मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। धरना का संचालन रिया तूलिका पिंगुआ और दिनेश मुर्मू ने किया।

## वित्त आयोग के साथ आयोजित बैठक में प्रमुख औद्योगिक संघों को आमंत्रित नहीं करना चिंतनीय : चैंबर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची भ्रमण के दौरान वित्त आयोग के साथ आयोजित बैठक में प्रमुख औद्योगिक संघों को आमंत्रित नहीं करने पर फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और झारखण्ड स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसियेशन ने संयुक्त रूप से आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि उद्योग जगत की भागीदारी और सुझावों को शामिल किये बिना राज्य के विकास के लिए वित्तीय योजनाएं बनाना प्रभावी नहीं हो सकतीं।

चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि आयोग की बैठक में उद्योग विभाग द्वारा प्रदेश के महत्वपूर्ण औद्योगिक संघों को आमंत्रित कर, बिना किसी पूर्व सूचना के बैठक में भाग लेने से रोकना समझ से परे है। औद्योगिक संगठन राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनकी भागीदारी से राज्य के विकास के लिए वित्तीय योजनाएं बनाने में मदद मिल सकती है। प्रमुख संघों की अनुपस्थिति में लिये गये निर्णय और बनाई गई योजनाएं राज्य के विकास को प्रभावित कर सकती हैं। आखिर क्या कारण है कि बैठक से पंद्रह दिनों पूर्व उद्योग विभाग (झारखण्ड) द्वारा सभी औद्योगिक संघों को इस बैठक के लिए सूचित किया गया था। किंतु पता नहीं किन कारणों से ऐन मौके पर आयोग की इस बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया। उद्योग विभाग द्वारा बैठक की रूपरेखा तय करने के कारणों को समझना मुश्किल है लेकिन यह स्पष्ट है कि प्रमुख संघों की अनुपस्थिति में लिये गये निर्णय राज्य के हित में नहीं हो सकते हैं।

जेसिया के अध्यक्ष अंजय पचेरिवाल ने कहा कि आयोग की महत्वपूर्ण बैठक में उद्योग विभाग द्वारा प्रमुख संघों को आमंत्रित कर, बिना किसी पूर्व सूचना के बैठक में आने से वंचित किया जाना चिंतनीय है। यह निर्णय न केवल अस्वीकार्य है बल्कि यह भी दर्शाता है कि राज्य के विकास में स्टेकहोल्डर्स की भागीदारी को महत्व नहीं दिया जा रहा है। हमारा मानना है कि उद्योग विभाग को इस बैठक में सभी प्रमुख संघों की उपस्थिति सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि राज्य के विकास के लिए प्रभावी निर्णय लिये जा सकें।

## संसाधनों के आवंटन में झारखंड के साथ करें न्याय : झामुमो

- वित्त आयोग से झामुमो ने की अहम मांगें
- राज्य की भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये केंद्र से विशेष सहायता की अपील

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो ने 16वें वित्त आयोग के समक्ष राज्य के सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन, पर्यावरणीय चुनौतियों, केंद्र राज्य संबंधों में संतुलन और क्षेत्रीय विषमताओं को उजागर करते हुये कई अहम मांगें रखी हैं।

झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने आयोग के समक्ष आग्रह किया है कि राज्य की विशेष परिस्थिति को ध्यान में रखते हुये वित्तीय सहायता और संसाधनों के आवंटन में झारखंड के साथ न्याय किया जाये।

झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि ये मांगें केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राज्य के सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण से भी जुड़ी हुई हैं। पार्टी का मानना है कि यदि वित्त आयोग इन बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करता है, तो झारखंड को विकास की मुख्यधारा में लाने की दिशा में बड़ा कदम होगा।

**भौगोलिक और संरचनात्मक चुनौतियों से जूझता झारखंड**

झारखंड एक अनुसूचित जनजाति बहुल राज्य है। जो सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से देश के अन्य राज्यों की तुलना में अधिक पिछड़ा हुआ है। राज्य की भौगोलिक विषमतायें, बड़े हिस्से में फैले नक्सल प्रभावित इलाके और दुर्गम क्षेत्र विकास को महंगा और जटिल बना देते हैं। उन्होंने आयोग का इस ओर ध्यान दिलाया कि वर्तमान कर व्यवस्था में अधिकांश कर संग्रहण केंद्र सरकार के द्वारा किया जाता है। इससे बड़े और विकसित राज्यों को अपेक्षाकृत अधिक लाभ मिलता है। वहीं, झारखंड जैसे छोटे और संसाधन आधारित राज्यों को अपेक्षित हिस्सेदारी नहीं मिल पाती। झामुमो की मांग है कि करों के बंटवारे में पिछड़े राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाई जाये। उन्होंने खनिज संपदा से भरपूर झारखंड को इसके दोहरे परिणाम भुगतने पड़ते हैं। एक ओर खनन से मिलने वाला बड़ा आर्थिक लाभ केंद्र को जाता है, तो दूसरी ओर पर्यावरण और सामाजिक नुकसान राज्य को उठाना पड़ता है। झामुमो ने यह मांग रखी है कि डीएमएफटी में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाई जाये।

### केंद्र सरकार के उपक्रमों पर भारी बकाया दिलाएं

झारखंड सरकार के अनुसार केंद्र सरकार के उपक्रमों पर राज्य का करीब 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपये बकाया है। इसे लेकर राज्य सरकार ने कई बार पत्राचार किया है। लेकिन, अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। झामुमो ने वित्त आयोग से अपील की है कि इस राशि की वसूली में राज्य सरकार की मदद की जाये। झारखंड के कई क्षेत्र अनुसूचित पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आते हैं। झामुमो का कहना है कि जैसे छठी अनुसूची वाले क्षेत्रों को विशेष अधिकार और सहायता मिलती है। वैसे ही पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों को भी विशेष वित्तीय सहायता दी जानी चाहिये।

**सूखा प्रभावित जिलों को आपदा राहत सहायता की जरूरत**

राज्य के कई जिले हर वर्ष असामयिक या कम वर्षा के कारण सूखा प्रभावित हो जाते हैं। झामुमो ने आग्रह किया है कि इन क्षेत्रों को आपदा प्रबंधन के तहत विशेष सहायता प्रदान की जाए ताकि कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायित्व मिल सके।

**सीडी अनुपात में सुधार के लिए विशेष पहल की मांग**

झारखंड में कई वर्षों के प्रयास के बावजूद क्रेडिट-डिपॉजिट रेशियो में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है। झामुमो ने वित्त आयोग से आग्रह किया है कि बैंकों को इस दिशा में विशेष निर्देश दिए जाएं ताकि राज्य में ऋण वितरण में वृद्धि हो और आर्थिक गतिविधियों को बल मिल सके।

**घटती केंद्रीय सहायता पर चिंता**

झामुमो ने यह भी कहा कि हाल के वर्षों में झारखंड को मिलने वाली केंद्रीय सहायता में निरंतर गिरावट दर्ज की गई है। यह स्थिति राज्य के विकास के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। वित्त आयोग से आग्रह किया गया है कि राज्य को न्यायसंगत हिस्सेदारी मिले और उसकी वित्तीय स्थिति मजबूत की जाये।

## सरना धर्मकोड की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्य के सभी सांसदों को लिखा पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने झारखंड राज्य के सभी लोकसभा एवं राज्यसभा के सांसदों को वर्षों से आदिवासियों के अस्मिता, अस्तित्व, संस्कृति और अपनी पहचान के लिए सरना धर्मकोड की मांग को लेकर पत्र लिखा है।

इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ने सांसदों को पत्र लिखकर ध्यान आकर्षण कराते हुए कहा कि झारखंड विधानसभा ने विशेष सत्र आहूत कर सर्वसम्मति से 11 नवंबर 2020 बुधवार को आदिवासियों के धार्मिक पहचान, अस्मिता एवं अस्तित्व के लिए आगामी जनगणना कॉलम में अलग से 07वां नंबर सरना धर्म कोड जोड़ने का प्रस्ताव पारित हुआ है। उसी के आलोक में मंत्रीमंडल सचिवालय झारखंड सरकार ने पत्र संख्या- 1382 दिनांक 03 दिसम्बर 2020 को गृह मंत्रालय के सचिव को पत्र भेजा है।

ध्यातव्य है कि झारखंड एक आदिवासी बहुल्य राज्य है। लंबे अरसे से आदिवासी समाज जनगणना कॉलम में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन एवं बौद्ध की तरह आदिवासी धर्म कॉलम में पृथक सरना धर्मकोड शामिल करने की मांग की जा रही है। झारखंड एवं अगल-बगल के राज्यों के साथ देश के अन्य राज्यों में एक बड़ी आबादी सरना धर्म को मानने वाली है। ये लोग प्राचीन परंपरा एवं प्रकृति के उपासक हैं। प्राचीनत्तम सरना धर्म का जीता-जागता धर्म -जल, जंगल और प्रकृति है। सरना धर्म की संस्कृति पूजा, पद्धति आदर्श मान्यताएं प्रचलित सभी धर्मों से भिन्न है। आदिवासी समाज प्रकृति के पूजारी है। पेड़-पौधों, पहाड़ों की पूजा तथा जंगलों को संरक्षण देना अपना धर्म मानते हैं।

आज पूरा विश्व बढ़ते प्रदूषण एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर चिंतित हैं, वैसे समय में जिस धर्म की आत्मा ही प्रकृति एवं पर्यावरण की रक्षा है, उसको मान्यता मिलने से भारत ही नहीं पूरे विश्व में प्रकृति प्रेम का संदेश फैलेगा। आदिवासी सरना सुमदाय पिछले कई वर्षों से अपने धार्मिक अस्तित्व की रक्षा के लिए जनगणना कोड में प्रकृति पूजक सरना धर्मावलंबियों को शामिल करने की मांग को लेकर संघर्षरत है। प्रकृति पर आधारित आदिवासियों के पारंपरिक धार्मिक अस्तित्व के रक्षा की चिन्ता निश्चित तौर पर एक गंभीर सवाल है। केशव महतो कमलेश ने राज्य के सभी सांसदों से निवेदन करते हुए कहा कि आपके माध्यम से सड़क से सदन तक आदिवासियों के अस्तित्व, अस्मिता एवं पहचान के लिए एक स्वर में सरना धर्म पृथक कोड की मांग मजबूती के साथ उठाने का कष्ट करेंगे।

### लेवी वसूली से जुड़े दो अन्य मामले में टीपीसी के रीजनल कमांडर आक्रमण को एनआईए ने लिया न्यायिक हिरासत में

**रांची।** चतरा के टंडवा में मगध व आम्रपाली कोयला परियोजना में टेरर फंडिंग से जुड़े केस के बाद टीपीसी के रीजनल कमांडर आक्रमण उर्फ रवींद्र गंझू उर्फ नेताजी को एनआईए के दो और मामलों में न्यायिक हिरासत में लिया गया है। इससे पूर्व आक्रमण को एनआईए कोर्ट में आज पेश किया गया। यह मामला चतरा में लेवी वसूली से जुड़ा है, जिसमें एनआईए 7/ 2018 एवं एनआईए 8/ 2018 ने दर्ज की है। एनआईए 7/ 2018 में आक्रमण के अलावा कमलेश गंझू, बृजेश गंझू, मुकेश गंझू, कोहराम, लक्ष्मण गंझू, और कर्मपाल गंझू आरोपी शामिल है। वहीं एनआईए 8/ 2018 में आक्रमण के अलावा श्याम भोक्ता, परमजीत, विकास, नागेश्वर गंझू, प्रेम सागर महतो, उचित महतो एवं अमित सिंह आरोपी शामिल हैं। यह मामला एनआईए 7/ 2018 चतरा के हंटरगंज थाना के कांड संख्या 40/ 2025 से जुड़ा है।

## हर स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध हो एंबुलेंस : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि एक ओर केंद्र सरकार आदिम जनजाति जैसे वंचित समुदाय की प्रगति और कल्याण के लिये अनेक योजनाएं और प्रयास कर रही है। वहीं, दूसरी ओर राज्य सरकार इस समुदाय की गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल पहुंचाने तक की व्यवस्था नहीं कर पा रही है।

उन्होंने बताया कि भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गढ़वा अस्पताल रेफर किये गये आदिम जनजाति समुदाय के मरीज को ले जा रही 108 एंबुलेंस बीच रास्ते में खराब हो गई। फिर, घंटों इंतजार के बाद भी दूसरी एम्बुलेंस नहीं पहुंची। इससे मरीज को वापस भवनाथपुर अस्पताल लाना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि चिंताजनक बात यह है कि एंबुलेंस की खराबी की जानकारी पहले से जिला प्रशासन को दी गई थी। लेकिन फिर भी सुधार नहीं कराया गया। यह स्थिति बताती है कि वंचित समुदाय की आवश्यकताओं को प्राथमिकता नहीं दी जा रही।

उन्होंने कहा कि जब तक राज्य सरकार इस तरह की लापरवाही और असंवेदनशीलता को नहीं सुधारेगी, तब तक केंद्र सरकार की योजनाएं भी धरातल पर सफल नहीं हो पायेंगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि सिविल सर्जनों को निर्देश देकर जिलों के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

## इंडी गठबंधन के नेता अब ले रहे फेक न्यूज का सहारा : प्रतुल शाहदेव

- भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का पराक्रम सिद्ध किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आश्चर्य व्यक्त किया कि इंडी गठबंधन के नेता हताशा में फेक न्यूज पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो दोनों ये कह रही हैं कि भाजपा सिंदूर यात्रा निकालने वाली है। जबकि, यह पूर्णतः फेक न्यूज है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के पराक्रम का पूरे विश्व ने लोहा माना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में सैन्य बलों ने दुश्मन के घर के भीतर घुसकर आतंकी ठिकानों पर हमला किया। पूरे विश्व में भारत की प्रशंसा हो रही है और यह मान लिया गया है कि आतंकवादी घटनाओं के खिलाफ भारत का यही न्यू नॉर्मल रिएक्शन रहेगा।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता से बदहवास होकर गठबंधन के नेता अब फेक न्यूज पर भी अपनी प्रतिक्रिया देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि पहले पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा सिंदूर यात्रा निकालने जा रही है। अब तो झामुमो और कांग्रेस भी फेक न्यूज पर प्रेस कांफ्रेंस करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तानियों और आतंकियों को इस बात का करारा जवाब था कि धर्म पूछकर सिंदूर उजाड़ने वालों का क्या हश्र होता है। पूरे देश की जनता ने एक स्वर में इस ऑपरेशन के समय सरकार के साथ खड़े होकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। लेकिन, यह तो राजनीति की गिरावट की हद हो गई कि अब फेक न्यूज पर राष्ट्रीय दल और क्षेत्रीय दल के प्रतिनिधि प्रेस कांफ्रेंस करके प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## सरना धर्म कोड की मांग को लेकर 5 जून को राजभवन के समक्ष झामुमो का धरना-प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** जनगणना प्रपत्र में अलग 'सरना धर्म कोड' देने की मांग को लेकर झारखंड की सत्तारूढ़ राजनीतिक पार्टियां कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ज्यादा आक्रामक नजर आ रही हैं। अभी 26 मई को झारखंड कांग्रेस की ओर से राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन और 27 मई को झामुमो की ओर से राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन के कुछ ही दिन बीते हैं कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने एक और प्रदर्शन की घोषणा कर दी है।

**5 जून को राजभवन के समक्ष झामुमो का प्रदर्शन : सुप्रियो**

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि झामुमो ने पहले से ही घोषणा कर रखा है कि अलग सरना धर्म कोड की मांग पूरी होने तक चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। उसी कड़ी में 27 मई को राज्यव्यापी आंदोलन के बाद अब 5 जून को राजभवन के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि अलग सरना धर्म कोड जनजातीय समुदाय की पहचान और अस्मिता से जुड़ा हुआ मामला है।

उन्होंने कहा कि पार्टी जनजातीय समुदाय की इस मांग के साथ खड़ी है और 05 जून को राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर राज्यपाल के माध्यम से देश की राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 5 जून के धरने में मुख्यमंत्री सह जेएमएम के अध्यक्ष हेमंत सोरेन के भी शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

**सीएम हेमंत के शरीर में आंदोलनकारी का खून : मनोज पांडेय**

क्या अलग सरना धर्म कोड की मांग को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष खुद 5 जून को सड़क पर उतरेंगे, इस सवाल का सीधा जवाब देने की जगह पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि उनके नेता हेमंत सोरेन के शरीर में उसी आंदोलनकारी का खून दौड़ रहा है जिसने लड़कर अलग झारखंड राज्य का निर्माण करवाया।

उन्होंने कहा कि आज अगर हक और अधिकार की बात आई और जरूरत पड़ी तो एक-एक कार्यकर्ता के साथ कंधा से कंधा मिलाकर मुख्यमंत्री और पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन साथ चलेंगे।

झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि अलग सरना धर्म कोड की मांग निश्ति रूप से हमारे लिए एक बड़ा मुद्दा है और हम इसे निर्णायक मुकाम तक पहुंचाने के लिए जोरदार आंदोलन करेंगे।

## सीटू की सीएमपीडीआई शाखा ने 56वां स्थापना दिवस मनाया




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नेशनल कोल ऑरगेनाइजेशन इम्प्लाइज एसोसियेशन (सीटू) के सीएमपीडीआई शाखा के तत्वावधान में शुक्रवार को सीएमपीडीआई परिसर में अपना 56वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया।

ऑल इंडिया कोल वर्कर फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष तथा जेबीसीसीआई के स्टैंडर्डराइजेशन कमेटी के सदस्य आर.पी. सिंह ने यूनियन का झंडा फहराया।

इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि सीएमपीडीआई और सीसीएल शाखा के सदस्यों की सहभागिता से यह आयोजन सफल रहा और इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। मौके पर उन्होंने अपने यूनियन द्वारा चलायी जा रही गतिविधियों एवं कोल इंडिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

इस अवसर पर यूनियन के सीएमपीडीआई (मुख्यालय)-रांची, सीसीएल-रांची एवं क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के शाखा के प्रतिनिधि/सदस्य कॉमरेड समीर विश्वास, प्रलय भट्टाचार्जी, रोहित सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, विनोद सिंह, सुभाशीष बनर्जी, नरेंद्र सिंह, साजिदा खातून, गीता देवी, सिद्धिकी बेगम आदि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

ठगी के पैसे से खरीदा एसी, फ्रीज व मोबाइल

# 24 घंटे के अंदर साइबर अपराधी देवघर से धराया

**रांची।** राजधानी की साईबर थाना की पुलिस ने वॉटसएप पर लिंक भेजकर एक लाख आठ हजार चार सौ उन्नासी रूपये की ठगी करनेवाले साईबर अपराधी अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। वह देवघर का रहनेवाला है। अभियुक्त के पास से साईबर ठगी के राशि से खरीदे गये एसी, फ्रीज व दो मोबाइल को पुलिस ने जब्त कर लिया है।


डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि 28 मई 2025 को सदर थाना क्षेत्र के शिव शक्ति नगर, कोकर के सूरज साहेब ने साईबर अपराध थाना रांची में आवेदन दिया था। जिसमें उन्होंने 20 मई को आरबीएल क्रेडिट कार्ड के चार्ज काटने के नाम पर वॉट्सप में लिंक एवं एपीके फाईल भेजकर शिकायतकर्ता के आरबीएल क्रेडिट कार्ड से कुल 1,08,479 रुपये का अवैध निकासी कर एमेजॉन से आर्डर कर लिया गया है। उक्त आवेदन पर साईबर अपराध थाना में कांड दर्ज किया गया। जिसके उपरांत एसआईटी गठन किया गया। अनुसंधान में साईबर अपराध थाना राँची से प्राप्त तकनीकि डेटा के आधार पर जानकारी मिली कि वादी के क्रेडिट कार्ड से साईबर ठगी हुए राशि का उपयोग कर एसी, फ्रीज एवं मोबाईल फोन आर्डर किया है जिसे देवघर में डिलीवर किया गया है। जिसके एसआईटी और पुलिस ने अभियुक्त अजय कुमार को देवघर से गिरफ्तार कर खरीदे गये सामान को बरामद किया। पुलिस टीम में मनीषा कुमारी, राहुल कुमार मिश्रा, आकाश कुमार सिंह, पंकज कुमार, प्रशांत कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी थे।

केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारी बनकर मनी लॉन्ड्रिंग में फंसाने की धमकी देकर की थी ठगी

# एक करोड़ 39 लाख 70 हजार की साइबर ठगी में तीन अपराधी तेलंगना और मिजोरम से गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सीआईडी अंतर्गत साईबर थाना की पुलिस ने वॉटस्अप कॉल के जरीए साईबर अपराधियों द्वारा सीबीआई, एनसीबी व एनआईए जैसे केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारी बताकर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे अपराध में झूठा फंसाने की धमकी देने और तत्काल पीड़िता को भयभीत कर एक करोड़ 39 लाख 70 हजार की साईबर ठगी की घटना में तीन साईबर अपराधियों को तेलंगना और मिजोरम से गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में 14 मई 2025 को साईबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्त



में आये अभियुक्तों के पास से कांड से संबंधित सामानों को बरामद किया गया है।

गिरफ्तार साईबर अपराधियों में बी. इसाक अहमद, कुन्नापुल्ली सुब्रमण्या शर्मा और लालदुहसंगा शामिल है। इनके पास से चार मोबाइल, चार सिम, पांच एटीएम कार्ड, एक लैपटॉपख तीन चेकबुक, एक पेनड्राईव, एक आधार कार्ड, एक वोटर कार्ड और कांड से संबंधित वॉटस्अप चैट बरामद की गई है।

गौरतलब है कि साइबर अपराधी स्वयं को केंद्रीय प्रर्वतन एजेंसियों का अधिकारी बताकर पीड़ित को वीडियो कॉल करता है। कॉल के दौरान अपराधी सरकारी वर्दी पहने व्यक्ति का वीडियो दिखाकर विश्वास दिलाता है कि पीड़ित का नाम मनी लॉन्ड्रिंग या किसी अन्य गंभीर मामले में शामिल है। फिर 'डिजिटल अरेस्ट' की धमकी देकर पीड़ित को मानसिक रूप से भयभीत करता है। इस भय का लाभ उठाकर आरोपी पीड़ित से तगी के उद्देश्य से तत्काल भुगतान की मांग करता है। भुगतान के लिए बैंक अकाउंट डिटेल्स साझा की जाती हैं। पीड़ित से एक या एक से अधिक बार में बड़ी धनराशि ट्रांसफर करवा ली जाती है।

## दुबई स्थित साइबर क्राइम सिंडिकेट के साथ तालमेल

इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्त ने कुनापुली इंपेक्स प्राईवेट लिमिटेड के नाम पर आईसीआईसीआई में एक खाता खुलवाया था। उसी खाते में पीड़ितों से ठगे गये पैसे जमा कराये जाते थे ताकि धोखाधड़ी की रकम को अन्य खाता में हस्तांतरण किया जा सके। केवल एक दिन में इस खाते में कुल एक करोड़ 72 लाख 94 हजार, एक सौ रूपया क्रेडिट हुआ है। एनसीआरपी पर इस खाते से संबंधित विभिन्न राज्यों (झारखण्ड-1, पश्चिम बंगाल-2, तमिलनाडु-03, गोवा-02, बिहार-01, महाराष्ट्र-01, आंध्र प्रदेश-01, केरल 01, मध्य प्रदेश-01, तेलंगाना-01, तथा उत्तर प्रदेश-01) में कुल 15 शिकायतें दर्ज की गई है तथा यस बैंक खाता संख्या 015320700000214 में कुल 03 शिकायतें (उत्तर प्रदेश-02 तथा तेलंगान-01) दर्ज है। कुनापुली सुब्रमण्या शर्मा की जांच में खुलासा हुआ कि वह दुबई स्थित साईबर क्राईम सिंडिकेट के साथ करीबी तालमेल में काम कर रहा था। यह सिंडिकेट दुबई में खोले गये प्रॉपराईटरशिप फर्मों और बैंक खातों के माध्यम से काम करता था, साथ ही भारत स्थित बैंक खातो का इस्तेमाल पीड़ितों से प्राप्त धन को ट्रांसफर करने के लिए किया जाता था।

# महिलाओं से संबंधित आपराधिक मामलों पर पुलिस की रहेगी प्राथमिकता : सिटी एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के नये सिटी एसपी अजीत कुमार और ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार संयुक्त रूप से शुक्रवार को जिले के सभी डीएसपी व थानेदारों के साथ समीक्षा बैठक की। दोनों अधिकारियों ने बैठक के दौरान स्पष्ट रूप से कहा कि पुलिसिंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। पुलिस के लिए आम लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है। अपराधिक वारदातों पर हर हाल में अकुंश लगाना होगा। बीट प्रणाली को मजबूत करने व स्थान बदल-बदल कर एंटी क्राईम चेकिंग करने का सभी थानेदार को निर्देश दिया गया है। सिटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि बैठक के दौरान मुख्यतः तीन बिंदुओं पर पुलिस को प्राथमिकता के तौर पर कार्य करने का निर्देश दिया गया है। जिसमें पहला चार वर्ष से पुराने महिलाओं से संबंधित वैसे मामलें पोक्सो, यौन उत्पीड़न, एनडीपीएस, संगठित अपराधिक घटनाओं पर पुलिस को निष्पादित करने। दूसरा केस के अनुसंधान गुणवत्तापूर्ण करने और तीसरा आम लोगों के साथ पुलिस को मित्रवत व्यवहार करने का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है।




> पुलिस थानों में थानेदार या अन्य पुलिसकर्मी की अगर आम लोगों से दुर्व्यवहार की शिकायत मिलेगी तो कार्रवाई होगी। पीड़ित व आम लोग कार्यालय में आकर मुझसे सीधे मिल सकते हैं।
>
> **अजीत कुमार, सिटी एसपी,**

# लॉ यूनिवर्सिटी के पास से हथियार और गोली सहित युवक गिरफ्तार

कांके थाना पुलिस ने छापामारी की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांके थाना पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त शमशाद आलम बिहार के मुजफ्फरपुर का रहनेवाला है, जो वर्तमान में गोंदा थाना क्षेत्र के टिंबर गली में रहता है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक देसी पिस्टल व दो कारतूस जब्त की है। इस संबंध में डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि डीएसपी मुख्यालय-1 के दिशा निर्देश में क्षेत्र में सधन गश्ती एवं एन्टी क्राईम चेकिंग लगातार की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार की रात्रि को कांके थाना क्षेत्र के गश्ती पदाधिकारी को सूचना मिली की लॉ यूनिवर्सिटि के आगे रिंग रोड के ओवर ब्रीज के नीचे एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में हथियार के साथ बैठा हुआ है। गश्ती पदाधिकारी जैसे ही उक्त स्थल पर पहुंचे तो एक व्यक्ति बुकरू की तरफ भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध व्यक्ति को दौड़ाकर पकड़ा। अभियुक्त की तलाशी लिये जाने पर उसके पास से एक 7.65 एमएम का पिस्टल एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्त में आये अभियुक्त ने बताया कि वह इलेक्ट्रिशियन का कार्य करता है तथा साथ ही बैट्री सप्लाई भी करता है। हथियार के संबंध में पूछे जाने पर गिरफ्तार व्यक्ति ने बताया कि वह मुंगेर, बिहार से खरीदकर लाया था।

खबर एक नजर में

## संत जेवियर्स महाविद्यालय रांची और लोयला ट्रेनिंग सेंटर के बीच हुआ करार



**रांची।** कौशल प्रशिक्षण को मजबूत करने के लिए संत जेवियर्स महाविद्यालय रांची व लोयला ट्रेनिंग सेंटर के बीच शुक्रवार को करार हुआ। इस दौरान अगले पांच साल के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे व लोयला ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक फादर मार्क मुकुल लकड़ा, एसजे ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू के तहत दोनों संस्थानों का मुख्य उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण को और सशक्त करना होगा। अब दोनों संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थी को प्रशिक्षण संबंधित बहुउद्देशीय ज्ञानार्जन कर सकेंगे। हस्ताक्षर के दौरान उप प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज, एसजे, डीएसडबल्यू डॉ संजय सिन्हा, आइक्यूएसी संयोजक डॉ शिव कुमार, प्रो गौतम रूद्रा उपस्थित थे।

## मैट्रिक में मदरसा की बच्चियों ने परचम लहराया

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा (मैट्रिक) 2025 में एक बार फिर बेटियों ने परचम लहराया है। इस परीक्षा में सम्मिलित छात्राओं में 92.38 प्रतिशत छात्राओं ने सफलता प्राप्त की, जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 90.36 प्रतिशत रहा है। मदरसा कुल्लियातुल बनात परहेपाट रातु रांची की छात्रा नफीसा अख़्तर पिता हाफिज अख्तर सुंदरू 77.8 प्रतिशत अंक लाकर मदरसा के पहले स्थान पर रही। दूसरे पर रहनुमा शाकिर और नाजनीन रही। इस परीक्षा में मदरसा कुल्यतुल बनात कि 12 छात्राएं सम्मिलित हुए। जिनमें सभी छात्राएं सफल घोषित किए गए। इस तरह, पिछले वर्ष की तुलना में इस बार परिणाम में और सुधार आया है। मदरसा के प्रिंसिपल हजरत मौलाना अब्दुल्लाह नदवी ने कहा कि हमारे यहां आलिमा कोर्स के साथ मदरसा में मैट्रिक भी कराया जाता है। बच्चियों को हाई सिक्यूरिटी हाई एजुकेशन स्वच्छ माहौल में दिया जाता है। मदरसा के नाजिम हजरत मौलाना निजामुद्दीन नदवी ने मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली सभी छात्राओं को बधाई दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बिड़ला मैदान से ब्राउन शुगर सहित युवक धराया



**रांची।** सुखदेव नगर थाना की पुलिस ने नशा कारोबार में शामिल एक युवक मोहित कुमार को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त गांधी नगर, गोंदा का रहनेवाला है। पुलिस ने इसके पास से 12 पुड़िया ब्राउन शुगर (1.43 ग्राम), मोबाइल और एक सफेद रंग की स्कूटी (जेएच01 बीएस-9509) जब्त की है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिड़ला मैदान स्थित सरना स्थल के पास अवैध नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री हो रही है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम मैदान में छापामारी करने पहुंची। इसी दौरान पुलिस वाहन को देखकर भाग रहे एक युवक मोहित कुमार को पकड़ा गया। वहीं एक युवक ताहा खान (भिठ्ठा, गोंदा) भाग निकलने में सफल रहा। गिरफ्त में आये युवक मोहित की तलाशी लेने पर उसके पास से ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह अपने दोस्त ताहा खान के साथ ब्राउन शुगर की अवैध खरीद-बिक्री करता है।

# बीएयू के रिक्त पदों पर बहाली शीघ्र होगी : शिल्पी नेहा तिर्की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग के माध्यम से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षकों, वैज्ञानिकों और पदाधिकारियों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिये राज्य सरकार अपनी ओर से कारगर पहल करेगी। वह शुक्रवार को बीएयू में बैठक कर रही थीं। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया की जेपीएससी को अब तक नियुक्ति के लिए जो अधियाचना भेजी गई है, उन कागजातों की प्रति उन्हें यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाये। ताकि वह अपने स्तर से आवश्यक पहल कर सकें। उन्होंने विश्वविद्यालय को अपने आंतरिक स्त्रोतों से राजस्व बढ़ाने की सलाह दी है और हर छोटी जरूरत के लिए भी उसे राज्य सरकार पर निर्भर नहीं रहना पड़े। उन्होंने विश्वविद्यालय के कामकाज पर संतोष व्यक्त



किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जिन गांवों में तकनीकी विकास कार्यक्रम चल रहा है, वहां उसका प्रभाव दिखना चाहिये। उन्होंने कहा कि बीएयू के तकनीकी सहयोग से राज्य सरकार अक्टूबर में मोराबादी मैदान में एक विराट कृषि मेला का आयोजन करेगी। इस अवसर पर बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने वर्ष 2024-25 की उपलब्धियां का ब्योरा तथा वर्ष 2025-26 की कार्य योजना की रूपरेखा मंत्री के समक्ष रखी। बैठक में कांके के विधायक सुरेश कुमार बैठा, कृषिए पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के विशेष सचिव प्रदीप कुमार हजारी तथा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

आरोप : 18 साल भाजपा वाले सोये रहे, अब फ्लाइओवर पर शो-ऑफ कर रहे

# विकास की नींव हमारी और स्टंट उनका : इरफान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं विधायक सीपी सिंह द्वारा राजधानी के फ्लाईओवरों पर बाइक राइड करते हुये की गई प्रचारात्मक गतिविधियों पर प्रतिक्रिया देते हुये स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने तीखा प्रहार किया है। डॉ अंसारी ने कहा कि 18 वर्षों तक झारखंड की सत्ता में रहते हुये जिन नेताओं से एक ढंग का फ्लाईओवर तक नहीं बन सका, वे आज उन्हीं फ्लाईओवरों पर कैमरा लेकर रेस लगा रहे हैं। मानो ये उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि हो। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि जिन परियोजनाओं की आधारशिला हमारी महागठबंधन की सरकार द्वारा रखी गई, जिनके लिये जनसमर्पित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अथक परिश्रम किया। जिन सपनों को वर्षों तक भाजपा ने ठगने और टालने का काम किया, आज जब वे धरातल पर खड़ी हुई हैं। तो भाजपा नेता केवल दिखावे की राजनीति में सक्रिय हो गये हैं। उन्होंने कहा कि जब हमने विकास की ईंट रखी। तब इन्होंने हमारा पुतला जलाया। जब जनता के लिए काम किया, तब अफवाहें फैलाई। और अब जब वही फ्लाईओवर जनता को समर्पित हो चुका है, तो भाजपा नेता बाइक स्टार्ट कर शो ऑफ में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों की निष्क्रियता और झूठे वादों के बाद अब भाजपा के नेता उन्हीं परियोजनाओं की चमक में अपनी राजनीतिक छवि चमकाना चाह रहे हैं। जिन्हें उनके कार्यकाल में वर्षों तक रोका गया।

## मंत्री इरफान अंसारी ने परिजनों को शव दिलाकर जीता दिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की पहल पर बालूमाथ के वरिष्ठ और कर्मठ पत्रकार विनय सिंह का शुक्रवार को प्रात: रांची स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दुखद निधन होने के बाद शव उनके परिजनों को दिलाया गया। जानकारी के अनुसार, कल रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें तत्काल रांची लाया गया था। उन्हें बरियातू स्थित हेल्थ पॉइंट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत को देखते हुये डॉक्टरों ने उन्हें आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा।



अत्यधिक प्रयासों के बावजूद डॉक्टर विनय सिंह की नाजुक हालत को संभाल नहीं सके और उनका निधन हो गया। दुख की इस घड़ी में परिजनों ने इलाज में लापरवाही और असंवेदनशील अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाये है। सबसे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तब उत्पन्न हुई जब बकाया बिल का हवाला देते हुये अस्पताल प्रबंधन ने शव को परिजनों को सौंपने से इनकार कर दिया। जब इसकी जानकारी स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को हुई, तो उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप किया। उनके निर्देश पर अस्पताल प्रशासन को शव तुरंत परिजनों को सौंपना पड़ा। मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि राज्य के किसी भी अस्पताल को मृत्यु के उपरांत शव को बकाया राशि के नाम पर रोकने का कोई अधिकार नहीं है। इस पहल के लिए दिवंगत पत्रकार विनय सिंह के परिजनों और समस्त पत्रकार समाज ने मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# रांची नगर निगम की पहल: नेचुरल कॉल पर महिलाओं को अब नहीं होगी झिझक, मोरहाबादी में बनेगा पहला 'पिंक टॉयलेट'

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची की महिलाएं अब सार्वजनिक स्थलों पर नेचुरल कॉल की स्थिति में खुद को असहज महसूस नहीं करेंगी। रांची नगर निगम शहर की महिलाओं को स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में 'पिंक टॉयलेट' निर्माण की पहल कर रहा है। इस योजना के तहत पहले चरण में मोरहाबादी स्थित वेंडर मार्केट परिसर में अत्याधुनिक पिंक टॉयलेट का निर्माण किया जाएगा।

**अन्य आवश्यक सुविधाएं होंगी उपलब्ध** : इस टॉयलेट में केवल शौचालय ही नहीं, बल्कि स्नानघर (बाथरूम) और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इसे पूरी तरह से महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया जाएगा, जिससे वे आत्मसम्मान के साथ स्वच्छता सुविधाओं का लाभ उठा सकें।




**निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने दी जानकारी** : नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा की पदाधिकारी डॉ. किरण ने जानकारी दी कि पिंक टॉयलेट की यह योजना महिलाओं की सुविधा को प्राथमिकता देने की सोच का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के अंतर्गत कई ऐसे क्षेत्र चिह्नित किए जा रहे हैं, जहां महिलाओं को सार्वजनिक सुविधाओं की कमी महसूस की जाती है। अब उन स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से पिंक टॉयलेट का निर्माण किया जाएगा।

**कई जगह बनाए जाएंगे पिंक टॉयलेट** : डॉ. किरण ने यह भी बताया कि मोरहाबादी के अलावा रांची के स्वामी विवेकानंद स्मृति पार्क के समीप स्थित वेंडर मार्केट के पास भी एक और पिंक टॉयलेट का निर्माण प्रस्तावित है। निगम इन शौचालयों का संचालन और रखरखाव स्वयं करेगा, ताकि स्वच्छता और सुरक्षा के मानकों से कोई समझौता न हो।

## पिंक टॉयलेट योजना का उद्देश्य

पिंक टॉयलेट योजना का उद्देश्य महिलाओं को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं प्रदान करना है, जिससे उन्हें बाहर निकलने में असुविधा न हो और वे आत्मनिर्भर महसूस करें। यह पहल न केवल स्वच्छ भारत मिशन को मजबूती प्रदान करेगी, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक सराहनीय कदम होगा।

## स्थानों को किया जा रहा है चिन्हित

नगर निगम द्वारा महिलाओं की सुविधा के लिए उठाया गया यह कदम राजधानी में सामाजिक ढांचे को और अधिक महत्वपूर्ण बनाने का प्रयास है। आने वाले दिनों में शहर के प्रमुख स्थानों जैसे बस स्टैंड, बाजार, पार्क आदि को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा।

# हॉकी कोच प्रतिमा बरवा को पैरालिसिस अटैक आया, आइसीयू में चल रहा इलाज

चिकित्सकों की टीम लगातार रख रही है निगरानी

> खिलाड़ी, कोच, खेलप्रेमी और प्रशासक सभी उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कर रहे हैं प्रार्थना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** खेल विभाग द्वारा संचालित खूंटी स्थित आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र की प्रमुख कोच प्रतिमा बरवा को गुरुवार शाम अचानक पैरालिसिस का अटैक आया था, उन्हें रांची के पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल वे आईसीयू में जीवन रक्षक निगरानी में हैं। उनकी हालत को लेकर चिकित्सकों की टीम लगातार निगरानी रखे हुए है।



प्रतिमा बरवा के अचानक बीमार पड़ने की खबर से राज्य के खेल जगत में चिंता की लहर दौड़ गई है। खिलाड़ी, कोच, खेलप्रेमी और प्रशासक सभी उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना कर रहे हैं। उनके शिष्यों और सहयोगियों ने सोशल मीडिया और विभिन्न मंचों पर उनके लिए भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं। कई पूर्व खिलाड़ियों ने उन्हें 'मां समान कोच' बताते हुए भावुक संदेश साझा किए हैं।

उनके मार्गदर्शन में भारतीय टीम के वर्तमान कप्तान सलीमा टेटे जैसी खिलाड़ी उभर कर सामने आई हैं। कोच प्रतिमा बरवा न सिर्फ एक कुशल प्रशिक्षक हैं, बल्कि झारखंड महिला हॉकी की रीढ़ मानी जाती हैं। वे पूर्व में सिमडेगा के आवासीय बालिका हॉकी सेंटर में भी कोच रही हैं, जहां उन्होंने देश को कई अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी दी हैं।

उनके मार्गदर्शन में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित सलीमा टेटे सहित संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग, रजनी केरकेप्ता और सुषमा कुमारी जैसी प्रतिभाएं निकलीं। जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में झारखंड और भारत का नाम रोशन किया है।

# विकास और विरासत को समर्पित था अहिल्याबाई का सुशासन : शिवप्रकाश

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-मोदी सरकार में नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति बनी

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि विकास और विरासत को समर्पित था अहिल्याबाई का सुशासन। वह शुक्रवार को हरमू रोड स्थित कॉर्निवाल में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के 300वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह आयोजन भाजपा रांची महानगर की ओर से किया गया था। इसकी अध्यक्षता वरूण साहू ने की। उन्होंने रानी अहिल्या बाई के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई शक्ति और भक्ति की समुच्चय थीं। उन्होंने अपने को कभी रानी नहीं माना। बल्कि भगवान शिव के सेवक के रूप में राजकाज का संचालन किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई समता और ममता की भावनाओं से ओतप्रोत थीं। यह उनके निर्णयों और सोच में लगातार परिलक्षित होता रहा है। उन्होंने कहा कि अपने शासन में गरीब कल्याण, नारी सशक्तिकरण पर बल दिया। आज से 300 वर्ष पूर्व सुशासन को भी स्थापित किया। इसमें अपने पुत्र को भी दंडित करने का निर्णय बेमिसाल उदाहरण है। उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण के लिये योजनायें बनाईं। बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने की दिशा में कार्य किये। भूमिहीनों को पट्टे दिये। सिंचाई की उत्तम व्यवस्था की। जनजाति समाज के लिये राज्य को प्राप्त कर से अलग फंड बनाये। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में उनके कार्य आज प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम की परिकल्पना अहिल्याबाई होलकर की है। उन्होंने भारत की सनातन परम्परा, जिसे विधर्मियों ने नष्ट करना चाहा था, उसे पुनर्स्थापित किया। उन्होंने अपने 28 वर्षों के सुशासन में विकास और विरासत के आदर्श को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा जनसेवा और सांस्कृतिक उत्थान के लिए संकल्पित और समर्पित है। मंच संचालन विकास प्रीतम ने किया।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारत ने नारी शक्ति को सदैव महिमा मंडित किया है। जब दुनिया के अन्य देश में महिलाएं अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रही थीं उस वक्त भारत में नारियां सभी क्षेत्रों में अपना बहुमूल्य योगदान दे रही थीं। रानी अहिल्याबाई होलकर भारत ही नहीं विश्व की नारी शक्ति के लिये प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति बनी है।

केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि देश को विकसित और आत्म निर्भर बनाने में महिला शक्ति का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि आज सिंदूर ऑपरेशन की सफलता भारत की सेना में योगदान दे रही बेटियों और बहनों के कारण है। डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि भारत के हजार वर्षों की गुलामी ने राष्ट्रीय चरित्र को मिटाने की हर संभव कोशिश की। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर के सुशासन ने यह साबित कर दिया था कि सिर्फ पुरुष ही नहीं महिला भी राष्ट्रीय चरित्र का नेतृत्व कर सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जाग रहा है। अपनी परंपरा संस्कृति से जुड़ रहा है। अपने प्राचीन गौरवशाली इतिहास पर गौरवान्वित हो रहा है। भारत अब विश्व विजेता बनने की दिशा में अग्रसर है।

कार्यक्रम को विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, आरती सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, सीमा पासवान, शिवपूजन पाठक, शशांक राज, सत्यनारायण सिंह, मनोज मिश्रा, केके गुप्ता, सुबोध सिंह गुड्डू, संजय जयसवाल, ओम प्रकाश, संजीव विजयवर्गीय, सीमा शर्मा, रमेश सिंह, काजल प्रधान, राजीव रंजन मिश्रा, राहुल अवस्थी, ललित ओझा, ऊषा पांडेय, राजश्री जयंती, जितेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

## राजधानी में होटल रमादा बाय विन्धम का भव्य शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारत सहित विदेशों में ग्राहकों के बीच अपनी पहचान बनाने वाला रमादा बाय विन्धम ग्रुप का राजधानी रांची के बरियातू रोड में शुद्ध शाकाहारी होटल का भव्य शुभारंभ पूजन और मंत्रोच्चार के साथ शुक्रवार को हुआ। इसका उद्घाटन शुक्रवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व केंद्रीय मंत्री सह मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और विधायक सीपी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। स्थानीय गायकों ने अपनी सुमधुर भजनों से लोगों को झुमाया।

इस अवसर पर होटल रमादा बाय विन्धम के एम.डी. पवन बजाज और निदेशक चंद्रेश बजाज ने बताया कि रमादा बाय विन्धम अब रांची वासियों की सुविधा के लिए खुल गया है। लगभग 50 हजार वर्गफीट में फैले इस होटल में 67 बड़े डीलक्स सूट प्रीमियम रूम अत्याधुनिक सुविधा के साथ कमरे उपलब्ध हैं। वहीं, दो बड़े हॉल है, जो शादी विवाह, पार्टी, सामाजिक समारोह, सेमिनार आदि के उपयुक्त स्थान है। इसके अलावा पांच हजार स्क्वायर फीट का वातानुकूलित हॉल के साथ शुद्ध शाकाहारी वाले होटल में लोगों को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को परोसा जाएगा। इस रेस्टोरेंट में 150 से अधिक लोग एक साथ बैठ सकते हैं।

मौके पर विधायक सीपी सिंह, नाइन हॉस्पिल्टी के सीईओ विक्रम सिंह चौहान, विन्धम के प्रतिनिधि राहुल मेकरियस, संगीता बजाज, पूर्व सांसद अजय मारू, मीरा मुंडा, जीएम दिलीप मिश्रा, प्रमोद सारस्वत, डॉ अनंत सिन्हा, डॉ देबुका, डॉ दारुका, पूर्व आईएएस अरुण कुमार सिंह, कमल सिंघानिया, पवन शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन ने 15 सूत्री मांगों को लेकर कार्मिक प्रभारी से की वार्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के महामंत्री सह राष्ट्रीय संघटन सचिव इंटक लीलाधर सिंह ने कहा कि कार्मिक प्रमुख प्रभारी लॉरेन्स भेंगरा के साथ एचईसी कर्मियों का वेतन भुगतान नियमित करने सहित 15 सूत्री मांगपत्र पर सकारात्मक वार्ता हुई। श्री भेंगरा ने बताया कि एचईसी के ठेका कामगार का ई.एस.आई. की मेडिकल सुविधा चालू कर दी गयी है। वेलनेस सेंटर में दवाई उपलब्ध करा दी गई है।

संगठन सचिव लीलाधर सिंह ने कहा कि जून-जुलाई में जब नये ठेकेदार बहाल होंगे तब छुट्टी सहित सभी सुविधायें बहाल हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि 2018 बैच के तकनीक कामगार प्रमोशन एवं 2012 बैच के तकनीक कामगार का प्रोबेशन प्रबंधन क्लीयर करे। कैंटीन में कम से कम चाय नाश्ता अपने कामगार और संसाधन से चालू करे, पी.एफ. का रिटनेर्बुल लोन चालू करे, अभी नान रिटनेर्बुल लोन मिल रहा है। प्लांट में पीने का पानी चालू करे। जूता उपलब्ध है। शॉप प्रमुख से फारवर्ड कराकर सेफ्टी प्रमुख से रिकमेंड कराकर स्टोर से जूता अपने नाप का ले सकते हैं। एच.ई.सी.परिसर के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के फीस में रियायत देने के सम्बंध में स्कूल व्यवस्थापक से वार्ता सकारात्मक प्रगति में है। सी.पी.एफ. लेजर 2023-2024 वर्ष तक अपडेट है। बी.एस.सी..पास मजदूर को पूर्व की तरह सुपरवाइजर ग्रेड में प्रमोट किया जाए। एल.टी.एल. सुविधा पुनः चालू किया जाए। 2018 बैच के कामगार का वाशिंग भत्ता चालू किया जाए। पूर्व कोऑपरेटिव कामगार के क्वार्टर को नियमित किया जाए। सेवानिवृत्त कामगार के पर्सनल लोन को ग्रेच्युटी से एडजस्ट किया जाए। बैंक से पर्सनल लोन लेने वाले का ई.एम.आई. प्रबंधन भरे। एफ.एफ.पी. प्लांट के 02 कर्मशाला का छत रिपेयरिंग प्रबंधन शीघ्र प्रारम्भ करे नहीं तो भारी दुर्घटना हो सकता है।

लीलाधर सिंह ने कहा कि हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन हमेशा उत्पादन उत्पादकता के पक्ष में रही है। हम कहते हैं कि उत्पादन का कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है। उत्पादन से ही कंपनी चलेगी और कंपनी चलने से कामगार की रोटी चलेगी। जमीन बेचने और दुकानों का भाड़ा तसीलने से न कामगार का पेट भरेगा न कारखाना चलेगा।

प्रबंधन की तरफ से वार्ता में लॉरेन्स भेंगरा के अलावा देवा देवघरिया, नरेन्द्र सिंह ने भाग लिया। यूनियन कि तरफ से राणाप्रताप सिंह, लीलाधर सिंह, गिरीश कुमार चौहान, राजेन्द्र कान्त महतो, भोला साव, दिलीप कुमार एफ.एफ.पी., धनन्जय श्रीवास्तव, राममोहन बैठा, सी.एस. दास, मो. खुर्शीद आलम, नदीम अंसारी, जगन्नाथ राम, संजय बड़ाईक, सुधीर कुमार मिश्र, दिलीप कुमार सिंह आदि ने भाग लिए।

## राज्य भर में मनाया गया सीटू का स्थापना दिवस



**रांची।** नव उदारवाद और नव फासीवाद के खिलाफ मजदूर वर्ग की व्यापक एकता कायम करने के संकल्प के साथ शुक्रवार को पूरे देश में सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) का 55वां स्थापना दिवस मनाया गया। झारखंड के औद्योगिक इलाकों में कार्यस्थलों पर सीटू का लाल झंडा फहरा कर शासक वर्ग द्वारा श्रमिकों के अधिकारों पर हो रहे हमलों के खिलाफ संघर्ष का दायरा और बड़ा किए जाने की शपथ ली गई। कोल्हान में सुदूर लौह अयस्क के खदानों किरीबुरु- मेघहातू बुरु से लेकर जमशेदपुर के औद्योगिक परिसरों, धनबाद, रामगढ़-हजारीबाग स्थित कोयला खनन के क्षेत्रों, बोकारो के इस्पात और बिजली कामगारों, कोडरमा के माईका मजदूरों और परियोजना कर्मियों, दुमका के परिवहन कामगारों, रांची के निर्माण मजदूरों व एचईसी के श्रमिकों और संताल परगना के बीड़ी श्रमिकों सहित संगठित और असंगठित क्षेत्र के हजारों मजदूर स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए। राजधानी रांची में सीटू के राज्य कार्यालय में ट्रांसपोर्ट यूनियन के साथी केपी राय ने झंडा फहराया इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य उपाध्यक्ष प्रकाश विप्लव ने सीटू की एकता और संघर्ष की लाइन को आगे बढ़ाने और 9 जुलाई की देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। सीटू के कोषाध्यक्ष अनिर्वान बोस ने कहा कि सीटू एकमात्र मजदूर संगठन है जो श्रमिक आंदोलन में वर्ग संघर्ष के लाइन की हिफाजत करते हुए पूंजीवादी प्रणाली को खत्म कर समाजवादी समाज की स्थापना का लक्ष्य तय किया है।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय में आईकेएस केंद्र का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में आज भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र (आईकेएस) के उद्घाटन एवं पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर लोकमाता की पावन स्मृतियों को याद किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने विवि के आईकेएस केंद्र का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में श्री सोरेन ने विवि की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे भारत की स्वदेशी ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने एवं संस्थागत रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने इसे आनेवाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत लाभकारी करार दिया।

विवि सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत राधा-कृष्ण, भगवान महादेव एवं पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण देने के लिए उत्तर से दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक वृहद भारत को 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के रूप में जोड़ने के उनके कार्यों का स्मरण किया गया। भाजपा झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जयंती त्रिशताब्दी वर्ष में सनातन धर्म के उत्थान और पुनर्स्थापना की दिशा में उनके प्रयासों की सराहना की और उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। एसबीयू में भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की स्थापना के लिए उन्होंने विवि परिवार की प्रशंसा की। राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समकालीन शिक्षा एवं नीति निर्माण में भारतीय मूल्यों की अनिवार्यता पर बल दिया।

कार्यक्रम में एसबीयू, आईकेएस प्रभारी प्रो. नीलिमा पाठक ने केंद्र की दूरदृष्टि एवं उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिसमें भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर आधारित अनुसंधान को बढ़ावा देने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि हमारी समृद्ध विरासत का संरक्षण केवल अतीत के प्रति श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि उन शाश्वत मानवीय मूल्यों के संरक्षण का प्रयास है जो हमें एक समाज के रूप में जोड़ते हैं और प्रबुद्ध भविष्य की ओर ले जाते हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जगनाथन ने आईकेएस टीम को बधाई देते हुए भारतीय सभ्यता से प्रेरित मूल्यों के प्रति विवि की शैक्षणिक प्रतिबद्धता को दोहराया। विवि के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के जीवन का संक्षिप्त एवं प्रेरणादायक विवरण प्रस्तुत किया, जिसमें उनके शासन, परोपकार और आध्यात्मिक दृष्टिकोण को उन्होंने रेखांकित किया।

टाटा पावर के कॉर्पोरेट मामलों के रेजिडेंट मैनेजर, गोपाल प्रसाद बर्णवाल ने सेंटर स्थापना के विश्वविद्यालय के प्रयास की प्रशंसा की तथा आधुनिक शिक्षा प्रणाली में भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेश की बढ़ती आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे एक समग्र एवं मूल्य-आधारित शिक्षा को बढ़ावा मिल सके।

आध्यात्मिक गुरु एवं शिक्षाविद असीम कृष्ण दास (परियोजना निदेशक, भक्तिवेदांता विद्याभवन गुरुकुल) एवं एच. जी. गदाधर दास (संस्थापक, गुरुकुल) ने पारंपरिक गुरुकुल शिक्षा एवं आधुनिक ज्ञान प्रणाली के एकीकरण पर गहन विचार उपस्थित श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के जीवन एवं विरासत पर आधारित एक वृत्तचित्र का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार और समापन धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आर.एम. झा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर में

### विगत तीन वर्षो से राहगीरों की प्यास बुझा रही नि:शुल्क चलंत प्याऊ सेवा अग्रसेन धारा



**रांची।** अग्रवाल युवा सभा, रांची द्वारा तीन नि:शुल्क चलंत प्याऊ, अग्रसेन धारा सेवा विगत 40 दिनों से निरंतर बारी-बारी से शहर के विभिन्न स्थानों में जाकर नागरिकों, दुकानदारों एवं राहगीरों को शीतल पेय जल, सत्तू पानी, ग्लूकोज पानी, आम पानी व अन्य पेय पदार्थ की सुविधा उपलब्ध करा रही है। इस संबंध में अध्यक्ष रौनक झुनझुनवाला ने बताया कि यह चलंत प्याऊ सेवा विगत तीन वर्षों से अग्रवाल युवा सभा, रांची द्वारा चलायी जा रही है। इस वर्ष अभी तक अग्रसेन धारा ने 40 दिनों में श्रद्धानंद रोड, कुंजलाल स्ट्रीट, सोनार पट्टी, बारूद दुकान गली, नॉर्थ मार्केट रोड, ईस्ट मार्केट रोड, वेस्ट मार्केट रोड, प्यादा टोली, महावीर चौक, गांधी चौक, बड़ा लाल स्ट्रीट, कोतवाली थाना, नागा बाबा खटाल, राजभवन, कचहरी रोड, पंडरा बाजार समिति, रवि स्टील पंडरा, रातु रोड, लालपुर अग्रसेन चौक, मेन रोड, सुजाता चौक, कांके रोड, हरमू रोड, सहजानंद चौक, आदि जगहों पर अपनी सेवा प्रदान की है। अग्रसेन धारा प्रभारी मयूर पोद्दार, मोहित अग्रवाल, निशान अग्रवाल पूरी मेहनत, लगन एवं निष्ठा के साथ इस सेवा को संचालित कर रहे हैं।

### श्री श्याम मित्र मण्डल की नये पदाधिकारियों व कार्यकारणी समिति का निर्वाचन 13 जुलाई को



**रांची।** श्री श्याम मित्र मण्डल की नये पदाधिकारियों व कार्यकारणी समिति का निर्वाचन 13 जुलाई 2025 रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे हरमू रोड स्थित श्री श्याम उपासना भवन (श्री श्याम मंदिर) के प्रथम तल्ला स्थित मण्डल के सभागार में होगा। गुरुवार को कार्यकारणी की बैठक में अध्यक्ष सुरेश सरावगी की अध्यक्षता में उपरोक्त निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से मंडल के संस्थापक सदस्य विश्वनाथ नारसरिया को चुनाव पदाधिकारी व सहयोगी के रूप में वरिष्ठ सदस्य राजकुमार केडिया को मनोनीत किया गया। ज्ञातव्य है कि 12 जनवरी को साधारण सभा की बैठक हुई थी, जिसमें निर्वाचन का कार्य को स्थगित करके बैठक स्थगित कर संस्था के विधान के अनुसार निर्वाचन करने की बात हुई थी। इसी आलोक में 13 जुलाई को स्थगित बैठक आहूत की जा रही है। कार्यकारणी समिति की बैठक में अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढांढनिया, प्रदीप राजगढरिया, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल नारनोली, आदित्य लोहिया, पंकज गाड़ोदिया, संजय सर्राफ, राजेश कटारुका, रतन शर्मा, स्नेह पोद्दार, राजेश चौधरी उपस्थित थे।

### सीएमपीडीआई परिवार के चार सेवानिवृत्त सदस्यों को किया गया सम्मानित



**रांची।** सीएमपीडीआई परिवार के चार सदस्यों के सेवानिवृत्ति के अवसर पर शुक्रवार को संस्थान के 'मयूरी हॉल' में एक विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इनमें के.ए पांडियन-महाप्रबंधक (सिविल), ए.बी. रामाकृष्णन, महाप्रबंधक (भूविज्ञान), श्रीमती नीता प्रसाद-वरीय लिपिक एवं राज कुमार रजक-सहायक सुपरवाइजर शामिल हैं। इस मौके पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को पौधा, मान-पत्र, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर कम्पनी की ओर से सम्मानित किया और सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी एवं निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/आरडीएंडटी) अजय कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। मौके पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्षगण ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधि सतीश कुमार केशरी, प्रलय भट्टाचार्यी, राजन कुमार रजक एवं सौविक देव तथा सीएमओएआई के प्रतिनिधि अमृतांशु ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण एवं मंच संचालन उप प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कडम्बार ने किया।

### श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी गुरुपर्व के उपलक्ष्य में पढ़े जा रहे पाठ का समापन



**रांची।** स्त्री सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी के तत्वावधान में श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी गुरुपर्व को मुख रखते हुए पिछले 40 दिनों से पढ़े जा रहे श्री सुखमनी साहिब जी के पाठों का समापन शुक्रवार को हो गया। दोपहर 3.30 बजे से शीतल तेहरी, गरिमा अरोड़ा, सिंपल वाधवा, उर्वशी अरोड़ा एवं जूली गाबा के द्वारा साध संगत को श्री सुखमनी साहिब जी का पाठ उच्चारण कराया गया। श्री सुखमनी साहिब जी की अंतिम अष्टपदी- जिसु मन बसै सुनै लाइ प्रीति, तिस जन आवै हरि प्रभ चीति, उच्चारण के साथ श्री सुखमनी साहिब जी के सामूहिक पाठ की समाप्ति शाम 4.45 बजे हुई। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिड्ढा ने बताया कि शहीदी गुरुपर्व के उपलक्ष्य में सत्संग सभा द्वारा आज रात आठ बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक और 1 जून, रविवार को सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक विशेष दीवान सजाया जायेगा। इस दीवान में सिख पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनी जत्था भाई कुलविंदर जी खरड़, मोहाली (पंजाब) वाले विशेष रूप से शिरकत कर साध संगत को शबद गायन से निहाल करेंगे।

## आईएसएम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

- दो दिवसीय सम्मेलन के पहले सत्र में शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े 10 विद्वानों ने थर्मल टूरिज्म में एआई की भूमिका पर प्रकाश डाला



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट (आईएसएम) पुंदाग रांची में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ रणजीत कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार ने आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस को एक टूल के रूप में इस्तेमाल कर चहुंमुखी विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस टूल को अधिकाधिक प्रयोग करके शिक्षा, कौशल, पर्यावरण, संसाधन प्रबंधन की प्रक्रिया को सुदृढ़ करने को कहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ गंगा प्रसाद सिंह, निदेशक सह सचिव आईएसएम, द्वारा की गयी। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने प्रोद्यौगिकी विकास और कुशल प्रबंधन विधियों को सशक्त, प्रभावशाली और दूरगामी परिणाम देने वाले ढांचा विकसित करने पर बल दिया।

विशिष्ट अतिथि प्रो. दिलीप मोहन चंद्रन, कुलपति, हेंसर्ड विश्वविद्यालय, नाइजीरिया ने भविष्य में ए.आई. की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ रविन्द्र रेना, प्रोफेसर, डरबन टेक्निकल यूनिवर्सिटी, साउथ अफ्रीका ने अपने संबोधन में शिक्षा और कौशल विकास में एआई को विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग में लाने के सुझाव दिये। जे.के. कॉलेज, थाने (मुंबई विश्वविद्यालय), की प्राचार्या डॉ श्रद्धा मौर्य भौम ने सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरण क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव को बढ़ाने हेतु ए.आई. के प्रयोग के बारे में बताया। सामाजिक उद्यमी अमरेंद्र विष्णुपुरी ने कहा कि प्रोद्यौगिकी विकास की रफ्तार में हमें स्थानीय मुद्दों को ध्यान में रखकर नए उत्पादों को बाजार में लाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार और उद्यमशीलता आर्थिक विकास का मूल मंत्र है।

प्रो.(डॉ) सुशील कुमार, डीन एवं प्रोफेसर, आई.एस.एम. रांची ने इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 21वीं शताब्दी में भारत को एक संपन्न राष्ट्र बनाने में ए.आई. के महत्व को बताया। श्रीमती पूजा कुमारी, सहायक प्राध्यापक और पी.पी. बनर्जी, सहायक प्राध्यापक ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया और रुद्र नारायण भांजे देव परीक्षा नियंत्रक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

तकनीकी सत्र में डॉ. आनंद कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रबंधन विभाग, बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा रांची की अध्यक्षता में संचालित हुआ। इस सत्र में शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े 10 विद्वानों ने अपने-अपने पेपर्स प्रस्तुत किए। उन्होंने थर्मल टूरिज्म में एआई की भूमिका पर प्रकाश डाला।

31 मई 2025 को तकनीकी सत्र में एआई के उपयोग से आने वाली चुनौतियों और अवसर पर विशेष चर्चा आयोजित की जा रही है।

## पूर्व चुनाव संयोजक जुनैद आलम छह वर्ष के लिए निष्कासित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** जमीअतुल मोमिनीन चौरासी झारखण्ड सरपरस्त कमेटी की बैठक मास्टर सादिक अंसारी की अध्यक्षता में हुई। ऊर्दू लाइब्रेरी मेन रोड रांची के समीप आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से तीन प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें विगत दिनों जमियत चौरासी के संपन्न हुए असंवैधानिक और अवैध चुनाव के साजिशकर्ता पूर्व चुनाव संयोजक जुनैद आलम की सदस्यता रद्द करते हुए छह वर्ष के लिए उन्हें निष्कासित कर दिया गया।

इसके अलावा पालोजोरी मधुपुर के मेराज अंसारी की पुलिस हिरासत में हुई मृत्यु के संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष इमरान प्रतापगड़ी, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर पुलिस हिरासत में मृत्यु की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई। साथ ही पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए एवं मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी शीघ्र देने की मांग की गई।

बैठक में तय किया गया कि जमिअतुल मोमिनीन चौरासी झारखण्ड का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही पीड़ित परिवार से मिलेगा और राज्य के डीजीपी, झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग, राजनीतिक दलों के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष से मिलकर मेराज अंसारी की पुलिस हिरासत में मृत्यु की उच्च स्तरीय जांच कराने व घटना की सच्चाई से अवगत कराएंगे। बैठक में मास्टर सादिक, हाजी मजहर, अतीक उर्ररहमान, अकील अहमद, अब्दुर्रजाक, मो. जैदी, हाजी मोज्जम, शकील अंसारी, हाजी फारूख, फिरोज अख्तर, मोहम्मद मोजम्मिल, शोएब अंसारी व शमीम अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

# रांची पुरुलिया निर्माणाधीन फोर लेन पहली बरसात में बना तलाब



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** रांची पुरुलिया सड़क चौड़ीकरण कार्य में संवेदक और संबंधित अभियन्ताओं की लापरवाही के कारण पहली बरसात में ही जहां तहां सड़क तलाब में तबदील हो गया है। परिणाम स्वरूप सड़क पर आवागमन में चार पहिया दो पहिया वाहनों सहित पैदल चलने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना पड़ रहा है। सड़क के दोनों किनारे जो नाली बनाए गए है वह कोई काम का नहीं है संवेदक और अभियन्ताओं की लापरवाही के कारण नाली सड़क से एक से दो फीट तक उचां बना दिया गाया है जिस पर बरसती पानी बह नहीं पा रहा है जिसके चलते पानी सड़क पर ही इक्कठा हो कर तलाब के रूप में तब्दील हो जा रहा है उंचा नाली होने के कारण लोगों को इस पार से उसपार आने जाने में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर डाले गए जेएसबी भी वेल ग्रेडेड नहीं है। जैसे तैसे सड़क का निर्माण किया जा रहा है। कोई कहने सुनने और देखने वाला नहीं है घटिया मेट्रेयल से घटिया सड़क निर्माण कर राशि की जमकर बंदर वांट की जा रही है स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने संबंधित वरीय अभियन्ताओं और अधिकारियों से सड़क निर्माण की जांच की मांग की है।

## सीएम एक्सीलेंस स्कूल की छात्रा का मामला

# छेड़छाड़ के आरोपी के घर चिपकाया गया इस्तेहार

▶▶ वीडियो वायरल हुआ तो छात्रा ने काट ली थी कलाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैंड बाजे के साथ आरोपी के घर इस्तेहार चिपकाते पुलिस।

**ओरमांझी।** नाबालिक छात्रा की आपतिजनक वीडियो वायल करने वाले आरोपी पकड़े नही गए, तो ओरमांझी थाना पुलिस शुक्रवार को ढोल बाजे के साथ फरार आरोपियों के घर पहुंची, और दरवाजे पर न्यायलय का इश्तिहार चिपका दिया। नौ मार्च को सीएम एक्सीलेंस स्कूल मेसरा की छात्रा ने वीडियो वायरल होने के बाद अपनी कलाई काट आत्महत्या का प्रयास की थी। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आज यह कार्रवायी की गई। बताया गया कि एक माह के अंदर आरोपी पकड़े नही जाते हैं, या खूद को सरेंडर नही करते हैं तो पुलिस द्वारा कुर्की की कार्रवायी की जाएगी। घटना के संबंध में बताया गया कि थाना क्षेत्र के हैदरनगर इरबा की नाबालिक छात्रा को गांव के ही चारो युवक स्कूल से आते-जाते छेड़छाड़ किया करते थें। चारों आरोपी में दो-दो सगे भाई थें, और चारों द्वारा छात्रा की आपतिजनक वीडियो भी बना लिए थें। वीडियो वायल करने की धमकी दे, अक्सर छात्रा से अनैतिक डिमांड भी किया करते थें। जिससे छात्रा परेशान थी, और जब आरोपियों द्वारा उसका वीडियो वायरल कर दिया गया तो, छात्रा ब्लेड से अपनी कलाई काट ली थी। आज की कार्रवायी में ओरमांझी थाना के एसआई जयप्रकाश पासवान के साथ अन्य पुलिस कर्मी शामिल थें।


## न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।

अनुमति वाद संख्या–111/2025

आम इस्तेहार

आवेदक मो0 अख्तर वो मो0 जिलानी वो मो0 शौकत अलि वो मो0 नेसार वो मो0 नौसाद आलम वो नुमान सभी के पिता–स्व0 मो0 नईम उद्दीन सभी निवासी ग्राम–इटके, पो0–बारीखाप, थाना–बारियातु, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 45 | 311 | 0.0972 |
| | | 319 | 0.0886 |
| | | 336 | 0.0972 |
| | | 337 | 0.0882 |
| | | 348 | 0.0686 |
| | | 87 | 0.1344 |
| | | 91 | 0.1457 |
| | | 640 | 0.0257 |
| | | 43 | 0.3058 |
| | | 380 | 0.4371 |
| | | 297 | 0.0429 |
| | | 298 | 0.0257 |
| | | 515 | 0.1829 |
| | | 299 | 0.0514 |
| | | 207 | 0.0144 |
| | | 390 | 0.4001 |
| | | 635 | 0.0401 |
| | | कुल:– | 2.2464 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

PR 353874 District (25-26)D

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।


# युवक को जहरीले सांप ने काटा सुदेश महतो के प्रयास से बची जान

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कुटाम निवासी 14 वर्षीय आशिक अंसारी को बीती रात करैत सांप ने डस लिया, जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई। सांप के डसने के बाद उसका परिवार काफी चिंतित और घबड़ा गया। इसकी सूचना मिलते ही युवा समाजसेवी अफरोज आलम ने तुरंत घटना की सूचना झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को दी। सूचना मिलते ही सुदेश महतो ने इंसानियत के नाते राजनीति से ऊपर उठकर हाथ बढ़ाते हुए उसकी चिकित्सा में मदद की तब जाकर युवक को राहत मिली। सुदेश महतो ने बिना देर किए रिम्स प्रभारी शादाब सल्लू से संपर्क किया और इलाज का प्रबंध करवाया। फिलहाल रिम्स के डॉक्टरों की तत्परता से अब युवक खतरे से बाहर बताया जा रहा है। इसी बीच आशिक के पिता जियाउल अंसारी ने भावुक होकर बताया कि अगर समय पर सुदेश महतो और रिम्स प्रभारी शादाब सल्लू नहीं होते तो आज मेरे बेटे का इलाज सही ढंग से नहीं हो पाता साथ ही उन्होंने सुदेश महतो की भूरि भूरि प्रशंसा भी की।

## राजभवन के समक्ष जुटे पिपरवार के सैकड़ों ग्रामीण

# गठबंधन सरकार से की वादों को निभाने की मांग

▶▶ झामस के आह्वान पर किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पिपरवार।** झारखंड जनाधिकार महासभा (झामस) के बैनर तले शुक्रवार को राजधानी रांची स्थित राजभवन के समक्ष आयोजित एकदिवसीय धरना में पिपरवार थाना क्षेत्र के कारो, मांडर, बन्हे, करमटांड़ व तरवां गांवों से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्राम सभा के सदस्यों और झामस कार्यकताओं ने मौजूदा गठबंधन सरकार को उसके वादों की याद दिलाते हुए कहा कि अब आदिवासी-मूलवासी समुदाय अपने हक के लिए संगठित होकर सड़क पर उतर चुका है। इस धरना में सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा गया कि जनविरोधी नीतियों को तत्काल वापस लिया जाए। प्रदर्शनकारियों ने भूमि अधिग्रहण कानून 2017 और लैंड बैंक नीति को रद्द करने, पुनर्वास आयोग के गठन, पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन, भूमिहीन दलितों को जाति प्रमाण पत्र एवं वन पट्टा देने, आदिवासियों-मूलवासियों को पहला अधिकार देने, मॉब लिंचिंग विरोधी कानून बनाने, फर्जी मुकदमों की वापसी, विचाराधीन कैदियों की रिहाई, और वन अधिकार कानून के तहत सामूहिक व व्यक्तिगत वन पट्टा की मांग रखी। साथ ही आंगनबाड़ी एवं सरकारी स्कूलों में प्रतिदिन अंडा देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

# डकरा कॉलेज पिछले साल से बंद अब कॉलेज बना राजनीति का केन्द्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** डकरा कॉलेज परिसर में इंटरमीडिएट की पढ़ाई पुनः शुरू कराने का प्रयास में लगे हुए लोगों की मंशा क्षेत्र का एकमात्र डिग्री कॉलेज को लेकर ठीक नहीं है। एसे लोग लगातार एक मुहिम चला रहे हैं कि डकरा कॉलेज में पुनः इंटरमीडिएट की पढ़ाई शुरू कराई जाए। मामले की जानकारी रखने वाले लोग बताते हैं कि कॉलेज की जमीन पर अतिक्रमण किए लोगों का एक समूह इस मुहिम में शामिल हैं। ज्ञात हो कि सीसीएल के सहयोग से 1990 में उतरी कर्णपुरा श्रमिक महाविद्यालय के नाम से डकरा में जो कॉलेज चल रहा है वहां एक ही परिसर में इंटर और डिग्री कॉलेज साथ चल रहे थे। पहले हाईकोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट का आदेश एवं नई शिक्षा निती के तहत इंटर और डिग्री कॉलेज को अलग-अलग करके चलाने का निर्देश जारी हो गया। इस आदेश के बाद राज्य में जहां भी इंटर और डिग्री कॉलेज एक साथ चल रहे थे उसे अलग-अलग कर दिया गया। डकरा कॉलेज में इंटर को पिछले वर्ष बंद कर दिया गया है इसके बाद से कॉलेज राजनीति का केंद्र बना हुआ है।

### सोच-समझकर बंद किया गया इंटर कॉलेज: प्राचार्य

प्राचार्य प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि जब तक संभव था तब तक डिग्री और इंटर एक साथ चलाया गया लेकिन न्यायालय और नई शिक्षा नीति के नियम मुताबिक यह निर्णय करना था कि क्या चलाना है? इंटर की पढ़ाई के लिए क्षेत्र में बहुत विकल्प हैं इसलिए डिग्री को प्राथमिकता दी गई। 30 किमी की परिधि में कहीं डिग्री कॉलेज नहीं है, डिग्री कॉलेज चलाने से यहां भविष्य में एमए,बीएड, जैसे पढ़ाई शुरू कराने का विकल्प बना रहेगा,यहां बहुत शिक्षकों की उम्र 60 के नजदीक है, इंटर में शिक्षकों की उम्र सीमा 60 है जबकि डिग्री में 65 है जिन्होंने इस कॉलेज को बनाने में पढ़ाते हुए अपना जीवन व्यतीत कर दिया है उनकी नौकरी पांच साल बनी रहेगी, इंटर में अलग से पढ़ाने के लिए शिक्षक भी नहीं है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इंटर के लिए तीन एकड़ और डिग्री के लिए पांच एकड़ जमीन चाहिए। डकरा कॉलेज को सीसीएल ने 5.34 एकड़ जमीन ही दिया है बावजूद अगर कोई इंटर की पढ़ाई कराना चाहते हैं तो वे अलग से सेपरेट व्यवस्था करा कर चालू कराते हैं तो हमलोगों को कोई परेशानी नहीं है लेकिन इस परिसर में दोनों एक साथ नहीं चल सकते हैं।

### 2004 में डकरा में शिफ्ट हुआ

1990 में डकरा कॉलेज सुभाषनगर हाई स्कूल परिसर से शुरू हुआ लेकिन बार-बार चोरी और अपराधिक घटनाओं से परेशान होकर उसे 2004 में डकरा शिफ्ट किया गया। यहां 5.34 एकड़ जमीन सीसीएल ने आवंटित किया लेकिन आधे से अधिक जमीन पर कब्जा है। कुछ कब्जाधारी इसे अपनी जमीन बताते है जो जांच से ही स्पष्ट हो सकता है।

# आईसीएआर, आईआईएबी रांची ने विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 में भागीदारी की



किसानों को जानकारी देते वैज्ञानिको की टीम।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नामकुम।** भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान ने विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 में भागीदारी करते हुए पहले ही दिन झारखंड के 4 जिलों के 24 गांवों में 1000 से अधिक किसानों तक पहुंच कर एक मजबूत शुरूआत की। संस्थान की चार समर्पित कृषि वैज्ञानिकों की टीमों ने खरीफ बोवाई से पहले किसानों को वैज्ञानिक ज्ञान से सशक्त बनाने के उद्देश्य से गांवों में सीधे संवाद किया। इन संवादों के दौरान वैज्ञानिकों ने सब्जी एवं धान की फसलों में लगने वाले कीटों एवं रोगों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया। साथ ही किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए उनकी मृदा स्वास्थ्य कार्ड की सिफारिशों के आधार पर उपयुक्त फसलें और किस्में चुनने की सलाह दी गई। फसल संबंधित सलाहों के अलावा किसानों को पशुपालन एवं मत्स्य पालन प्रबंधन के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई जिससे वे अपनी आय में वृद्धि कर सकें। विकसित कृषि संकल्प अभियान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा भारतीय कृषि का आधुनिकीकरण करने और सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने उत्पादकता बढाने और कृषि जलवायु के अनुकूल बनाने को लेकर 29 मई से 12 जून 2025 तक चलाया जा रहा है।


## न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

भूमि बिक्री अनुमति वाद संख्या–102/2025

आम इस्तेहार

आवेदक किन्नू घासी पिता–स्व0 रामप्रताप घासी वो सुकरा नायक पिता–स्व0 रूपनाथ नायक उर्फ रूपनाथ घासी दोनों निवासी ग्राम–घासी टोला, पो0–सरजु, थाना–गारू, जिला–लातेहार द्वारा राजू रविदास पिता–रामेश्वर रविदास ग्राम+थाना+जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री के लिए अनुमति हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा– 46(1–बी) के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़ में) |
|---|---|---|---|
| रूद | 98 | 579 | 1.82 |
| | | 580 | 0.48 |
| | | 574 | 0.16 |
| | | 792 | 0.40 |
| | | कुल– | 2.86 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

PR 353864 (District)25-26*D

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार



## Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
**(CIN: U40108 JH 2013 SGC 001704)**
**Office of the: General Manager, Transmission Zone-II, Dumka**
**Email – gmtz2dumka@gmail.com**

### e-Notice Inviting Tender

e-NIT in two parts i.e Techno-commercial Part (Part-I) and Financial/Price Part (Part-II) is invited from reputed, experienced and financially sound contractors for the work/services as mentioned below :-

| e-NIT No. | Name of Work | Estimate Cost | Cost of B.O.Q (inclusive GST) | Earnest Money |
|---|---|---|---|---|
| 167/PR/JUSNL/ 2025-26 | Carrying Out Patrolling, Routine /Breakdown/Shutdown Maintenance of 132 kV D/C Madanpur(Dumka)-Pakur Transmission Lines from Loc. 01 to 295 (Approx 84.5 KM) under Transmission Sub Division, Pakur for F.Y. 2025-26. (i.e. 01.07.2025 to 31.03.2026) | 19,50,085.00 | Rs. 5900.00 | Rs. 39500.00 |
| 168/PR/JUSNL/ 2025-26 | Carrying out patrolling, routine /breakdown Maintenance of 220kV Dumka-Rupnarayanpur D/C transmission line under Transmission Sub-Division, Madanpur for the F.Y. 2025 -26 (i.e. From 01.07.2025 to 31.03.2026 i.e. 09 months). | 16,45,544.00 | Rs. 5900.00 | Rs. 33000.00 |
| 169/PR/JUSNL/ 2025-26 | Carrying out patrolling, routine/Breakdown Maintenance of 132kV Dumka- Jarmundi & Madanpur-Maharo Transmission line under Transmission Sub-Division, Dumka for the F.Y. 2025 -26 (i.e. from 01.07.2025 to 31.03.2026 i.e. 09 months). | 12,15,958.00 | Rs. 2950.00 | Rs. 24500.00 |
| 170/PR/JUSNL/ 2025-26 | Carrying out patrolling, routine /Breakdown Maintenance of 132kV Dumka- Lalmatia (Total nos. of tower 322 & 57 LILO Tower) Transmission line under Transmission Sub-Division, Dumka for the F.Y. 2025 -26 (i.e. From 01.07.2025 to 31.03.2026). | 25,20,141.00 | Rs. 5900.00 | Rs. 50500.00 |
| 171/PR/JUSNL/ 2025-26 | Carrying out patrolling, routine /Breakdown Maintenance of 220 KV D/C Dumka-Govindpur Transmission Line (50.85 Km) under Transmission Sub-Division, Madanpur for the F.Y. 2025 -26 (i.e. From 01.07.2025 to 31.03.2026 i.e. 09 months). | 12,11,613.00 | Rs. 2950.00 | Rs. 24500.00 |
| 172/PR/JUSNL/ 2025-26 | Carrying routine patrolling, preventive/breakdown maintenance of 220KV D/C Lalmatia - Godda from loc no. 01 to 79(22KM) & 220KV D/C Madanpur (Dumka) - Godda Transmission Lines from loc no. 01 to 248(71KM) under jurisdiction of Transmission Sub - Division, Godda for the period from 01.07.2025 to 31.03.2026 (i.e. 9 Months) for F.Y. 2025 -26. | 25,38,424.00 | Rs. 5900.00 | Rs. 51000.00 |
| 173/PR/JUSNL/ 2025-26 | Carrying routine patrolling, preventive/breakdown maintenance of 132KV Lalmatia-KGN (NTPC) & Lalmatia-KGN (BSPTCL) Transmission Line from loc no. 49 to 123 (30km) under jurisdiction of Transmission Sub - Division, Lalmatia for the period from 01.07.2025 to 31.03.2026 (i.e. 9 Months) for F.Y. 2025-26. | 7,91,033.00 | Rs. 1476.00 | Rs. 16000.00 |
| 174/PR/JUSNL/ 2025-26 | Carrying routine patrolling, preventive/breakdown maintenance of 132KV D/C Lalmatia-Sahibganj Transmission Line from loc no. 01 to 163 (48km) & 132KV D/C Rajmahal -Sahibganj Transmission Line from loc no. 01 to 135 (32km) Transmission line under jurisdiction of Transmission Sub - Division, Sahibganj for the period from 01.07.2025 to 31.03.2026 (i.e. 9 Months) for F.Y. 2025 -26. | 20,15,526.00 | Rs. 5900.00 | Rs. 40500.00 |
| 175/PR/JUSNL/ 2025-26 | Carrying routine patrolling, preventive/breakdown maintenance of 132KV D/C Pakur - Rajmahal Transmission Line from loc no. 01 to 267(64KM) under jurisdiction of Transmission Sub - Division, Rajmahal for the period from 01.07.2025 to 31.03.2026 (i.e. 9 Months) for F.Y. 2025 -26. | 16,56,541.00 | Rs. 5900.00 | Rs. 33500.00 |
| 176/PR/JUSNL/ 2025-26 | Carrying routine patrolling, preventive/breakdown maintenance of 132KV LILO from 132KV Pakur-Rajmahal Transmission Line to GSS Barhait from Tower loc no. 01 to 126 under jurisdiction of Transmission Sub- Division, Barhait for the period from 01.07.2025 to 31.03.2026 (i.e. 9Months) for F.Y. 2025-26. | 7,89,188.00 | Rs. 1476.00 | Rs. 16000.00 |

1 Start date & time of download of tender documents - 02.06.2025 after 10:00 A.M.
2 Start date & time of upload of Bid - 02.06.2025 after 11:00 A.M.
3 End date & time of upload of Bid - 23.06.2025 up to 11:00 A.M.
4 Bid opening date & time for technical part (Part-I) - 24.06.2025 at 12:00 P.M.
5 Bid opening date & time of price part (Part-II) – Will be communicated later on.
6 e-Tender documents & BOQ including Terms and Conditions, tenders specification can be download from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be obtained from office of the undersigned (9431132122) during office hours.
7 The bids will be received through electronic tendering mode only.
8 No claim shall be entertained on account of disruption of Internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload there bids well in advance to avoid last minutes technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR.NO.353915 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26):D

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-II, Dumka


# प्रखण्ड मुख्यालय नगड़ी में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पिस्कानगड़ी।** प्रखण्ड मुख्यालय में शुक्रवार को नयन सुख आंख हॉस्पिटल के सौजन्य से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर एक सौ मरीजों की नेत्र जांच तथा सम्बंधित बिमारी के सम्बन्ध में मरीजों को जानकारी दी गई। मौके पर उपस्थित मरीजों को निशुल्क दवा भी उपलब्ध कराई गई। साथ ही साथ नेत्र जांच कराने वाले मरीजों को आंख की बिमारी से बचने हेतु डॉक्टरों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उक्त निशुल्क शिविर के आयोजन में उप प्रमुख अफसाना प्रवीण, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत, युवा समाजसेवी बजरंग महतो, पंचायत समिति सदस्य गुलरेज अंसारी, रोपना उरांव तथा नयन सुख आंख हॉस्पिटल के नीरज कुमार, अंजना तिग्गा, अंशु कुमारी, मंगल उरांव उपस्थित थे।

# दो बैलों का आकर्षक सिंग लोगों के लिए आकर्षण का बना केन्द्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**अनगड़ा।** गुजरात के नागौरी नस्ल के दो बैल लोगों के लिए शुक्रवार को गोन्दली पोखर में आकर्षण का केन्द्र बना। दर असल कुछ श्रद्धालु महाराष्ट्र से दो मीनी ट्रको पर लाद कर उक्त दोनों बैलों को कोलकात्ता काली घाट के लिए जा रहे थे। रास्ते में बारिस होने के चलते वे लोग कुछ समय के लिए गोन्दली पोखर में रुके थे दोनों बैल काफी हुष्ट पुष्ट थे तथा उनके मोटे सिंग और उनकी खूबसूरती लोगों को काफी आकर्षित कर रहे थे। उन बैलों को देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ जमा हो गयी थे । सभी लोग उन बैलों को अपने मोबाईल कैमरे में कैद कर रहे थे तो कोई बैलों के साथ सेल्फी लेने में मग्न थे । बहरहाल उक्त बैल के जोड़े लोगों के लिए कोतूहल का विषय बन गए ।


## दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची, **क्र. सं.:** 1 के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं; **ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-19-25, दिनांक: 29.05.2025; कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम:** (1) सभी स्टेशनों पर स्टेशन मास्टर कक्ष/पैनल कक्ष और सिग्नल एवं दूरसंचार (एसएंडटी) रिले कक्षों में सीसीटीवी कैमरे का प्रावधान, दपूरे के रांची मंडल के मंडल नियंत्रण में रिमोट मॉनिटरिंग के साथ, और (ii) मूरी और रांची स्टेशनों पर टेलीफोन एक्सचेंज का प्रतिस्थापन और बानो में नए एक्सचेंज का प्रावधान, साथ ही हटिया और मूरी में एसएंडटी स्टोर पर सीसीटीवी का प्रावधान हेतु विद्युत कार्य। **निविदा लागत:** ₹18,31,016.61; **बयाना राशि (ईएमडी):** ₹ 36,600.00; **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 20.06.2025 को 17:30 बजे; **वेबसाइट विवरण:** www.ireps.gov.in निविदा का विवरण वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए और वे आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होने चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी संबंधित दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ अपलोड किए जाने चाहिए। (PR-221)


## इक्कीश पड़हा और पाहन संघ सिरमटोली प्रकरण पर आंदोलित

# आदिवासी संस्कृति के दुश्मन हैं बंधु तिर्की : गंगू पाहन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▶▶ सरना विरोधी की खुली पोल

▶▶ सरकार से रैंप हटाने की मांग

**रातू (रांची)।** राजधानी के सिरमटोली फ्लाई ओवर रैंप निर्माण का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। 21 पड़हा और पाहन संघ आरपार की मुड में है। संघ के प्रखंड अध्यक्ष गंगू पाहन ने ब्यान जारी कर पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की को आदिवासी संस्कृति का दुश्मन बताया है। उन्होंने कहा है कि रैंप को लेकर उनकी दोगली मानसिकता से सरना विरोधियों की पोल खुल गयी है। श्री पाहन ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से सरनास्थल पर जबरन रैंप बनवाकर आस्था और धार्मिक पहचान पर सीधा हमला किया गया है। लेकिन, कांग्रेस नेता की चुप्पी ने समाज को झकझोर दिया है। उन्होंने रैंप हटाने व श्री तिर्की से सरना विरोधी ब्यान के लिये सार्वजनिक माफी की मांग की है।

### झूठ बोलने में महारथ

पाहन संघ के अध्यक्ष ने कहा है कि श्री तिर्की को झूठ बोलने में महारथ हासिल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मामले को लेकर समाज के युवा और महिलाएं सड़कों पर आंदोलन कर रहे थे, तब वह कहां थे। श्री पाहन ने उन पर सिलागाई में शहीद वीर बुधु भगत टोंगरी के खिलाफ साज़िश रचने और मांडर के करमडांड़ की ऐतिहासिक पहचान मिटाने का भी आरोप लगाया है।

### जानें तिर्की का ब्यान

रैंप के निर्माण में सरनास्थल की एक इंच जमीन नहीं गयी है। लोगों को गलतफहमी हो रहा है। यह राजनीतिक नौटंकी है। इसका उद्देश्य सरना स्थल की जमीन हड़पने की कृत्य पर पर्दा डालना है। श्री पाहन ने स्पष्ट किया कि 10 फीट जमीन प्रभावित हुयी है। इससे शोभायात्रा के परंपरागत मार्ग व गरिमा को ठेस पहुंची है।


**संख्या 47/2/2023-प्रशासन-1**
**भारत सरकार**
**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय**
**अटल अक्षय ऊर्जा भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सामने, लोधी रोड, नई दिल्ली 110003.**

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध आधार पर वैज्ञानिक 'एफ' (03 पद) और वैज्ञानिक 'जी' (03 पद) के पद को भरने हेतु वैज्ञानिक 'एफ' के लिए स्तर 13ए (131100-216600/- रुपये) और वैज्ञानिक 'जी' के लिए स्तर 14 (144200-218200/- रुपये) में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। रिक्तियों से संबंधित संपूर्ण जानकारी नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की वेबसाइट "www.mnre.gov.in" पर उपलब्ध है। निम्नलिखित पते पर निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिन है।

अवर सचिव, भारत सरकार
cbc28101/11/0004/2526

# हताशा और भय

महत्वपूर्ण सवाल यह भी कर्ज से हारे व्यक्ति को ये अधिकार किसने दे दिया कि वो अपने साथ दो पीढ़ियों को सदा के लिये खत्म कर दे? कैसे कोई व्यक्ति अपनी नाकामी की सजा मां-बाप, पत्नी व बच्चों को दे सकता है? अकसर ऐसे मामलों में पूरे परिवार को मौत की राह में ले जाने वाले आत्मघाती व्यक्ति के मन में यह भय भी होता है कि उसके जाने के बाद उसके परिवार का क्या होगा? कहीं उसके लिये कर्ज की सजा परिवार को तो नहीं मिलेगी? निस्संदेह, एक परिवार का यूं जहर खाकर आत्महत्या करना हमारी सामाजिक व्यवस्था में आई विद्रूपताओं की ओर इशारा करता है। जिस भी बैंक या व्यक्ति से आत्महत्या करने वाले परिवार के मुखिया ने कर्ज लिया था, निश्चय ही वहां से उसे किसी भी तरह की राहत की उम्मीद नजर नहीं आई होगी। लेकिन सवाल उठता है कि क्या उसे अपने मित्रों व रिश्तेदारों से भी किसी राहत की उम्मीद नहीं थी? क्या नैतिक दायित्व नहीं बनता कि संकट में फंसे व्यक्ति के नाते रिश्तेदार या मित्र मदद करें? यह दुखांत हमें कई सबक दे गया है। पहला तो यही कि हमें कर्ज उसी सीमा तक लेना चाहिए, जिस सीमा तक हम चुकाने की सामर्थ्य रख सकें। कोई भी जोखिम यदि हम व्यापार में उठाएं तो उसके तमाम नकारात्मक पहलुओं पर जरूरी विचार करें। उसके बुरे से बुरे परिणाम के बारे में आकलन करें। दूसरा सबक यह है कि हमारे सामने संकट कितना भी बड़ा क्यों न हो, हमें हार नहीं माननी चाहिए। यह भी कि खुद व परिवार को मौत के मुंह में धकेलना किसी समस्या का समाधान नहीं है। आज की पीढ़ी जल्दी मोटा मुनाफा कमाने की होड़ में बड़े कर्ज लेकर दांव तो खेलती है,लेकिन जरूरी नहीं हर जोखिम लाभदायक ही साबित हो। निश्चित तौर पर ऐसी पूरे परिवार की आत्महत्या की घटना लगातार सुनने को मिल रही है।




मेष : बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेगी। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# आखिरकार बांग्लादेश की कमजोर नसों को कब दबाएगा भारत?

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश एक बार फिर से उबल रहा है, जिससे मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार अस्थिरता के बवंडर की ओर निरंतर बढ़ रही है। उनकी सेना से ही उनकी ऊटपटांग नीतियों का विरोध हो रहा है।

कभी 'ग्रेटर बंगलादेश' का स्वप्न संजोने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता और बांग्लादेश के कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस अब अपने ही देश में ऐसे घिरे हैं कि जब उन्हें आगे का कोई रास्ता नजर नहीं आया तो फिर अपने जन्मदाता भारत पर ही अनर्गल लांछन लगाने लगे। वह अमेरिका, चीन, पाकिस्तान की गोद में खेलें, कोई बात नहीं लेकिन भारत और हिंदुओं से खेलेंगे तो अगले ऑपरेशन सिंदूर के लिए तैयार रहें। याद रखें, तब कोई बाप बचाने नहीं आएगा। हाल ही का पाकिस्तानी मंजर देख लें, अंजाम समझ लें और हो सके तो भारत के पड़ोस में बचकानी हरकत बंद कर दें।

बता दें कि अपनी पिछली चीन यात्रा के दौरान ही उन्होंने बढ़चढ़ कर भारत के चिकेन नेक पर काबिज होने, पश्चिम बंगाल-उत्तर-पूर्व बिहार और उत्तर-पूर्व के सात बहन राज्यों को मिलाकर ग्रेटर बांग्लादेश बनाने और नार्थ-ईस्ट राज्यों को लैंड लॉक्ड बताकर इलाकाई समुद्र का बेताज बादशाह होने का जो दिवास्वप्न उन्होंने देखा है, उसके मुताल्लिक भारत भी उन्हें दिन में ही तारे दिखाने की रणनीति बना चुका है। अब वो आगे बढ़ेंगे तो पीछे से भारत भी एक बार फिर बांग्लादेश का अंग भंग कर देगा! क्योंकि कभी पाकिस्तान से पूर्वी पाकिस्तान का अंग भंग करवाकर भारत ने ही जिस बांग्लादेश का निर्माण करवाया था, आज वही बांग्लादेश जब भारत को आंखें दिखाएगा तो अपने अंजाम को भी भुगतने को तैयार रहेगा।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि वहां की शेख हसीना सरकार की तख्तापलट के बाद महज 6 माह में ही परवर्ती कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की अगुवाई में बांग्लादेश भारत विरोधी चीनी, पाकिस्तानी और अमेरिकी अखाड़े का अड्डा बन चुका है, जो उसके लिए शर्म की बात होनी चाहिए। यही वजह है कि इस विफल सरकार के खिलाफ अब वहां भी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, जिससे देश में अस्थिरता बढ़ रही है। ऐसे में यूनुस ने अपना सारा दोष भारत पर मढ दिया है। हालांकि भारत के पास उन्हें जवाब देने के लिए ऐसे-ऐसे विकल्प मौजूद हैं, जिससे उनके होश उड़ सकते हैं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के



मुताबिक, बांग्लादेश एक बार फिर से उबल रहा है, जिससे मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार अस्थिरता के बवंडर की ओर निरंतर बढ़ रही है। उनकी सेना से ही उनकी ऊटपटांग नीतियों का विरोध हो रहा है। जबकि उनकी सरकार के खिलाफ जनता द्वारा भी अविलंब चुनाव की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इससे मुल्क में तनाव का आलम व्याप्त हो चुका है। चूंकि इस विरोध प्रदर्शन में सरकारी कर्मचारी भी शामिल हो चुके हैं। इसलिए अपनी उल्टी गिनती शुरू होते देख मोहम्मद यूनुस अपनी नाकामियों को बिना नाम लिए भारत पर थोपने की कोशिश कर रहे हैं। वहां उनकी लापरवाही और अदूरदर्शिता से अब जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए 'विदेशी साजिश' को जिम्मेदार बता रहे हैं।

जबकि, हकीकत ये है कि उन्हें सिर्फ चुनाव करवाने तक के लिए सरकार चलाने भर की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन, जानकार बताते हैं कि वह चुनाव छोड़कर बाकी हर तरह के हथकंडे अपनाने में लगे हैं। बांग्लादेश की विदेश नीति, उसका संविधान, उसका इतिहास और यहां तक कि उसके जन्म की मूल अवधारणा तक को वो नकारने के लिए आत्मघाती दांव लगा रहे हैं। यही वजह है कि आज बांग्लादेशी फौज भी उनके विरोध में खड़ी हुई है।



- कमलेश पांडे

**साफ है कि बांग्लादेश के मौजूदा हालात, मोहम्मद यूनुस की ओर से सत्ता में बने रहने के लिए चलाए जा रहे खौफनाक एजेंडा की गवाही दे रहे हैं और भारत में अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए जो तल्ख विचार सामने आ रहे हैं, उससे भारतीयों को यह आस्वस्ति मिल रही है कि हमारा जवाब बहुत करारा होगा। क्योंकि रंगपुर में चिकन नेक कॉरिडोर काटने का मतलब है कि भारत का सिलीगुड़ी कॉरिडोर बहुत ही विशाल हो जाएगा।**

ऐसे में यह कहना गलत न होगा कि मोहम्मद यूनुस जब से बांग्लादेश की सत्ता में आए हैं, भारत के चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मनों के साथ झूम-झूम कर नाचने-गाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, उन्हें चीन के दम पर भारत के जिस भारत के चिकन नेक कॉरिडोर (सिलीगुड़ी कॉरिडोर) को दबा पाने की गलतफहमी हो गई है, ग्रेटर बांग्लादेश बनवाने में विदेशियों व भारत के मुसलमानों के साथ मिलने का भ्रम हो चुका है, और लैंड लॉक्ड नार्थ ईस्ट के चलते समुद्र का बेताज बादशाह होने के जो सपने उन्होंने चीन को दिखाए हैं, तब उन्हें शायद यह अंदाजा भी नहीं रहा होगा कि भारत के रणनीतिकार उनके साथ और उनके हमदम चीन-पाकिस्तान-म्यांमार के साथ क्या क्या कर सकता है। शायद मोहम्मद यूनुस शायद यह भूल चुके हैं कि बांग्लादेश की पैदाइश ही कुशल भारतीय विदेश नीति की सफल देन रही है, जिसे तब अमेरिका व चीन नहीं रोक पाए थे। यह भारत की वीरता है जो चुटकट्टो पर युद्ध के मैदान में भारी पड़ती है।

ऐसे में जब वो अपने जन्मदाता की संप्रभुता और अखंडता को ही चुनौती देने लगेंगे तो भारत को भी देर-सबेर अपने सटीक विकल्प तलाशने पड़ेंगे।

गौरतलब है कि उन्होंने गत 25 मई रविवार को एक एक्स पोस्ट डाला है, जिसमें उन्होंने दो टूक लिखा है कि 'जिन्हें भारत को चिकन नेक कॉरिडोर पर धमकाने की आदत पड़ चुकी है, उन्हें तीन तथ्यों को ध्यान से नोट कर लेना चाहिए।' पहला, बांग्लादेश के पास अपने दो 'चिकन नेक' हैं और दोनों भारत से कहीं ज्यादा असुरक्षित हैं। पहला है 80 किमी लंबा उत्तर बांग्लादेश कॉरिडोर, जो दक्षिण दिनाजपुर से दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स (मेघालय) तक जाता है। अगर यहां कोई रुकावट आती है, तो पूरा रंगपुर डिवीजन बांग्लादेश से कट सकता है। मतलब, रंगपुर का बाकी बांग्लादेश से संपर्क टूट जाएगा।

28 किमी का चटगांव कॉरिडोर, जो साउथ त्रिपुरा से बंगाल की खाड़ी तक जाता है। यह कॉरिडोर भारत के 'चिकन नेक' से भी छोटा है। पर यह बांग्लादेश की आर्थिक राजधानी और राजनीतिक राजधानी को जोड़ने वाला एकमात्र रास्ता है।

इससे साफ है कि बांग्लादेश के मौजूदा हालात, मोहम्मद यूनुस की ओर से सत्ता में बने रहने के लिए चलाए जा रहे खौफनाक एजेंडा की गवाही दे रहे हैं और भारत में अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए जो तल्ख विचार सामने आ रहे हैं, उससे भारतीयों को यह आस्वस्ति मिल रही है कि हमारा जवाब बहुत करारा होगा। क्योंकि रंगपुर में चिकन नेक कॉरिडोर काटने का मतलब है कि भारत का सिलीगुड़ी कॉरिडोर बहुत ही विशाल हो जाएगा। कहने का तातपर्य यह कि अभी जो लगभग 22 किलोमीटर की चौड़ी पट्टी है और जिसपर यूनुस और भारत के दुश्मनों की नजर लगी हुई है, वह अप्रत्याशित रूप से इतनी चौड़ी हो सकती है कि मतलब, पूर्वोत्तर की बहुत बड़ी समस्या एक ही झटके में खत्म हो सकती है। वहीं, अगर हम त्रिपुरा के कुछ किलोमीटर तक नीच चले जाएं यानी चटगांव कॉरिडोर को भारत में मिला लें तो पूरे पूर्वोत्तर को जोड़ने वाला भारत का अपना समुद्र यहां भी हो जाएगा। देखा जाए तो यह सामरिक और आर्थिक रूप से बहुत ही फायदे का सौदा साबित होगा। क्योंकि भविष्य में मोहम्मद यूनुस की तरह के विचार वाले बांग्लादेश के किसी अन्य शासक की भी आए तो आए दिन की होने वाली नौटंकी भी हमेशा के लिए खत्म की जा सकती है।

## लेटर टू एडिटर

### सराहनीय कदम

**दिल्ली** के सभी 11 जिलों में मिनी सचिवालय स्थापित करने की मुख्यमंत्री की घोषणा सराहनीय है। इससे स्थानीय समस्याओं जैसे सीवर, जल निकासी, ट्रैफिक, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य आदि का समाधान एक ही स्थान से संभव होगा। प्रत्येक सचिवालय में एक आईएएस अधिकारी की नियुक्ति होनी चाहिए। इससे दिल्ली को ग्रीन और प्रदूषण मुक्त बनाने में मदद मिलेगी।

**-वीरेंद्र कुमार, रांची**

### सामूहिक त्रासदी

**पंचकूला** में एक परिवार की सामूहिक आत्महत्या ने समाज और व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर किया है। कर्ज के बोझ और मानसिक तनाव ने एक व्यक्ति को इतना विवश कर दिया कि उसने पूरे परिवार को मौत की ओर धकेल दिया। यह घटना मानसिक स्वास्थ्य, आर्थिक सहयोग और सामाजिक समर्थन की तत्काल आवश्यकता का स्पष्ट संकेत है।

**- रविकांत , जमशेदपुर**

## ट्वीट

**पहलगाम** के कायराना आतंकी हमले में जान गंवाने वाले हमारे कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी के परिजनों से आज मुलाकात हुई। उन्होंने आतंक के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के लिए हमारी पराक्रमी सेना का आभार जताया। उनका ये जज्बा देशवासियों को प्रेरित करने वाला है।बिहार के साथ देशभर में सामाजिक न्याय का नया सवेरा एनडीए के दौर में ही दिखा है। गरीबों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के साथ हमारा लक्ष्य इन्हें शत-प्रतिशत लाभार्थियों तक ले जाने का है।

मखाना बोर्ड और बिहार में फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा देने जैसे उपायों से साफ है कि डबल इंजन सरकार बिहार के किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। **– नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# खरीफ की फसल की बुवाई से पहले एमएसपी की घोषणा अच्छा कदम

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

कृषि

केन्द्र सरकार की खरीफ फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा धरती पुत्रों के फायदे के लिए लिए अच्छा कदम है। खरीफ की बुवाई से पहले की गई इस घोषणा को सकारात्मक माना जाना चाहिए। सरकार ने श्रीअन्न को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का सफल प्रयास कर अब देश को दलहन और तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी सार्थक प्रयास कर रही है। 2027 तक दलहन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ सरकार आगे बढ़ रही है तो तिलहन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रयास किए जा रहे हैं।

केंद्र सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि आगामी खरीफ के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य में रामतिल के भाव में सर्वाधिक 820 रुपये की बढ़ोतरी करते हुए इसे 9537 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया है। तिल की एमएसपी में 579 रुपये, सोयाबीन में 436 रुपये, सूरजमुखी में 441 रुपये और मूंगफली की एमएसपी में 480 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। उड़द में 400 रुपये तो मूंग की एमएसपी में 86 रुपये और अरहर की एमएसपी में 450 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। बाजरा, रागी, ज्वार, कपास, धान आदि अन्य खरीफ फसलों की एमएसपी दर में भी बढ़ोतरी की गई है।जहां तक एमएसपी दर की घोषणा की बात है सरकार की इच्छा शक्ति पर किसी तरह का संदेह नहीं किया जा सकता है। मोदी सरकार के 2013-14 से 2025-26 तक के कार्यकाल की एमएसपी दरों में बढ़ोतरी निश्चित रूप से सकारात्मक दिशा में बढ़ता कदम माना जा सकता है। 2013-14 की तुलना में 226 प्रतिशत की बढ़ोतरी रागी के समर्थन मूल्य में की गई है। बाजरा में 122 प्रतिशत तो ज्वार की एमएसपी में 147 प्रतिशत तक की बढोतरी हो चुकी है। दलहन और तिलहन की खरीफ फसलों में भी 82 प्रतिशत से रामतिल में 172 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। यह भी दावा है कि एमएसपी घोषणा करने से पहले सरकार ने फसलों की लागत के सभी पहलुओं को ध्यान में रखा।

किसान आंदोलनों के दौरान सबसे अहम मुद्दा एमएसपी को लेकर ही रहता आया है। अब किसान नेताओं का कहना है कि सरकार एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। एफसीआई और नैफेड एमएसपी खरीद की नोडल एजेंसी हैं। कपास की खरीद सीसीआई करती है। एफसीआई व नैफेड की खरीद सुविधा में राज्यों की सहकारी विपणन संस्थाएं प्रमुखता से सहभागी रहती हैं। खरीद व्यवस्था को भी पारदर्शी और ऑनलाइन कर दिया गया है। रजिस्ट्रेशन से लेकर सीधे खातों में भुगतान तक की व्यवस्था की गई है। पर कहीं ना कहीं व्यवस्था में झोल अवश्य है। इसको यूं समझा जा सकता है कि एक समय था जब सरकारी खरीद शुरू होने की घोषणा और लगभग 10 से 15 प्रतिशत उत्पादन की खरीद होते होते मंडियों में भाव एमएसपी के आसपास आ जाते थे। इसका परिणाम यह होता था कि ना तो किसानों की नाराजगी रहती थी और ना ही अन्य कोई समस्या आती थी। ठीक इसके उलट आज खरीद व्यवस्था के पारदर्शी होने के बावजूद किसान अपने आप को ठगा महसूस करता है।

इसका एक बड़ा कारण तो यह है कि बाजरा आदि की खरीद तो सरकार किसी ना किसी बहाने टालती रहती है क्योंकि बाजरा की खरीद के बाद रखरखाव को लेकर संकट रहता है।सरकार का मानना है कि उसे नुकसान अधिक होता है क्योंकि खरीदा हुआ बाजरा जल्दी खराब हो जाता है। दूसरी ओर व्यवस्था को लाख पारदर्शी और जबावदेह बनाने के बावजूद बिचौलिये इस व्यवस्था का भरपूर लाभ उठाते हैं। कहीं कहीं तो खरीद केन्द्रों पर जितनी मात्रा में खरीद हो रही है वह उस क्षेत्र में उत्पादित पैदावार से भी अधिक हो जाती है।

इसके साथ ही किसानों की तात्कालीक आवश्यकताओं के चलते आढ़तियों की मौज रहती है।हालांकि इसे व्यवस्था का ही दोष माना जा सकता है। होना तो यह चाहिए कि जिन फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा सरकार करती है उन फसलों के तैयार होकर मंडियों में आने से पहले ही सरकार को खरीद की आवश्यक तैयारियां पूरी कर लेनी चाहिए। आज सरकार के पास उत्पादन का सारा डेटा उपलब्ध होता है।

ऐसे में संभावित खरीद का आकलन भी सुनिश्चित हो जाना चाहिए।न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर सरकार को श्रीअन्न खासतौर से बाजरा आदि की खरीद की भी स्पष्ट नीति बनानी होगी। इसके लिए बाजार ताकतों को भी सक्रिय करना होगा ताकि बाजार में श्रीअन्न बाजरा आदि की मांग बढ़े और सरकारी खरीद ना होने की स्थिति में भी एमएसपी दर तो कम से कम उत्पादक किसान को बाजार में मिल सके।

# मेक इन इंडिया से सुदृढ़ हुआ भारतीय औषधि विज्ञान

**मुकुंद**

विमर्श

**भारत** ने इस अवधि में यूनिसेफ की कुल खरीद में 55 प्रतिशत से 60 प्रतिशत योगदान दिया। आज का नया भारत क्रमशः डीपीटी, बीसीजी और खसरे के टीकों के लिए डब्ल्यूएचओ की मांग का 99 प्रतिशत, 52 प्रतिशत और 45 प्रतिशत पूरा करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान के अनुरूप रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का औषध विभाग सस्ती दवाओं की कीमत, उपलब्धता, अनुसंधान, विकास और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन करता है।

भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीबीआई) की वेबसाइट में 13 अप्रैल को इस आशय के आंकड़े साझा किए गए हैं। भारतीय दवा उद्योग घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली, कम लागत वाली प्रभावी दवाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं, प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण और स्वदेशी ब्रांडों के मजबूत नेटवर्क में इसके प्रभुत्व को दशार्ता है। इसमें चिकित्सा उपकरण उद्योग के कई क्षेत्र अत्यधिक पूंजी-प्रधान हैं। वह इसलिए कि इस क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकियों का निरंतर समावेशन किया जाता है। इसमें मदद के लिए औषध विभाग सरकारी अनुमोदन के माध्यम से एफडीआई प्रस्तावों पर एफडीआई नीति के अनुसार अनुमोदन या अस्वीकृति के लिए विचार करता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 तक एफडीआई प्रवाह (फार्मास्युटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों दोनों में) 11,888 करोड़ रुपये रहा है । इसके अलावा, औषध विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ब्राउन फील्ड परियोजनाओं के लिए 7,246.40 करोड़ रुपये के 13 एफडीआई प्रस्तावों को मंजूरी दी ।

भारत सरकार की 2020 में शुरू की गई उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने भी इसमें क्रांतिकारी पहल की है। पीएलआई का प्रमुख उद्देश्य घरेलू उत?पादन को बढ़ावा देना, निवेश आकर्षित करना, आयात पर निर्भरता कम करना और निर्यात बढ़ाना है। आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल के दृष्टिकोण के अनुरूप यह योजना उत्पादन में प्रदर्शन के आधार पर वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।

फार्मास्यूटिकल्स के लिए पीएलआई योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24 फरवरी 2021 को मंजूरी दी थी। इसका वित्तीय परिव्यय 15,000 करोड़ रुपये है। यह तीन श्रेणियों के तहत पहचाने गए उत्पादों के उत?पादन के लिए 55 चयनित आवेदकों को छह साल की अवधि के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है । इस योजना में कैंसर रोधी और ऑटो इम्यून जैसी दवाओं का उत्पादन शामिल है। पीएलआई के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि लक्षित निवेश को पार करना है। प्रारंभिक प्रतिबद्धता 3,938.57 करोड़ रुपये आंकी गई थी। वास्तविक प्राप्त निवेश पहले ही 4,253.92 करोड़ रुपये (दिसंबर 2024 तक) तक हासिल हो चुका है।

इसके अलावा मार्च 2020 में स्वीकृत बल्क ड्रग पार्क योजना (वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2025-26) का उद्देश्य उत?पादन लागत को कम करने और बल्क ड्रग्स में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए विश्वस्तरीय सामान्य बुनियादी ढांचे वाले पार्क स्थापित करना है।

इस योजना के तहत गुजरात, हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश के प्रस्तावों को मंजूरी दी दी जा चुकी है। वित्तीय सहायता प्रति पार्क 1,000 करोड़ रुपये या परियोजना लागत का 70 फीसद (पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों के लिए 90 फीसद) तक सीमित है।इसका कुल परिव्यय 3,000 करोड़ रुपये है। सबसे खास प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना है।

**कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने कोलंबिया लिबरल पार्टी के नेता एवं पूर्व राष्ट्रपति सीजर ऑगस्टो गेविरिया ट्रूजिलो से मुलाकात की। सौजन्य अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### जेएसएलपीएस का जागरूकता अभियान



**रामगढ़।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) ने महिला स्वयं सहायता समूहों की प्रेरणादायक कहानियों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से 30 मई को जेएसएलपीएस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स के प्रचार प्रसार हेतु राज्यव्यापी सोशल मीडिया जागरूकता अभियान चलाया। इसी क्रम में रामगढ़ जिले अंतर्गत सभी प्रखंडों में ग्राम स्तरीय सभी ग्रामीण महिलाओं द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव की महिलाएं अब सिर्फ घर तक सीमित नहीं हैं। वे अपने संघर्ष, सफलता और बदलाव की कहानियां अब डिजिटल दुनिया तक पहुंचा रही हैं। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा शुक्रवार को सभी प्रखंडों में विशेष सोशल मीडिया प्रचार अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य था कि महिला स्वयं सहायता समूहों (सखी मंडलों) की प्रेरणादायक कहानियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए, ताकि समाज के अन्य वर्गों को भी इससे सीख और प्रेरणा मिले। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स (फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम) की जानकारी दी गई और महिलाओं को इन्हें फॉलो कर कहानियां साझा करने के लिए प्रेरित किया गया।

### मैट्रिक में कुमार क्लासेस का उत्कृष्ट प्रदर्शन



भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा के चपरासी क्वार्टर स्थित कुमार क्लासेस कोचिंग संस्थान के बच्चों ने जैक मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर अपने माता-पिता, शिक्षक और संस्था का नाम रोशन किया है। चपरासी क्वार्टर मोहल्ला निवासी विनोद कुमार और इंदु देवी की पुत्री नव्या कुमारी, जो पावन क्रूस विद्यालय एवं कुमार क्लासेस की छात्रा है ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रामगढ़ जिला में तीसरा स्थान हासिल की है। जो की कोयलांचल भुरकुंडा के लिए गौरव की बात है। वहीं, सौंदा डी हाई स्कूल और कोचिंग की ही छात्रा पूजा मुखर्जी ने 84 प्रतिशत अंक लाकर अपने स्कूल की टॉपर बनीं। इसके अलावा निशु कुमारी ने 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सौंदा डी हाई स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

### तीन सीसीएल कर्मियों को दी गयी विदाई




कुजू। सीसीएल कुजू क्षेत्र के पुंडी परियोजना के ईएंडएम विभाग से तीन सीसीएल कर्मियों के सेवानिवृति को लेकर विदाई समारोह हुआ। समारोह में पुंडी परियोजना अभियंता मुरली मनोहर व कोल इंडिया इम्प्लाई एसोसिएशन सिस्टा कुजू क्षेत्रीय सचिव सह जनता मजदूर संघ पुंडी शाखा सचिव ब्रह्मदेव राम, क्षेत्रीय अध्यक्ष एलारूस उरांव शामिल हुए। इस दौरान सेवानिवृत कर्मी रामेश्वर प्रजापति, धर्मा महतो व श्यामलाल मांझी को फूल माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व छाता देकर सम्मानित किया गया। मौके पर राजेश चंद्रा, जयदेव मुखर्जी, ललित कुमार, सुदामा प्रजापति, टिकेंद्र कुमार महतो, पच्चू महतो, जागो गंझू, नंदकिशोर महतो, मंसूर मियां, सादिक अंसारी, बजरंगी, मानको देवी सहित व अन्य उपस्थित थे।

### वन नेशन वन इलेक्शन को ले सेमिनार



कुजू। वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर ओरला पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को संतोषी महिला समूह के तत्वावधान में सेमिनार हुआ। सेमिनार में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, पूर्व जिलाध्यक्ष रंजीत सिन्हा, बसंत प्रसाद साहू शामिल हुए। सेमिनार का शुभारंभ भारत माता की चित्र पर पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलित कर और वंदे मातरम गायन कर किया गया। इस दौरान सेमिनार का विषय प्रवेश कार्यक्रम जिला प्रभारी डॉ विनोद ठाकुर ने कराया। अर्जुन सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के वन नेशन वन इलेक्शन का प्रस्ताव विकसित भारत बनाने की दिशा में एवं 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाने में महत्वपूर्ण कारगर साबित होगा। वन नेशन वन इलेक्शन से देश को होने वाले करोड़ों रुपए खर्च की सीधी बचत होगी। साथ ही, आमजन को सीधा लाभ मिलेगा और विभिन्न चुनावो में होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। सेमिनार की अध्यक्षता मुखिया गुड़िया देवी, संचालन पूर्व मुखिया निर्मल करमाली और धन्यवाद ज्ञापन शंभुलाल ठाकुर ने किया।

### एजेकेएसएस के अध्यक्ष बने राजीव झा



भुरकुंडा (रामगढ़)। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (एजेकेएसएस) एटक रीजनल स्टोर सौंदा डी शाखा कमेटी का पुनर्गठन को लेकर शुक्रवार को भुरकुंडा में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसएस डे ने की। बैठक के दौरान नई कमेटी का गठन भी किया गया। जिसमें राजीव कुमार झा को अध्यक्ष, राजकुमार सिंह को उपाध्यक्ष, एसएस डे को सचिव, रविंद्र सिंह को सह सचिव, विनोद कुमार राय को संगठन मंत्री, कृष्ण कुमार हांसदा को सह संगठन मंत्री तथा मंसू बेदिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यो में विकास सिंह, सीता देवी, रेणु देवी, इंदुमती देवी, बुधनी देवी, लक्ष्मीनिया देवी, भुवनेश्वरी देवी, धनेश्वर गोप, मनोज कुमार तुरी और सेमबाई शामिल हैं।

### अभीश्री को एलएलबी में मिली कामयाबी

रामगढ़। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, ओड़िसा द्वारा आयोजित एलएलबी प्रवेश परीक्षा में रामगढ़ की अभीश्री आनंदी ने सफलता प्राप्त किया है। अभीश्री ने तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। अभीश्री आनंदी के पिता अजीत गुप्ता सीआईएसएफ में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं और माता रजनी गुप्ता गृहिणी है। यह परिवार प्रणीत टावर रांची रोड रामगढ़ में रहता हैं।

## गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस में हुये शामिल मनीष जायसवाल, कहा

# अर्जन देव जी की सेवा मिसाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** शहीदों के सरताज, सिख धर्म के पाँचवें गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी की शहीदी दिवस पर शुक्रवार को रामगढ़ अवस्थित गुरुद्वारा में आयोजित उनके शहीदी दिवस कार्यक्रम में सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे और यहां गुरुद्वारा में माथा टेककर उन्हें शत- शत नमन किया। सांसद मनीष जायसवाल ने कीर्तन का आनंद लिया और सामूहिक लंगर में बैठकर प्रसाद भी पाया। रामगढ़ के सिख समाज के पदाधिकारियों ने सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य भाजपा नेताओं का अंग-वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान इस गुरुद्वारा समिति द्वारा मुफ़्त दंत चिकित्सा शिविर, बुजुर्गों के लिए निःशुल्क आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर, प्याऊ और लंगर लगा था। जायसवाल ने कहा कि गुरु अर्जन देव जी ने सत्य, धर्म और मानवता के मार्ग पर अडिग रहते हुए अपना बलिदान दिया। उनका जीवन त्याग, सेवा और सहनशीलता की मिसाल है। धर्म की रक्षा और सामाजिक सौहार्द्र के लिए दिया गया उनका बलिदान युगों तक समस्त मानव जाति को सच्चाई, साहस और करुणा के पथ पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा। गुरुद्वारा पहुंचने से पूर्व सांसद मनीष जायसवाल का स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओंऔर समर्थकों ने रामगढ़ शहर के सुभाष चौक पर फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधन कमिटी के प्रधान प्रमदीप सिंह कालरा, रामगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रामगढ़ विधानसभा के सांसद मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, मीत प्रधान अमरजीत सिंह, हरपाल सिंह होरा, मनमोहन सिंह लम्बा, जगजीत सिंह सोनी, हैप्पी छावड़ा, परमजीत सिंह सैनी,करमजीत सिंह जग्गी, इंद्रजीत सिंह कोहली, भाजपा जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी,विजय जायसवाल, प्रो संजय सिंह, ,जिला उपाध्यक्ष छोटन सिंह,महेंद्र प्रजापति,उमेश प्रसाद,प्रो आलोक सिंह,रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव,मिथलेश मंडल,सुशांत पांडे,ब्रजेश पाठक,तरुण साव,सुमित अग्रवाल,सहित भारी संख्या में सिख समाज के लोग उपस्थित थे।

# किसानों को दी गयी आधुनिक कृषि तकनीक की जानकारी

**हजारीबाग जिले के तीन प्रखंडों में विकसित कृषि संकल्प अभियान**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बरही।** जिले में चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के दूसरे दिन हजारीबाग के तीन प्रमुख प्रखंडों झ बरही, सदर और पदमा में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों व सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अभियान में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आइएआरआइ) के वैज्ञानिकों, अनुसंधान तकनीशियनों और एटीएमए पदाधिकारियों की टीमों ने भाग लिया। टीमों ने बरही प्रखंड के करियातपुर, पंचमाधव और बेंदगी, सदर प्रखंड के गुरहेत, चुटियारो, हुटपा और सूरजपुरा तथा पदमा प्रखंड के बंदरबेला और दोनईखुर्द गांवों का दौरा किया। इस दौरान किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना, कृषि अवसंरचना कोष, डिजिटल कृषि मिशन, प्राकृतिक खेती, सूरजधारा योजना एवं फसल विविधीकरण जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने किसानों को उच्च गुणवत्ता की फसल किस्मों, जैव-उर्वरक उत्पादन एवं उपयोग, और आधुनिक उपकरणों की उपयोगिता पर भी मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण यह रहा कि इसमें 50% से अधिक महिलाओं की भागीदारी रही, जिससे ग्रामीण महिला किसानों की जागरूकता और उत्साह स्पष्ट झलका। टीमों ने स्थानीय कृषि समस्याओं की पहचान कर समाधान भी सुझाए। साथ ही किसानों को विशेषज्ञों के संपर्क विवरण सहित निर्देशिकाएँ प्रदान की गईं ताकि भविष्य में भी मार्गदर्शन लिया जा सके। यह अभियान किसानों को आत्मनिर्भर और आधुनिक कृषि की दिशा में प्रेरित कर रहा है।

### कोल वर्कर्स यूनियन का सम्मेलन 11 को

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन भूरकुंडा शाखा की बैठक गुरुवार को यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव व शाखा अध्यक्ष सह सयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य नरेश मंडल, सुरक्षा समिति सदस्य विकास कुमार, शाखा सचिव, लखेन्द्र राय उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया की आगामी 11 जुन को ऑफिसर्स क्लब भूरकुंडा में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का 13वां केंद्रीय सम्मेलन बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। केंद्रीय सम्मेलन में झारखंड राज्य के सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल कंपनी से करीब 300 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

जिसमें बरका-सयाल एरिया के 36 प्रतिनिधि और भूरकुंडा से 8 प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मेलन की तैयारी को लेकर पांच तोरणद्वार और एक मुख्य द्वार बनाया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर सभी साथी जुट गए है। सम्मेलन के लिए स्वागत समिति का गठन किया गया है।

## भुरकुंडा में श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर प्रसाद व शरबत वितरित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एनटीपीसी गेट के समक्ष विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरुद्वारा कमेटी पतरातू एवं सीआईएसएफ यूनिट पतरातू के संयुक्त सौजन्य से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद व ठंडे शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी शामिल हुए। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि यह आयोजन गुरुजी की अमर शहादत की स्मृति में किया गया, जिसमें सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता के मूल संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और गुरुजी की शिक्षाओं को स्मरण करते हुए उनके चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए। गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों और सीआईएसएफ के जवानों ने आयोजन को सफल बनाया, जिससे पूरे क्षेत्र में अध्यात्मिक ऊर्जा और भाईचारे का वातावरण बना रहा।

### कुजू में चना-शरबत का वितरण



**कुजू।** कुजू चौक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कुजू द्वारा शुक्रवार को शहीदों के सरताज गुरु अर्जन देव जी महाराज के शहादत दिवस पर लोगों के बीच चना-शरबत का वितरण किया गया। गुरुद्वारा के ज्ञानी रवींद्र सिंह द्वारा सुखमणि साहिब का पाठ,कीर्तन, अरदास के उपरांत चना-शरबत का वितरण किया गया। इस दौरान गुरु सेवकों ने वाहनों,आने-जाने वाले राहगीरों सहित अन्य लोगों के बीच चना-शरबत वितरित किया। मौके पर ज्ञानी रवींद्र सिंह ने गुरु अर्जुन देव जी महाराज की शहादत की जानकारी दी। शहादत दिवस कार्यक्रम की सफलता में चरणजीत सिंह, बलजीत सिंह, सुमित सिंह, करणजीत सिंह,अमनदीप सिंह, हरप्रीत सिंह का अहम योगदान रहा।

# रामगढ़ में धड़ल्ले से चल रहा अवैध कोयले का कारोबार

**ज्योति सिन्हा**





**गोला, रजरप्पा, वेस्ट बोकारो, बरकाकाना,पतरातू,कुजू, मांडू, और भुरकुंडा में तस्कर उत्खनन कर कोयले को स्थानीय फैक्ट्री व कोयला मंडियों में भेज रहे हैं**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में इन दिनों अवैध कोयले का कारोबार उफान पर है। धंधे से जुड़े चुनिंदा धंधेबाजों ने जिले के अलग-अलग इलाकों में सीसीएल की बंद पड़ी खदानों से धंधे को अंजाम दे रहे हैं। जिले के गोला, रजरप्पा, वेस्ट बोकारो, बरकाकाना,पतरातू,कुजू, मांडू, भुरकुंडा क्षेत्र में इस धंधे से जुड़े धंधेबाज सक्रिय हैं इन क्षेत्रों में धंधेबाजों द्वारा कोयला उत्खनन कराकर कोयले को ट्रकों के माध्यम से स्थानीय फैक्ट्री तथा कोयला मंडियों में भेजा जा रहा है। धंधेबाज इसके लिए स्थानीय लोगों को धंधे में संलिप्त कर उन्हें कोयला उत्खनन कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में मजदूर लगाने, अधिक से अधिक कोयला प्रतिदिन कटवाने,रात में पॉइंट पर भेजे जाने वाले ट्रक पर कोयला लोडिंग कराने की जिम्मेदारी दी जाती है। मजदूरी भुगतान के लिए उन्हें एडवांस पेमेंट भी कर दिया जाता है। गोला थाना क्षेत्र में चार, रजरप्पा में सात,पतरातू में चार,भुरकुंडा में छह, बरकाकाना में तीन, वेस्ट बोकारो में सात, मांडू थाना क्षेत्र में चार तथा कुजू ओपी क्षेत्र में नव अवैध कोयला उत्खनन स्थल हैं, जहां से प्रतिदिन 80-90 ट्रक कोयले को कोयला मंडी तथा स्थानीय फैक्ट्री में भेज कर खपाया जा रहा है।

प्रशासन बनी हुई मूकदर्शकः इस बार जिले में जो अवैध कोयले का कारोबार चल रहा है, वह पहले से इतर है। इसके पहले धंधेबाज पुलिस कप्तान व स्थानीय पुलिस की मिली भगत से धंधे को अंजाम देते थे। लेकिन इस बार धंधेबाजों ने राजधानी में बैठे अपने आका की छत्रछाया में जा बैठे है। जहां से उन्हें अलग-अलग थाना क्षेत्रों में धंधे को चलाने की हरी झंडी मिलती है।और प्रशासन को इसकी केवल जानकारी दे दी जाती है। ऐसे में स्थानीय प्रशासन की स्थिति बिल्ली के गले में घंटी बांधे कौन जैसी हो गई है। राजधानी में बैठे राजनीतिक आका के आगे पुलिस प्रशासन न चाहते हुए भी अपनी आंखें बंद कर ली है। कारण उन्हें तबादले अथवा सेंटिंग में भेज देने का भय जो रहता है।वहीं धंधेबाज भी अपनी पहुंच राजधानी तक होने का हवाला देते हुए कॉलर उठाकर पुलिस की नाक के नीचे सीसीएल की बंद पड़ी भूमिगत तथा खुली खदान से कोयला खनन कराकर धंधे को अंजाम देते हुए मोटी कमाई कर रहे हैं। पूर्व उपायुक्त चंदन कुमार ने अवैध कोयला उत्खनन पर अंकुश लगाने पर ठोस कदम उठाया था। उनके इस कार्रवाई से धंधेबाजों के पसीने छूट रहे थे। परिणाम यह निकला कि अवैध कोयला कारोबार का पहिया थमनें के बजाय उनका हीं स्थानांतरण कर दिया गया।

## एक नजर में

### कटकमसांडी में बाइक से गिरकर अधेड़ की मौत

**कटकमसांडी।** हेसाकुदर निवासी पप्पु उर्फ चितरंजन पांडेय (42 वर्ष) का शव शुक्रवार को करीब दस बजे दिन में तुरकाटांड़ जंगली पथ पर मिला। घटना की सूचना पाकर कटकमसांडी पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु एसबीएमसीएच भेज दिया। पोस्टर्माटम के बाद शव को परिजनो को सुपुर्द किया गया। इधर मृतक के परिजनों ने हत्या कर जेब से पांच हजार रूपए निकालने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। आवेदन के विरुद्ध कटकमसांडी पुलिस ने पूछताछ के लिए गांव के ही धर्मेंद्र भुईयां नामक एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत मे लिया है। दूसरी ओर घटना के बाबत बताया गया कि मृतक पप्पु पांडेय उर्फ चितरंजन पांडेय शुक्रवार को करीब छह बजे समीप के हरिजन मुहल्ला धर्मेंद्र भुईयां के घर छठियारी कार्यक्रम में पहुंचा, जहां महुआ शराब का सेवन किया गया। बाद में देशी दारू लाने धर्मेंद्र भुईयां पप्पु पांडेय व दो अन्य लोगों के साथ तुरकाटांड़ पहुंचे, जहां जमकर नशापान किया और चारो एक ही बाइक पर सवार होकर हेसाकुदर गांव वास आ रहे थे। इसी बीच रास्ते मे बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया और पप्पु पांडेय मौके पर ही दम तोड़ दिया। पप्पु पांडेय को मृत देख उक्त तीनो भाग गए। जब काफी देर के बाद भी पप्पु पांडेय घर नही पहुंचा, तो घर वाले खोज बीन करना शुरू किया। इसी दौरान किसी ने परिजनो को खबर दी कि पप्पु पांडेय रास्ते मे मृत पड़ा हो और एक बाइक भी दुर्घटनाग्रस्त है। भाई की मौत के लिए जिम्मेदार धर्मेंद्र भुईयां, व दो पर मृतक के भाई ने मामला दर्ज कराया है।

### असधीर में वज्रपात से मासूम की मौत

कटकमसांडी। हजारीबाग के सदर विधानसभा अंतर्गत कटकमसांडी प्रखंड के लुपुंग पंचायत स्थित असधीर गांव में एक ही परिवार में दो आकस्मिक मौतों ने पूरे गांव को गहरे शोक में डाल दिया। जानकारी के अनुसार, गांव के निवासी राजू यादव की मृत्यु वज्रपात से हो गई। इसी परिवार की 12 वर्षीय बच्ची की भी अचानक मौत हो गई, जिससे गांव में मातम का माहौल है।आज परिवार से मिलने कई राजनीतिक व सामाजिक प्रतिनिधि पहुंचे। परिजनों को सांत्वना दी गई और नमो श्राद्ध राशन किट प्रदान की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, जिला मंत्री रीतलाल यादव, मुखिया अशोक राणा, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपक मेहता, पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।
इन आकस्मिक मौतों ने ग्रामीणों को गहरे सदमे में डाल दिया है और प्रशासन से राहत सहायता की मांग भी उठ रही है।

### फाइलेरिया के लिए रक्त सर्वेक्षण शिविर

बरही। अनुमंडलीय अस्पताल द्वारा 29 मई की रात ग्राम बरसोत चौक और जीतपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया रोगियों की पहचान के लिए रात्रि रक्त सर्वेक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी ने फीता काटकर और रक्तपट देकर किया। मलेरिया पर्यवेक्षक मो. इरशाद आलम के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों को फाइलेरिया (हाथीपांव) के लक्षण, कारण और बचाव के बारे में जानकारी दी गई। यह बीमारी मच्छरों के काटने से फैलती है और हाथ-पैर व अन्य अंगों में असामान्य सूजन ला सकती है। सहयोगी टीम में लैब टेक्नीशियन विष्णु महतो, शाहिद अली, संतोष कुमार, माया देवी, यशोदा देवी सहित कई स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे। इस दौरान 244 ग्रामीणों के रक्त के नमूने लिए गए। शिविर का उद्देश्य गांव में समय रहते फाइलेरिया के संभावित रोगियों की पहचान कर उन्हें उपचार उपलब्ध कराना था। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना की और ऐसे शिविरों को और व्यापक रूप से आयोजित करने की मांग की।

### इचाक के बरकाखुर्द में लगा नया ट्रांसफार्मर

इचाक: हजारीबाग जिले के ईचाक प्रखंड अंतर्गत बरकाखुर्द गांव में लंबे समय से बिजली संकट का सामना कर रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता के प्रयास से गांव में 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता, पंचायत की मुखिया सीता कुमारी एवं पंसस प्रदीप मेहता ने फीता काटकर व नारियल फोड़कर विधिवत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से गांव अंधेरे में डूबा था क्योंकि पुराना ट्रांसफार्मर जल गया था। ग्रामीणों ने समस्या से अवगत कराते हुए सांसद प्रतिनिधि से आग्रह किया, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विभाग से नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग जैसे लोकनाथ महतो, भिखारी मेहता, सरिता देवी, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे। इस पहल से मोहल्ले के लोगों में प्रसन्नता की लहर है। ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि का आभार व्यक्त करते हुए बिजली समस्या के समाधान के लिए धन्यवाद दिया।

### उपायुक्त से मिले जिप उपध्याक्ष किशुन यादव

**बरही।** जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने जिले के नवपदस्थापित उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान किशुन यादव ने बरही क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं की ओर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया। इनमें सफाई व्यवस्था की बदहाली, सड़कों की जर्जर स्थिति, अपराध में वृद्धि, और आधारभूत संरचना की कमी जैसी मुद्दे शामिल थे। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिले में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। इस मुलाकात को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच सकारात्मक संवाद के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय लोग उम्मीद जता रहे हैं कि नए उपायुक्त के कार्यकाल में बरही क्षेत्र में ठोस बदलाव दिखाई देगा। किशुन यादव ने भी विश्वास जताया कि समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ जिले का सर्वांगीण विकास संभव है।

### अंबाडीह गांव को मिला नया ट्रांसफार्मर

**दारू।** सिलवार पंचायत के अंबाडीह गांव में लंबे समय से बिजली संकट का सामना कर रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। ग्राम में नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि उमेश प्रसाद ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। गौरतलब है कि अंबाडीह गांव में पहले सिलवर कला ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति की जाती थी, परंतु अत्यधिक कनेक्शन के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रहती थी। इससे ग्रामीण महीनों से बिजली संकट झेल रहे थे। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने सदर विधायक प्रदीप प्रसाद से संपर्क किया। विधायक ने तुरंत बिजली विभाग से समन्वय कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाया। उद्घाटन समारोह में वार्ड सदस्य छोटन मेहता व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है। अब गांव में सुचारु बिजली आपूर्ति से बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कार्यों में सहूलियत मिलेगी। इस पहल को गांव में विकास की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### बड़कागांव में गाय लदा पिकअप वाहन जब्त

बड़कागांव। बड़कागांव पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गाय लदा पिकअप वाहन को जप्त किया गया।पिकअप वैन नंबर जे एच 05 सीबी - 1334, 7 गाय एवं एक बाछी को जप्त किया गया। इस संबंध में पुलिस अवर निरीक्षक राकेश खवास के बयान पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 137/ 25 धारा 317( 5), 325 बीएनएस 12(1)(2)(3) झारखंड गोवंशी पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 एवं 11 (सी) (डी )1960 पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत वाहन मालिक एवं अज्ञात चालक के विरोध मामला दर्ज की गई।

### वाहन की चपेट में आने महिला घायल

बरही। रांची पटना रोड पर करसो के पास सड़क पार कर रही बुजुर्ग महिला तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और घायल महिला को इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए महिला को रेफर कर दिया गया।

# डाक्टरी सलाह से दवाई लेने में ही है भलाई



**अपने** आसपास, दोस्तों-संबंधियों के यहां देखने को मिलता है कि कई लोग हर छोटी-बड़ी बीमारी का इलाज स्वयं शुरू कर देते हैं। इस इलाज का आधार होता है इंटरनेट के सर्च इंजिन और पूर्व में परिवार के किसी और सदस्य को हुई समान लक्षणों वाली बीमारी के लिए चिकित्सक द्वारा दी गई दवाई और या दवाई की पर्ची। हम भूल जाते हैं कि हर व्यक्ति की शारीरिक संरचना, उसकी आवश्यकता, उसके शरीर पर दवाइयों का प्रभाव अलग-अलग होता है। यह भी कि एक विशेष दवाई या रसायन के प्रति, हर व्यक्ति का शरीर भिन्न-भिन्न प्रकार की प्रतिक्रिया करता है।

## दवाओं का सामान्य ज्ञान

यह अच्छी बात भी है कि आज की युवा, शिक्षित पीढ़ी, इंटरनेट की कृपा से चिकित्सीय परीक्षण, उपचार पद्धति और औषधियों के विषय में काफी जागरूक है। रोगों और दवाइयों के विषय में सामान्य जानकारी होना एक सकारात्मक गुण है। आज जिस तरह से चिकित्सा सेवाओं और शिक्षा का व्यवसायीकरण हुआ है । ऐसे में चिकित्सक को भी थोड़ा व्यावसायिक होना ही पड़ा है। ऐसी परिस्थितियों में आपको रोगों, दवाइयों और चिकित्सा परीक्षणों की सामान्य जानकारी होना अति आवश्यक है, ताकि आपका या आपके रोगी का हॉस्पिटल और चिकित्सकों द्वारा अनावश्यक शोषण न किया जा सके।

## चिंतनीय पहलू

सामान्य जानकारी होना सकारात्मक ही कहा जायेगा परंतु इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि आप स्वयं डॉक्टर बन, परिवार के लोगों को दवाई देने लग जाएं। स्व औषधि प्रयोग का आज जो सबसे खतरनाक और चिंतनीय पहलू हमारे सामने आ रहा है, पिछले वर्ष एक समाचार के अनुसार मेडिकल जर्नल द लैंसेट में प्रकाशित एंटीबायोटिक दवाओं के असर के बारे में हुए अब तक के सबसे बड़े अध्ययन के अनुसार वर्ष 2019 में दुनिया भर में 12 लाख से अधिक लोग मौत के ग्रास बन गए जिसका कारण एंटी-माइक्रोबियल रेसिस्टेन्स (एएमआर) या दवाइयों का अप्रभावी होने को माना गया है। इससे बीमारियों का उपचार कठिन हो जाता है तथा मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है।

## एंटीबायोटिक प्रतिरोध

एक शोधकर्ता टीम के अनुसार, वर्ष 2019 में दुनिया भर में लगभग 60 लाख लोगों की मृत्यु का प्रत्यक्ष या परोक्ष कारण एंटी-माइक्रोबियल रेसिस्टेन्स (एएमआर) रहा। यह आंकड़ा मलेरिया और एड्स से होने वाली मौतों से बहुत अधिक है। उपरोक्त रिपोर्ट का सार यह है कि पूरी दुनिया एंटीबायोटिक की इस सीमा तक आदी हो चुकी है कि अब बहुत से बैक्टीरिया पर एंटीबायोटिक अप्रभावी हो चुकी है। और अगर यही रफ़्तार रही तो हम बहुत जल्द ही पुराने वाले दौर में पहुंच जाएंगे। ऐसे में मेडिकल साइंस की प्रगति व्यर्थ साबित हो सकती है।

## खुद ही डाक्टर!

चिकित्सकों की पुरानी पर्चियों के आधार पर रोगी सीधा मेडिकल स्टोर से ऐसी दवाइयां ले रहे हैं। चिकित्सक एंटीबायोटिक्स की खुराक की मात्रा रोगी की आयु तथा वजन के अनुसार निश्चित करते हैं तथा एक निश्चित अवधि के लिए दवाई लेनी होती है। अगर आप ठीक हो भी गए हैं तब भी आपको डॉक्टर द्वारा बताई गई अवधि तक यह दवाई लेनी होगी। इसका कारण है कि यह शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता के लिए जरूरी है। परंतु आज लोग एंटीबायोटिक्स वर्ग की दवाइयों के साथ जैसे मजाक-सा कर रहे हैं। जब मर्जी होती है एंटीबायोटिक्स लेना आरंभ कर लेते हैं, जैसे ही थोड़ा आराम होने लगता है , एंटीबायोटिक दवाएं लेना बंद कर देते हैं। जिसका परिणाम होता है रोग के सूक्ष्मजीवों का एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिरोधात्मक हो जाना। अगर भविष्य में उसी रोग के जीवाणु शरीर पर फिर हमला करते हैं तो यह एंटीबायोटिक अब इन जीवाणुओं पर प्रभावी नहीं रहेगी। अब उससे अधिक शक्तिशाली एंटीबायोटिक दवाएं लेनी पड़ेंगी।

नयी-नयी एंटीबायोटिक

पहले जहां गिनी-चुनी एंटीबायोटिक्स होती थी, अब प्रतिदिन नयी-नयी एंटीबायोटिक ईजाद की जा रही हैं। और अगर यही स्थिति रही तो मनुष्य का शरीर धीरे-धीरे सभी एंटीबायोटिक्स के प्रति प्रतिरोधी हो जायेगा और एंटीबायोटिक दवाएं, रोग के जीवाणुओं पर प्रभावी नहीं रह पाएंगी। अतः आज हमें इस बात को समझना होगा कि स्व-औषधि का चलन और अनुसरण हमारे शरीर पर कुप्रभाव ही डालेगा। दवाइयों से होने वाली एलर्जी भविष्य में घातक रूप ले सकती है। अतः दवाइयों का सेवन, अन्य खाद्य पदार्थों की तरह नहीं किया जाना चाहिए। चिकित्सक की सलाह से ही दवाइयों का सेवन किया जाना चाहिए।

# शरीर को वेस्ट लुक दें करें एक्सरसाइज

बदलते लाइफस्टाइल में लोगों के शौक में भी काफी बदलाव आया है। लड़कियां हो लड़के अपनी बॉडी को परफेक्ट दिखाने के चक्कर में हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। लड़के में सिक्स पैक एब्स चाहिए तो वहीं लड़कियों को सेक्सी फिगर, जिसमें ब्रेस्ट और बट ग्रोथ काफी मायने रखती है।

अक्सर देखा जाता है कि लड़कियां अपने बट और ब्रेस्ट को खूबसूरत शेप देने के लिए सर्जरी का सहारा लेती है, इसमें पैसा को अच्छा खासा लग ही जाता है साथ ही कई तरह के रिस्क भी उठाने पड़ते है। परन्तु आप घर बैठे आसान से व्यायाम करके बिना सर्जरी अपने बट को खूबसूरत और परफैक्ट शेप दे सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी आसान सी एक्सरसाइज के बारे में बताएंगे, जिनको आप भी ट्राई कर सकती है।

### सिगल लेग ब्रिज

यह ऐसी एक्सरसाइज है, जो बट को सुडौल आकार देने के साथ आपके पैरों को भी खूबसूरत शेप देगी। अपनी रूटीन लाइफ में इस एक्सरसाइज को जरूर शामिल करें।
**करने का तरीका** : सबसे पहले जमीन में सीधे लैट जाए, फिर एक पैर को हवा में ले जाते हुए सांस लें, फिर नीचे पैर का लाते हुए सांस को धीरे-धीरे समान्य रूप मे छोड़ते रहें। 10 सेकेंड के लिए पल्स को आराम दें और 20 बार इस प्रक्रिया को दोहराएं।

### जंप स्क्वाट

जंप स्क्वाट के नामक इस एक्सरसाइज को उछल-कूद कर करना पड़ता है। इसको रोजाना करने से बट को परफैक्ट शेप के साथ-साथ मोटापा कम होगा।
**करने का तरीका** : इस एक्सरसाइज को धीरे-धीरे करें। बैठते समय पैरों के अंगूठे के ज्यादा करीब ना हो। इसको करने के लिए सीधा कूदे और उसके बाद सुरक्षित स्थिति में आकर स्क्वाट करें। यह एक्सरसाइज काफी आसान और बैस्ट है।

### एड़ी उठाना

इसको करने के लिए अपने दोनों हाथों को ऊपर सीधे करें। फिर एड़ियों को ऊपर को ओर उठाएं।

# लार में चमत्कारिक गुण न मिटाये



जब आप सुबह उठकर बिना कुल्ला के पानी पीते हैं तो रात भर जो मुंह में जमा लार होता है वो पानी के साथ मुंह से पेट में चला जाता है जो पेट के लिए बड़ा ही फायदेमंद साबित होता है। अगर घर में छोटे बच्चे हैं तो उन्हें शुरू से ही एक गिलास पानी पीने की आदत डालनी चाहिए और बड़ो को तीन गिलास पीने की। पानी को बैठ कर धीरे-धीरे पीना चाहिए। मुंह की लार एक ऐसी चमत्कारिक दवाई है जो कितनी ही परेशानियों को कुछ ही दिनों में ठीक कर देती है। आइए जानते है कि इसके क्या-क्या फायदे है।

1. अगर आप सुबह-सुबह उठ कर अपने मुंह की लार जले हुए निशान पर लगाएंगे तो ऐसा करने से कुछ समय में दाग मिटने लगेगा।
2. आखों के नीचे काले घेरों पर सुबह की मुंह की लार से मालिश करें। धीरे धीरे ये काले घेरे ठीक हो जाएंगे। लेकिन इसको लगातार 2 महीनों तक ऐसा ही करें।
3. डायबिटीज के रोगियों को जहां चोट लगी है वहां सुबह की लार लगाए घाव जल्दी भरने लगेगा। शुगर के मरीजों का घाव बहुत ही मुश्किल से ठीक होता है। इसलिए यह उनके लिए एक कारगर उपाय है।
4. जब आंख आती है तो काफी दर्द होता है और आंखों से पानी भी आता है। ऐसे में अगर आप आंख पर लार लगाएंगे तो 24 घंटो के अंदर आंख सही हो जाती है।
5. आंखें कमजोर पड़ने पर सुबह उठ के काजल की तरह लार लगाएं। ऐसा करने से आंखों की रोशनी तेज होती है और चश्मा लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ती।

# कमर दर्द से बचने के उपाय , 70 प्रतिशत महिला-पुरुष कमरदर्द से परेशान



कमर दर्द की शिकायत आजकल अधिकतर सभी को ही सुनने को मिलती है। कई बार ये समस्या इतनी ज्यादा हो जाती है कि ये गंभीर रूप धारण कर सकती है। इस दर्द के पीछे कई कारण हो सकते हैं जैसे कई औरतों को तो डिलीवरी के बाद यह शिकायत अक्सर ज्यादा होती है। कुछ लोग जो ऑफिस में जॉब करते है,उनका वहां पर लगातार बैठ कर काम करना भी एक बड़ा कारण होता है। आज हम कुछ ऐसे ही उपाय बता रहें हैं जिससे आपकी ये समस्या कुछ

1. ऑफिस में लगातार काम के स्ट्रैस में हम इतने बिजी हो जाते है कि ब्रेक लेना भूल जाते हैं। हर एक घंटे में कुछ मिनट का ब्रेक जरूर लें।इससे कमर को थोड़ा आराम मिलेगा।
2. कमर में दर्द होने पर नारियल या सरसों के तेल में लहसुन की तीन-चार कलियों को काला होने तक गर्म करें। जब ये गुनगुना हो जाएं तो इससे कमर की मालिश करें। आपको आराम मिलेगा। इस तेल को लगाने के बाद हवा में न ही जाएं।
3. जब भी आप कुर्सी पर बैठे तो झुककर न बैठें। गर्दन सीधी रखें और कमर को सीधा रखने के लिए कुर्सी के पीछे मोटा तौलिया लगाएं, इससे आराम मिलेगा। खास करके यदि आप ऑफिस में जॉब करते हैं तो बैठने का तरीका बदलें।
4. नर्म गद्देदार सीटों पर बैठने से बचें। अगर अक्सर ही कमर दर्द की शिकायत रहती है तो मुलायम की जगह सख्त गद्दे पर सोएं।
5. थोड़ी-थोड़ी देर बाद ब्रेक लें और टहलने के लिए जाएं। इससे कमर दर्द तो ठीक होता ही है साथ ही वजन भी कंट्रोल रहता है। ज्यादा समय एक ही पोजीशन में बैठने से बचें।
6. अजवाइन को थोड़ी देर धीमी आंच पर सेंक लें और ठंडा होने पर इसे चबाते हुए निगल जाएं। इसे खाने से कमर दर्द में राहत मिलती है।

# नकली घी खाने से बचें

**आजकल** हर जगह अधिकतर मिलावटी चीजें ही मिलती हैं। जिससे कुछ भी खरीदते वक्त मन में यह डर लगा रहता है कि खरीदी हुई चीज असली है या नकली। खासतौर पर देसी घी। देसी घी तो हड्डियों का चूरा, पशुओं की चर्बी, पाम तेल, और कुछ अन्य खतरनाक केमिकल्स को मिलाकर नकली घी तैयार किया जाता है। जिसके हमें न जाने कितने भयानक परिणाम भुगतने पड़ते हैं। लेकिन आपकी इस बड़ी परेशानी को आज हम कुछ आसान तरीकों से सुलझा देगें।




### मिलावटी घी जानने के तरीके

1. एक चम्मच घी में 5 हाइड्रोक्लोरिक एसिड डालें। अगर घी लाल हो जाता है तो समझ जाए कि घी में कोलतार डाई मिलाई गई है।
2. एक चम्मच घी में चार-पांच ड्रॉप्स आयोडीन मिलाने पर इसका रंग नीला हो जाए तो समझ जाएं कि इसमें उबला आलू मिलाया गया है।
3. बाउल में एक-एक चम्मच घी,हाइड्रोक्लोरिक एसिड और एक चुटकी चीनी मिलाएं। अगर घी का रंग बदलकर लाल दिखाई दें तो समझ जाएं कि इसमें डालडा मिला है।
4 .थोड़ा सा घी लेकर हाथ में रगडें, फिर इसे सूंघकर देखें। अगर कुछ ही देर में इसकी खुशबू आनी बंद हो जाए तो समझ जाएं की यह मिलावटी है।

# आखों की झुर्रियों से बचाव

बढ़ती उम्र के साथ-साथ आंखों के नीचे बारीक लकीरें आना शुरू हो जाती हैं। आंखों के नीचे की झुर्रियों से खूबसूरत चेहरा भी फीका लगने लगता है। यदि आप इनकी शुरूआत में ही इन पर पूरा ध्यान देंगी तो ये जल्द ही खत्म हो जाती हैं। आंखों पर बहुत लंबे समय तक सीधी धूप न पड़ने दें क्योंकि इससे उम्र तेजी से बढ़ने लगती है। बाहर निकलते समय धूप का चश्मा पहनें।



**नारियल तेल :** नारियल के तेल की कुछ बूंदें लेकर धीरे से आंखों के आसपास मालिश करें। आंख के नीचे नारियल के तेल के नियमित उपयोग से त्वचा की बनावट में सुधार होता है और आंखों के नीचे पड़ने वाले घेरों को रोकने में मदद मिलती है आप नारियल के तेल में जैतून के तेल की कुछ बूंदों को मिलाकर भी अपनी त्वचा की मालिश कर सकते हैं।
**रोज़मेरी तेल :** झुर्रियों की जगह पर रोज़मेरी तेल की कुछ बूंदें लगाएं और ऊपर की दिशा में मालिश करें। 15 मिनट के बाद धो लें। यह तेल आंखों के नीचे की झुर्रियों को कम करने में मदद करता है।
**खीरा :** त्वचा में नमी की कमी होने पर कभी-कभी आंखों के नीचे झुर्रियां हो जाती है। इन्हें ठीक करने के लिए खीरे का रस निकाल कर आंखों के आस-पास लगाएं। इससे त्वचा की नमी बनी रहेगी और झुर्रियां ठीक

# शरीर की दुर्गंध से प्राकृतिक चीजों का उपयोग



शरीर की दुर्गंध दूर करने के लिए कई लोग डियो का इस्तेमाल करते हैं। सर्दियों में तो इसकी इतनी जरूरत नहीं पड़ती लेकिन गम्रियों में डियो लगाना बहुत जरूरी हो जाता है। कई बार डियो खत्म हो जाए और कहीं बाहर पार्टी में जाना पड़े तो बहुत मुश्किल होती है। ऐसे में कुछ घरेलू चीजों का ही इस्तेमाल करके काम चलाया जा सकता है। इसके अलावा कई लोगों का डियो की सुगंध से सिर दर्द होने लगता है तो वह भी इन तरीकों से शरीर की दुर्गंध दूर कर सकते हैं। आइए जानिए किन घरेलू चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### नींबू

रोजाना नहाने के समय अपनी पानी की बाल्टी में नींबू का रस मिलाएं। इस पानी से नहाने से सारा दिन फ्रैश फील करेंगे और बदबू भी दूर होगी। इसके अलावा अचानक कहीं बाहर जाना हो और डियो खत्म हो जाए तो नींबू को काटकर उसे अंडरआर्म पर रगड़ना चाहिए।

### हैंड सैनीटाइजर

डियो की जगह हैंड सैनीटाइजर को भी अंडरआर्म्स पर लगा सकते हैं इससे बैक्टीरिया खत्म हो जाएंगें और बदबू नहीं आएगी।

### बेकिंग सोडा

2 चम्मच बेंकिग सोडा और समान मात्रा में कार्न स्टार्च को मिलाकर अंडरआर्म्स पर लगाने से भी फायदा होता है। इससे दुर्गंध दूर हो जाती है।



यह एक तरह का एस्ट्रिजेंट होता है जो चेहरे को साफ करने का काम करता है। यह एक खास तरह के फूल से बनता है जो काफी सुगंधित होता है। इसको भी डियो की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है।

# खाने में बदलाव कई मायने में लाभकारी



**स**हतमंद रहने के लिए अच्छे खानपान का होना बहुत जरूरी है। आजकल जहां कई लोग मोटापे से परेशान है तो वहीं कुछ कम वजन से परेशान रहते हैं। लोगों का सोचना है कि वजन बढाना बहुत आसान है। फास्ट फूड का सेवन करके आसानी से वजन बढ. जाता है लेकिन यह तरीका गलत है। वजन बढाने के साथ स्वस्थ रहना भी बहुत जरूरी है। अगर आप अपना वजन बढाना चाहते है तो डाइट में इन चीजों को शामिल करें।

### चीज

चीज में भरपूर मात्रा में वसा पाई जाती है जो वजन बढाने में मददगार है। अपने खाने में चीज. का इस्तेमाल करें। इससे स्वाद और वजन दोनों ही बढेग़ा।

### सूखे मेवे

सूखे मेवों में पोषक तत्व उचित मात्रा में पाए जाते है। अपनी डाइट में बादाम, किशमिश और काजू आदि को शामिल करें।

### वसा युक्त दूध

यह कैलोरी से भरपूर होता है। इसे ओटमील या फिर चॉकलेट डालकर पी सकते है। वजन बढाने के लिए रोज 1 गिलास वसा युक्त दूध का सेवन करें।

### आलू

आलू का इस्तेमाल हर घर में किया जाता है। लोग वजन कम करने के लिए इसे खाना बंद कर देते है। वहीं, अगर वजन बढाना चाहते है तो इसका सेवन करें। आलू को छिलके समेत खाएं। इसके छिलके में प्रोटीन अधिक होता है।

### पास्ता

पास्ता टेस्टी होने के साथ पौष्टिक भी है। इसमें सब्जियां मिलाकर पकाएं। इसे खाने से भी वजन बढत़ा है। इसमें आवश्यक पौषक तत्व होते है।

कई लोगों को पान खाना पसंद है लेकिन आजकल की जनरेशन को लगता है कि इससे सिर्फ गंदगी फैलती है। वैसे दिनभर पान चबाना अच्छी बात नहीं। आज हम आपको पान को अलग तरीके से इस्तेमाल करने के बारे में बताएंगे। दरअसल, ब्यूटी के लिए पान बहुत फायदेमंद है। यह स्किन और बालों की कई समस्याओं को दूर करता है। आइए जाने इसके ब्यूटी फायदे।

### मुंह की बदबू

मुंह में आने वाली बदबू हमें दूसरों के सामने र्शिमदा कर देती है। अगर आप भी इससे परेशान है तो खाना खाने के बाद पान के पत्ते का सेवन करें। इससे मुंह से बदबू नहीं आएगी।

### पिंपल्स

पिंपल्स को दूर करने के लिए पान के पत्ते बहुत फायदेमंद है। इसमें मौजूद तत्व पिंपल्स से राहत दिलाते है। इसके पत्तों को पानी में उबाल कर काढा बना लें। ठंडा होने पर कॉटन की मदद से इसे चेहरे पर लगाएं। ऐसा दिन में दो बार करें।

### पसीने की बदबू

पसीने की बदबू से राहत पाने के लिए पान के पत्तों का इस्तेमाल करें। इसके पत्तों को उबाल कर जूस निकाल लें और इस जूस को नहाने के पानी में मिलाएं।

### एलर्जी

स्किन पर एलर्जी होने पर पान के पत्तों का इस्तेमाल करें। पान के पत्तों का रस निकालकर एलर्जी वाली जगह पर लगाएं। आप चाहें तो इसे नहाने के पानी में भी मिला सकते है।

### झड़ते बाल

आजकल अधिकतर लड़कियां झड़ते बालों से परेशान रहती है। ऐसे में पान के पत्ते को नारियल तेल में मिक्स करके बालों में लगाएं। 1 घंटे बाद बालों को धो लें। हफ्ते में 2 बार इस प्रक्रिया को दोहराएं।

# मंडा पूजा: अंगारों पर आस्था की परीक्षा, नागपुरी गीतों पर थिरके श्रद्धालु

**सुबह बनस झुलन, रात को फूलखुंदी और मस्ताना ग्रुप की प्रस्तुति बनी आकर्षण का केंद्र**

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के किचटो पंचायत स्थित हफुआ गांव में गुरुवार को मंडा पूजा सह मेला श्रद्धा और संस्कृति के रंगों में सराबोर हो गया। पारंपरिक मान्यताओं और लोकपरंपरा से जुड़ा यह आयोजन सामूहिक आस्था, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकजुटता का जीवंत उदाहरण बना। पूरे आयोजन की शुरूआत प्रातःकाल 'बनस झुलन' से हुई,



जिसमें ग्रामीण महिलाओं और युवाओं की बड़ी भागीदारी देखी गई। पारंपरिक वाद्ययंत्रों और लोकगीतों के बीच श्रद्धालुओं ने धार्मिक रस्में निभाईं, जो पूजा की शुरूआत का प्रतीक मानी जाती है।

**अर्धरात्रि की फूलकुंदी में 200 से ज्यादा श्रद्धालु चले अंगारों पर**

गुरुवार की रात फूलखुंदी कार्यक्रम में जब श्रद्धालु जलते अंगारों पर नंगे पांव चले, तो पूरा हफुआ गांव आस्था की गर्मी में तपने लगा। 200 से ज्यादा भक्तों और पहानों ने परंपरा निभाते हुए यह अग्निपरीक्षा दी, जिसे देखने उमड़ी भीड़ मंत्रमुग्ध रह गई।



**रात 11 बजे से मस्ताना ग्रुप ने बांधा समां**

फूलखुंदी के तुरंत बाद रात 11 बजे शुरू हुआ नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिसमें रांची से आए मस्ताना ग्रुप ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए। श्रद्धालु नागपुरी



धुनों पर देर रात तक थिरकते रहे।

**मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया उद्घाटन**

कार्यक्रम का उद्घाटन बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

**मेले में मिठाई, खिलौनों और पारंपरिक वस्त्रों की दुकानों पर उमड़ी भीड़**

पूरे आयोजन के दौरान मेले का माहौल बना रहा। खिलौने, मिठाइयां, देसी सजावट की वस्तुएं और पारंपरिक वस्तुए की दुकानों पर ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी की। बच्चों से बुजुर्ग तक हर कोई उत्सव में डूबा रहा।

**आयोजन में पंचायत प्रतिनिधियों और समिति का अहम योगदान**

पूरे आयोजन को सफल बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों और मंडा पूजा समिति ने सराहनीय भूमिका निभाई। पंचायत की मुखिया संगीता देवी, पंसस इन्ना कुमारी, पंसस सुनीता देवी, वार्ड सदस्य ललिता देवी मुख्य रूप से मौजुद थे । इस मंडा पूजासह सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष मणिलाल महतो , गणेश महतो, देवनाथ महतो, चिंतामन महतो, राजेश महतो, जगदीश महतो, उमेश कुमार महतो, सत्येंद्र शर्मा, रामकुमार महतो, उपेंद्र महतो, जीतेन्द्र महतो, मुकेश महतो, रूपलाल महतो, मनोज महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा

## स्पीड न्यूज

### महिला से पचास हजार रुपये की छिनतई



**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड के सरायकेला थाना अंतर्गत कोलाबीरा स्थित बैंक ऑफ इंडिया से पैसा निकाल कर घर जा रही विपुला महतो नामक महिला से बाइक सवार बदमाशों द्वारा 50,000 रुपए की छिनतई कर ली गयी। इस वारदात को अंजाम शुक्रवार की सुबह करीब 11.15 बजे कोलाबीरा टीओपी से महज दो सौ फीट की दूरी पर ही दी गयी।

### हल्दीपोखर के हाजी बसीर अंसारी का निधन

**पोटका।** प्रखंड के हल्दीपोखर निवासी हाजी बसीर अंसारी (84) का निधन हो गया है। हाजी बसीर अंसारी इन दिनों बीमार चल रहे थे। इनका इलाज ब्रह्मानंद अस्पताल तामोलिया में चल रहा था। गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। मरहूम हाजी बसीर अंसारी की छवि समाजसेवी की थी। वे गरीब, दीन दुखियों का हमेशा सहयोग करते थे। निधन पर पूर्व मुखिया सैयद जबीउल्लाह, उप मुखिया शाहिद परवेज, ग्राम प्रधान मो असलम, अ.रहमान, सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया है। मरहूम बसीर अंसारी अपने पीछे पांच पुत्र और तीन पुत्रियों को पीछे छोड़ गये हैं।

### दो दुकानों में लगी आग सारे सामान हुए खाक

**गम्हरिया।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया के लार्ज सेक्टर स्थित टाटा स्टील के गेट नंबर एक के समीप बीते गुरुवार की रात असामाजिक तत्वों द्वारा एक झोपड़ीनुमा सेफ्टी आइटम्स की दुकान और उससे सटे बंद पड़े झोपड़ीनुमा होटल में आग लगा दी। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों झोपड़ियां अगल-बगल में ही थी। बंद पड़ा होटल रमन साह का है जो रोजगार की तलाश में इन दिनों गुजरात गये हुए हैं। जबकि पास ही सेफ्टी आइटम्स की दुकान भवेश सिंह अपने बेटे अमर कुमार सिंह के साथ चलाते थे।

### बिहार में सवर्ण आयोग का गठन : डीडी त्रिपाठी



**जमशेदपुर।** सवर्णों के लिए राजनैतिक एवं संवैधानिक सुरक्षा की मांग को लेकर पूरे देश में अभियान चलाने वाली संस्था सवर्ण महासंघ फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने भाजपा गठबंधन की नीतीश नित सरकार द्वारा बिहार में सवर्णों के लिए संवैधानिक रूप से सवर्ण आयोग का गठन कर भाजपा नेता महाचंद्र प्रसाद सिंह को सवर्ण आयोग का पहला अध्यक्ष घोषित करने पर खुशी जाहिर की हैं।

### जिले को आत्मनिर्भर बनाना है : चंदन कुमार

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त के कार्यालय प्रकोष्ठ में कृषि, पशुपालन, सहकारिता एवं भूमि संरक्षण विभाग की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में इस बात पर पर चर्चा की गई कि कैसे आने वाले समय में जिले को कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। कहा कि जिला अंतर्गत जिन-जिन प्रखंडों में एटीएम तथा बीटीएम के पद रिक्त है वहां जल्द से जल्द नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ किया जाए ताकि नियुक्ति संबंधित कार्य शीघ्र कराया जा सके।

# एनके एरिया के सभी परियोजनाओं में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ चालू हुआ कांटा घर

## धमकी घटना पर अब तक किसीने जिम्मेवारी नही लिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया अंतर्गत सभी परियोजनाओं में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सुबह कांटा घर चालू हुआ। कतार में लगे खाली ट्रकों का कांटा कर कोयला लोडिंग के लिए भेजा गया। बताना चाहते कि क्षेत्र के केडीएच (कर्णपुरा देवरखण्ड हेसालोंग), पुरनाडीह व डकरा परियोजना के कांटा बाबुओं को धमकी मिला था। जिसके बाद से पूरे 26 घण्टा तक कांटा बंद हो गया था। जिसके बाद खलारी पुलिस के हस्तक्षेप और अधिकारियों के दबाव के बाद पुनः कांटा चालू किया गया। वही सुबह के दिन में सीआईएसएफ के कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बाद केडीएच परियोजना के कांटा घर चालू किया गया। जिसके बाद से ट्रकों में कोयला लोडिंग, अनलोडिंग का कार्य सुचारू किया गया। धमकी भरे व्हाट्सएप कॉल व एसएमएस



की जिम्मेवारी अभी तक कोई संगठन नही लिया है। हालांकि पुलिस से जानकारी लेने के बाद मौखिक रूप से टीएसपीसी संगठन का हाथ बताया जाता है। उधर सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि अब सेटिंग वाले लिफ्टरो के पास संगठन के नाम पर दो लोगो का कॉल व एसएमएस आ रहा है। इस तरह के कॉल से क्षेत्र में कही बड़ी घटना का आहत तो नही?

### सीसीएल कर्मी ने फाँसी लगाकर की आत्महत्या

**खलारी।** सीसीएल के मगध परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मी शंकर तुरी ने गुरुवार देर रात को अपने आवास सुभाषनगर कॉलोनी डकरा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी उर्मिला देवी ने बताया कि सभी परिवार खाना खाकर सोने चले गए इस बीच पति ने दरवाजा अंदर से बंद कर फांसी लगा ली। आनन-फानन में उन्हें डकरा अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में खलारी थाना में एक मामला दर्ज किया गया है।

## एनके पिपरवार क्षेत्रों में है टीएसपीसी उग्रवादियों के दबदबा, डंप से अवैध वसूली कर करते हैं टेरर फंडिंग

एनके पिपरवार क्षेत्र में टीएसपीसी के नाम पर अधिकतर घटना का अंजाम दिया जाता है। अब तक क्षेत्र में बीते एक से डेढ़ वर्षों में दर्जनों से अधिक घटना का अंजाम दिया गया। इस तरह के उग्रवादी घटना के पीछे कोल डंप के माध्यम से अवैध वसूली करना है,अथवा डंप से वसूली के पैसे से उग्रवादियों व अपराधियों तक टेरर फंडिंग पहुँचना का मामला जुड़ा हुआ है। बीते कुछ वर्ष पहले भी एनके व पिपरवार एरिया में डंप के माध्यम से नक्सलियों तक पैसा पहुँचाने का उजागर एनआईए के कारर्वाई से हो चुकी है। जिसमे कुछ अभी भी डंप से जुड़े हुए है। और इस मामले पर पेरोल पर बाहर घूम कर अपनी सत्ता जमाए हुए है।

## पोटका विधायक संजीव सरदार की पहल पर 8 को तेंतला में निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर

खबर मन्त्र ब्यूरो

- गंगा मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, डिमना की ओर से 10 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम रहेगी मौजूद

**जमशेदपुर।** पोटका विधायक संजीव सरदार की पहल पर गंगा मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, डिमना रोड-शांकोसाई मानगो की ओर से 8 जून 2025 (रविवार) को तेंतला पंचायत भवन (हाता-टाटा मुख्य मार्ग) में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर लगाया जायेगा। इसमें वीर शहीद गंगा नारायण सिंह मेमोरियल सोशल वेलफेयर ट्रस्ट मुख्य सहयोगी की भूमिका निभायेगा। इस शिविर के प्रभारी सह तुड़ी के ग्राम प्रधान श्याम चरण सरदार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि यह शिविर जमशेदपुर



के वरिष्ठ जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ नागेंद्र सिंह (एमएस-एफएआईएस) की देखरेख में आयोजित किया जायेगा। इसमें यूरोलॉजिस्ट, ऑर्थोपैडिक, गायनोलॉजिस्ट, चाइल्ड स्पेशलिस्ट, डेंटल सर्जन, चेस्ट स्पेशलिस्ट समेत 10 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे जिनमें यूरोलॉजिस्ट डॉ हरप्रीत सिंह आदि उपस्थित थे।

## किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे मजदूरों का शोषण : जोबा माझी

- आरडी रबर रिक्लेम कंपनी के हड़ताली मजदूरों के समर्थन में खड़ी हुई सांसद, श्रम अधीक्षक को दिया कार्रवाई का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सांसद जोबा माझी शुक्रवार को गम्हरिया स्थित आरडी रबर रिक्लेम कंपनी के हड़ताली मजदूरों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पिछले दिनों मजदूर बाजल टुडू के साथ हुए हादसे की जानकारी ली। इसके अलावा कंपनी प्रबंधन से सहयोग की जानकारी ली। मजदूरों ने सांसद को बताया कि कंपनी प्रबंधन का रवैया



रबर कंपनी में पूर्व विधायक अरविंद सिंह के साथ सांसद जोबा माझी।

मजदूरों के प्रति बेहद नकारात्मक हैं। हादसे में एक हाथ गंवा चुके मजदूर बाजल टुडू के इलाज से लेकर मुआवजा देने में कोई रूचि नहीं दिखायी। साथ ही यहां कार्यरत मजदूरों का आर्थिक और शारीरिक शोषण किया जा रहा है। न्यूनतम मजदूरी तक नहीं दिया जाता हैं। सेवानिवृत्त मजदूरों को सालों से लाभ नहीं दिया जा रहा है। मजदूरों की समस्याओं को सुनने के बाद सांसद ने कहा अबुआ सरकार में किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा।

## कांग्रेस ने विद्युत विभाग के डीजीएम सुधीर कुमार से मिल सौंपा मांग पत्र

- पूर्वी सिंहभूम जिले में जर्जर तार, जर्जर पोल, ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने, केबुल तार से बिजली सप्लाई की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बिजली विभाग से संबंधित जनहित के मुद्दे को लेकर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल डीजीएम विधुत विभाग सुधीर



कुमार से मिलकर 13 विषय से संबंधित मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने प्रमुखता के साथ जर्जर तार, जर्जर पोल, ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने, केबुल तार से बिजली सप्लाई देने, विधुत कर्मचारियों को जनहित में संवेदनशील रहने के विषय उठाया। जिलाध्यक्ष ने बिरसानगर, बागुननगर, बागुनहातु, बारीडीह बस्ती, प्रेमनगर, लक्ष्मीनगर, क्षेत्र में बार-बार लोडशेडिंग हो रहा है।

## बीएनएमएच में कोविड-19 से संक्रमित एक भी मरीज भर्ती नहीं है : प्रबंधन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल, तामुलिया ने स्पष्ट किया है कि उनके यहां कोविड संक्रमित एक भी मरीज भर्ती नहीं है। प्रबंधन ने यहां जारी एक बयान में कहा, हमारे संज्ञान में यह बात आई है कि एक मीडिया हाउस ने आज पहले पन्ने पर एक भ्रामक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें यह दावा किया गया है कि एक कोविड-19 मरीज को ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल, टमोलिया में भर्ती किया गया है। ब्रह्मानंद नारायणा मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल के फेसिलिटी डायरेक्टर अक्किरेड्डी धर्मा राव ने अपने बयान में कहा है, हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि वर्तमान में हमारे अस्पताल में कोई भी कोविड-19 मरीज भर्ती नहीं है। रिपोर्ट में जिन मरीज की बात की गई है, उन्हें वास्तव में सोनारी के एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती किया गया है, न कि ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल में। इस प्रकार की गलत जानकारी से समुदाय में अनावश्यक चिंता फैल रही है और इससे कोविड-संबंधित इलाज की तलाश कर रहे लोगों को भ्रमित किया जा सकता है।

## एक नजर में

### डीएमएफटी की योजनाओं को पंचायत स्तर पर लागू करने को लेकर डीडीसी से मिले मुखिया



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को मुखिया संघ, जमशेदपुर के अध्यक्ष राकेश चंद्र मुर्मू के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उप विकास आयुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर को एक तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने निम्नलिखित प्रमुख मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा जिसमें प्रमुख मांग थी कि डीएमएफटी योजनाओं को पंचायत स्तर पर लागू किया जाए। पंचायतों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों को डीएमएफटी योजनाओं में प्राथमिकता दी जाए एवं आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 की योजनाओं में पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। पंचायत वाइस सूची उपलब्ध कराया जाए। संघ की दूसरी मांग थी कि राज्य एवं केंद्र सरकार की पंचायत के 14 विभाग के योजनाओं में पंचायतों की भूमिका को सशक्त किया जाए, जिससे गांवों में सतत विकास संभव हो। तीसरी मांग थी कि मनरेगा का सामग्री मद में बकाया शीघ्र भुगतान किया जाए और पिछले 8-9 महीनों से लंबित सामग्री का शीघ्र भुगतान कर पंचायत व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए।

### भाजपा जमशेदपुर महानगर की बैठक में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर हुई चर्चा



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में भाजपा के आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने एवं विभिन्न संगठनात्मक विषयों को लेकर शुक्रवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर की बैठक साकची स्थित जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा जिलाध्यक्षगण शामिल हुए। बैठक में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्षों के ऐतिहासिक उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में प्रदेश भाजपा की ओर से निर्देशित कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा कर कार्ययोजना बनाई गई। बैठक के दौरान पिछले दिनों सोशल मीडिया के सह संयोजक कौस्तव राय द्वारा संगठन को सौंपे गए इस्तीफे को जिला भाजपा द्वारा औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 6 जून को भाजपा जमशेदपुर महानगर के प्रतिनिधिमंडल जिला उपायुक्त से मुलाकात कर शहर की ज्वलंत समस्याओं और व्याप्त जनसमस्याओं को लेकर विशेषकर ट्रैफिक अव्यवस्था और ध्वस्त कानून-व्यवस्था पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए समाधान की मांग करेंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, रेणु शर्मा, महामंत्री अनिल मोदी, संजीव सिंह, जिला कोषाध्यक्ष कृष्णा शर्मा काली, कार्यालय प्रभारी सुबोध झा, आईटी सेल प्रभारी बिनोद सिंह जी, सह प्रभारी उज्वल सिंह, मीडिया सह प्रभारी अखिलेश सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मंजीत सिंह, एससी मोर्चा अध्यक्ष रमेश बास्के, एसटी मोर्चा अध्यक्ष पोरेश मुखी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री दीपू शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

### मानगो नगर निगम का एंटी प्लास्टिक अभियान जारी, तीन किग्रा प्लास्टिक जब्त, 3000 जुर्माना



**जमशेदपुर।** उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार के निर्देश में आज कार्यालय मानगो नगर निगम के टीम के द्वारा एनएच 33 नेशनल हाईवे के दुकानों में प्लास्टिक छापेमारी अभियान चलाया गया जिसके तहत मानगो नगर निगम के कई क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया एवं 3 किलो प्लास्टिक एवं दो बोरा प्लास्टिक का गिलास जब्त किया गया। इसके एवज में 3000 जुर्माना वसूला गया तथा प्लास्टिक रखने वाले पथ विक्रेताओं एवं ट्रेड लाइसेंस नहीं रखने वाले,दुकानदारों, प्रतिष्ठान मालिकों को चेतावनी दी गयी। साथ ही प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं प्लास्टिक के सामान पर सामान नहीं देने की चेतावनी दी गयी। मानगो नगर निगम द्वारा तमाम थोक एवं खुदरा विक्रेताओं को अपील की जाती है कि प्लास्टिक का उपयोग न करें। मौके पर नोडल पदाधिकारी कार्यालय कर्मी, रोहित एक्का, सुजीत सिंह मौजूद थे।

### सरायकेला संसदीय कार्यालय में सांसद ने सुनी आम लोगों की समस्याएं, दिये जरूरी निर्देश



**सरायकेला।** सांसद जोबा माझी ने शुक्रवार को सरायकेला के पुराना जिला परिषद स्थित संसदीय कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार आयोजित की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुई और समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की। सांसद से मुलाकात करने वाले ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर बदलने, सड़क निर्माण, पेयजल समस्या एवं अन्य को लेकर आवेदन सौंपा। इस मौके पर सांसद जोबा माझी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और प्रत्येक शुक्रवार को कार्यालय में आवश्यक रूप से उपस्थित रहने को कहा। सांसद ने कार्यकर्ताओं से कहा मेरी अनुपस्थिति में समस्या लेकर आने वाले ग्रामीणों के आवेदन को गंभीरता से लेंगे और संबंधित विभाग से वार्ता कर समाधान का प्रयास करेंगे। सांसद ने कहा अगर कोई कार्य अति आवश्यक हो तो मुझसे दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं। कहा कि हमारी कोशिश संसदीय कार्यालय को समाधान कार्यालय के रूप में विकसित करने की है ताकि आम लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। इस अवसर पर झामुमो नगर अध्यक्ष शम्भू आचार्य, भोला महंती, सचिव तपन कामिला, श्रीधर सिंहदेव, पंकज साव, केपी सोरेन आदि उपस्थित रहे।

# मंडा पूजा में है शिव आस्था व शक्ति समाहित : काशीनाथ पाहन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के इरबा पाहनटोली में शिव आस्था का प्रतिक मंडा पूजा का आयोजन धूमधाम से किया गया। श्री शिव मंडा पूजा समिति इरबा ओरमांझी द्वारा महादेव मंदिर स्थित आयोजित मंडा पूजा का मुख्य आकर्षण भोक्ताओं व सोकताइनों द्वारा दहकते अंगारे में खाली पांव चल (फुलखुंदी) पूजा की रस्म पूरा करना व सालहन व बंगाल के पुरूलिया आए कलकारों द्वारा आकर्षक छउनृत्य का प्रदर्शन रहा। छउनृत्य के कलकारों ने भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता की कहानी व अंग्रेजो के खिलाफ अपने प्राणों को बलिदान करने वालों बलिदानियों का भी छउनृत्य के माध्यम से बताया गया। इससे पूर्व लोटन सेवा व होड़न सेवा के बाद विधिवत पूजा अर्चना कर मंडा पूजा की गई। वहीं शुक्रवार की सुबह में झुलन का आयोजन हुआ। जिसमें काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थें। आयोजन समिति के अध्यक्ष काषीनाथ पाहन कहा मंडा पूजा सिर्फ उत्सव नही है, इसमें भक्ति व भगवान शिव के प्रति आस्था लोगों की आस्था समाहित है। दहकते अंगारे में खाली पांव चलना, सिर्फ पूजा का रस्म नही है, यह भगवान शिव के प्रति आस्ता व शक्ति का भी दशार्ता है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो, पंसस प्रतिनिधि इम्तियाज ओहदार, बालक पाहन, प्रेमनाथ मुंडा, महाबीर मुंडा, लक्ष्मण उरांव, मोइन अंसारी, सरफराज अहमद व इबरार अहमद ने मंडा पूजा व कार्यक्रम की सरहाना किया गया।

### इरबा पाहनटोली में मंडा पूजा व छउनृत्य का आयोजन



ओरमांझी के पहानटोली में आयोजित मंडा पूजा।

### आज गगारी व रूक्का में मंडा पूजा

ओरमांझी। प्रखंड क्षेत्र के गगारी व रूक्का में शनिवार को मंडा पूजा को आयोजन होगा। रूक्का में शुक्रवार रात्रि मंडा पूजा व झुलन शनिवार को होगा। वहीं गगारी में रविवार को झुलन झुलन के साथ मंडा पूजा का समापन होगा। इसकी जानाकरी देते हुए मंडा पूजा समिति गगारी के जीतेंद्र बेदिया ने बताया, शनिवार रात्रि को फुलखुंदी किया जाएगा। वहीं मंडा पूजा में बंगाल व झारखंड के कलकारों द्वारा छउनृत्य का भी आयोजन होगा। मंडा पूजा की तैयारी पूरा कर लिया गया है।




## भारतीय महिला हॉकी टीम शूटआउट में चिली से हारी

**रोसारियो (अर्जेंटीना)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शुक्रवार को 2–2 से बराबरी के बाद चिली के खिलाफ शूटआउट में 1–3 से हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार कोखेले गये चार देशों के टूर्नामेंट के चौथे मुकाबले में भारत के लिए सुखवीर कौर ने (35वें) और कनिका सिवाच ने (47वें) मिनट में गोल किए। वहीं चिली की ओर से जैसिंटा सोलारी ने (27वें) और कैप्टन लॉरा मुलर ने (42वें) मिनट में गोल किए।

## भारत की पुरुष 4X100 मीटर रिले टीम हीट में अयोग्य घोषित

**गुमी (दक्षिण कोरिया)।** एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत की पुरुष 4X100 मीटर रिले टीम को हीट्स के दौरान अयोग्य (डिसक्वालिफाई) घोषित कर दिया गया। यह घटना शुक्रवार को गुमी में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान हुई। मणिकंता होब्लिदार, अम्लान बोगोर्हेन, राहुल कुमार और प्रणव गुरव की चौकड़ी ने हीट रेस में दूसरा स्थान हासिल किया था, जो सामान्यत: फाइनल में जगह बनाने के लिए पर्याप्त होता है, लेकिन टाइमिंग डिस्प्ले के दौरान टीम के नाम के आगे डिसक्वालिफाई लिखा नजर आया। बाद में पुष्टि हुई कि भारतीय टीम ने बैटन एक्सचेंज टेकओवर जोन से बाहर किया, जो वर्ल्ड एथलेटिक्स के तकनीकी नियम 24.7 का उल्लंघन है। इसी कारण उन्हें रेस से बाहर कर दिया गया। भारत ही नहीं, मलेशिया की टीम भी इसी गलती के चलते अयोग्य घोषित कर दी गई। सूत्रों के अनुसार, भारत ने इस फैसले के खिलाफ अपील नहीं करने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि भारतीय टीम में इस रेस के दौरान दो नियमित धावक गुरिंदरवीर सिंह और अनिमेष कुजुर नहीं खेले, जिनकी जगह प्रणव और राहुल को मौका दिया गया था। यही बदलाव भी टीम के तालमेल में कमी का कारण माना जा रहा है।

## न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का निधन, 77 की उम्र में ली अंतिम सांस



**नयी दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का गुरुवार को 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को सोशल मीडिया के जरिए उक्त जानकारी दी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करते हुए कहा, न्यूजीलैंड क्रिकेट को यह पुष्टि करते हुए गहरा दुख हो रहा है कि पूर्व ब्लैककैप्स कोच डेविड ट्रिस्ट का क्राइस्टचर्च में निधन हो गया है। वह 77 वर्ष के थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट, डेविड के परिवार और मित्रों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

### आखिरी 12 गेंदों में मुंबई ने पलट दी बाजी, रोमांचक एलिमिनेटर में गुजरात को रौंदा, क्वालिफायर-2 में पंजाब से भिड़ंत

# गुजरात का सफर समाप्त, मुंबई ने 20 रनों से दी मात

एजेंसी

**मुल्लांपुर।** आइपीएल 2025 के रोमांचक एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को हराते हुए अपने छठे खिताब की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। गुजरात टाइटंस को आखिरी ओवर में 24 रनों की जरूरत थी और राहुल तेवतिया मैदान पर थे, लेकिन ग्लीसन ने शुरुआती 3 गेंदों में सिर्फ 3 रन दिए, जबकि आखिरी 3 गेंदें अश्वनी कुमार ने किए और मैच बचा लिया। उन्होंने शाहरुख खान को आउट किया। मैच में मुंबई इंडियंस ने पहले बैटिंग करते हुए 228 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया था। जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम 6 विकेट पर 208 रनों तक ही पहुंच सकी। उसके लिए सबसे अधिक साई सुदर्शन ने 49 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का के दम पर 80 रनों की पारी खेली, जबकि ट्रेंट बोल्ट ने 2 विकेट झटके, हालांकि जसप्रीत बुमराह 4 ओवरों में 27 रन देकर एक विकेट झटकने के साथ ही सबसे किफायती रहे।

**पहाड़ सरीखे लक्ष्य के आगे गिल का बल्ला दे गया धोखा**

229 रनों के पहाड़ सरीखे लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआती अच्छी नहीं रही। कप्तान शुभमन गिल पहले ही ओवर की चौथी गेंद पर ट्रेंट बोल्ट के शिकार बने। वह एक रन पर LBW आउट दिए गए, जबकि तुरंत DRS लिया लेकिन काम नहीं बना।



**प्लेऑफ में मुंबई के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज**

रोहित इसके साथ ही आइपीएल प्लेऑफ मुकाबले में मुंबई के लिए सबसे ज्यादा स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं। रोहित ने इस मामले में सूर्यकुमार यादव को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2019 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ नाबाद 71 रनों की पारी खेली थी। रोहित ने इससे पहले 2020 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ प्लेऑफ मैच में 68 रन बनाए थे।

### रोहित आइपीएल में 7000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने, विराट कोहली के इस विशेष क्लब में शामिल हुए

मुल्लांपुर। मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। रोहित ने गुजरात के खिलाफ 50 गेंदों पर नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से 81 रन बनाये।

**कोहली की सूची में शामिल :** रोहित आइपीएल में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। रोहित कोहली के बाद आइपीएल में सात हजार रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। उनसे पहले यह कीर्तिमान सिर्फ कोहली ने ही हासिल किया है। कोहली आइपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। रोहित के आइपीएल में अब 271 मैचों में 7038 रन हो गए हैं।

**आइपीएल में पूरे किए 300 छक्के**

हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित आइपीएल में 300 छक्के पूरे करने वाले पहले सक्रिय खिलाड़ी बन गये हैं। उनके नाम 300 छक्के दर्ज हो गये हैं। वहीं, विराट कोहली 291 छक्के के साथ दूसरे स्थान पर हैं जबकि धोनी (264) और आंद्रे रसेल (223) क्रमशः तीसरे और चौथे पायदान पर हैं। रोहित ने गुजरात के खिलाफ मुकाबले में दो छक्के लगाते ही आइपीएल में 300 छक्के पूरे कर लिए। वहीं, ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें तो आइपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम दर्ज हैं। उन्होंने 357 छक्के ठोके हैं। अगर सक्रिय खिलाड़ियों की बात न करें तो रोहित शर्मा आइपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं।

अगले ओवर में जसप्रीत बुमराह ने सिर्फ 4 रन देकर दबाव बनाया तो तीसरे ओवर में साई सुदर्शन को दूसरी गेंद पर छक्का लगाया, जबकि कुसल मेंडिस ने दो और छक्के जड़ते हुए इस ओवर में कुल 21 रन कूट डाले। इन दोनों ने रनों के बहाव को कम नहीं होने दिया और यही वजह है कि गुजरात ने कप्तान का विकेट गंवाने के बावजूद 50 रन 5 ओवरों में पूरे कर लिए।

**कुसल मेंडिस हुए हिटविकेट**

गुजरात की पारी संभलते दिख रही थी कि बड़ी हिट लगाने के चक्कर में अपना बैलेंस खोने वाले कुसल मेंडिस ने पिछला पैर स्टंप्स पर दे मारा। सेंटनर की गेंद पर अजीब तरीके से आउट होने वाले कुसल ने 10 गेंदों में 2 छक्के और एक चौका के दम पर 20 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद गुजरात के खेमे में सन्नाटा पसर गया। हर किसी को इस विकेट की कीमत पता थी। कप्तान शुभमन गिल और हेड कोच आशीष नेहरा का चेहरा पीला पड़ गया था। इस तरह से 64 रनों की साझेदारी टूट गई।

**बुमराह ने यॉर्कर गेंद से सुंदर को क्लीन बोल्ड किया**

वाशिंगटन सुंदर नए बल्लेबाज थे और कुछ देर तक ठहरने के बाद ट्रेंट बोल्ट को एक ही ओवर में गगनचुंबी दो छक्के और एक चौका मारा तो कुल 18 रन लूट लिए। अब गुजरात गेम में लौटते दिख रही थी। हालांकि, 14वें ओवर में मुंबई ने अपने सबसे बड़े हथियार जसप्रीत बुमराह को गेंद थमाई तो उन्होंने तीर सी यॉर्कर डालते हुए सुंदर को क्लीन बोल्ड कर दिया। इस गेंद को देखकर हर कोई अवाक था, जबकि सुंदर 24 गेंदों में 5 चौके और 3 छक्के के दम पर 48 रन बनाकर आउट हुए।

**मुंबई इंडियंस की पारी का रोमांच, हिटमैन की फिफ्टी**

इससे पहले रोहित शर्मा के 50 गेंद में 81 रन और पदार्पण करने वाले जॉनी बेयरस्टो की आक्रामक पारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 5 विकेट पर 228 रन बनाए। पिच पर क्वालिफायर-1 मैच की तरह घास नहीं थी लिहाजा मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। गुजरात की फील्डिंग बहुत ही लचर रही और उसने तीन अहम कैच टपकाए, जिनमें से दो रोहित के और एक सूर्यकुमार यादव (20 गेंद में 33 रन) के थे।

**मुंबई 228/5 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रोहित कै. राशिद बो. प्रसिद्ध | 81 | 50 | 09 | 04 |
| बेयरस्टो कै. कोएटजी बो. किशोर | 47 | 22 | 04 | 03 |
| सूर्यकुमार कै. सुंदर बो. किशोर | 33 | 20 | 01 | 03 |
| तिलक कै. मेंडिस बो. सिराज | 25 | 11 | 00 | 03 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 22 | 09 | 00 | 03 |
| नमन कै. राशिद बो. प्रसिद्ध | 09 | 06 | 00 | 01 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 00 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 11

**विकेट पतन** : 1-84, 2-143, 3-186, 4-194, 5-206.

**गेंदबाज** : मोहम्मद सिराज : 4-0-37-1, प्रसिद्ध कृष्णा : 4-0-53-2, साई किशोर : 4-0-42-2, राशिद खान : 4-0-31-0, गेराल्ड कोएटजी : 3-0-51-0, वॉशिंगटन सुंदर : 1-0-7-0.

**गुजरात 208/6 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन बोल्ड रिचर्ड ग्लीसन | 80 | 49 | 10 | 01 |
| गिल एल बी डब्ल्यू ट्रेंट बोल्ट | 01 | 02 | 00 | 00 |
| मेंडिस हिट विकेट बो.सैंटनर | 20 | 10 | 01 | 02 |
| सुंदर बो. जसप्रीत बुमराह | 48 | 24 | 05 | 03 |
| रदरफोर्ड कै. वर्मा बो. बोल्ट | 24 | 15 | 04 | 00 |
| राहुल तेवतिया बल्लेबाजी | 16 | 11 | 01 | 01 |
| शाहरुख कै. यादव बो. कुमार | 13 | 07 | 00 | 01 |
| राशिद खान नाबाद | 00 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 06

**विकेट पतन** : 1-3, 2-67, 3-151, 4-170, 5-193, 6-208.

**गेंदबाज** : ट्रेंट बोल्ट : 4-0-56-2, जसप्रीत बुमराह : 4-0-27-1, रिचर्ड ग्लीसन : 3.3-0-39-1, हार्दिक पंड्या : 3-0-37-0, मिचेल सैंटनर : 1-0-10-1, नमन धीर : 1-0-9-0, अश्विनी कुमार : 3.3-0-28-1.

## नायर ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ जड़ा शतक सरफराज चूके, भारत ए का स्कोर 250 के पार

एजेंसी

**कैंटरबरी।** करुण नायर ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शतक लगा दिया है, जबकि सरफराज खान इससे चूक गए हैं। करुण और सरफराज ने शानदार साझेदारी कर भारत ए को संभाला जिससे टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचने में सफल रहा। करुण और सरफराज के बीच तीसरे विकेट के लिए 181 रनों की साझेदारी हुई। इसे जोश हुल ने सरफराज को आउट कर तोड़ा। सरफराज 119 गेंदों पर 13 चौकों की मदद से आठ रन बनाकर आउट हुए। करुण नायर और सरफराज खान की शानदार पारियों की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट के शुरूआती दिन चायकाल तक दो विकेट पर 227 रन बना लिए थे। चाय ब्रेक के बाद भारत ए ने सरफराज का विकेट गंवाया, जबकि करुण ने शानदार पारी जारी रखते हुए शतक पूरा कर लिया। भारत ने 63 ओवर की समाप्ति तक तीन विकेट पर 258 रन बनाए हैं। फिलहाल क्रीज पर करुण 114 रन और ध्रुव जुरेल आठ रन बनाकर मौजूद हैं। करुण को लंबे समय बाद भारत के लिए



खेलने का मौका मिला है और उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इसका पूरा फायदा उठाया है। इससे पहले इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। भारत ए के लिए कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन और यशस्वी जायसवाल पारी का आगाज करने उतरे। भारत ए की शुरूआत हालांकि, अच्छी नहीं रही और टीम ने 12 रन के स्कोर पर ईश्वरन का विकेट गंवा दिया। जोश हुल ने ईश्वरन को एलबीडब्ल्यू आउट कर पवेलियन भेजा जो 17 गेंदों पर दो चौकों की मदद से आठ रन बनाकर आउट हुए। भारत ए के लिए यशस्वी अच्छी लय में नजर आ रहे थे और करुण नायर के साथ साझेदारी बनाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन एडी जैक ने उन्हें जेम्स रियू के हाथों कैच कराकर आउट किया। यशस्वी 55 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी अपने आउट होने के तरीके से बहुत निराश होंगे।

## गुकेश ने कारुआना के खिलाफ रोमांचक मैच जीता

एजेंसी

**स्टावेंगर (नॉर्वे)।** मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के ओपन वर्ग में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर फैबियानो कारुआना के खिलाफ रोमांचक आमार्गेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल की लेकिन अर्जुन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन के कौशल के आगे हार का सामना करना पड़ा।

**कारुआना के खिलाफ मजबूत स्थिति में दिखे गुकेश**

विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कारुआना गुरुवार को अपना 19वां जन्मदिन मनाने वाले भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ चौथे दौर में मजबूत स्थिति में थे। वह हालांकि गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के सामने चार घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले को भुनाने में नाकाम रहे। मुकाबले का परिणाम हासिल करने के लिए आमार्गेडन टाई-ब्रेक का इस्तेमाल किया गया।

**कार्लसन शीर्ष पर**

सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश और एरिगैसी दोनों अब छह खिलाड़ियों के बीच 4.5 अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

### गुकेश ने 1.5 अंक हासिल किये



क्लासिकल मुकाबले में मुश्किल स्थिति से बाहर आने के महज 15 मिनट के अंदर भारतीय खिलाड़ी ने कारुआना को मात देते हुए 1.5 अंक हासिल किए। क्लासिकल प्रारूप में जीत से खिलाड़ियों को इस डबल–राउंड रॉबिन प्रारूप टूर्नामेंट में तीन अंक मिलते हैं, जबकि ड्रॉ से उन्हें एक–एक अंक मिलता है। खिलाड़ियों को हालांकि जीत हासिल करने के लिए आर्मगेडन टाई–ब्रेक खेलना होता है, जिसके विजेता को आधा अंक मिलता है।

कार्लसन आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। उनके बाद कारुआना (सात अंक) और अमेरिका के ही हिकारू नाकामुरा (5.5 अंक) हैं। गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे और उन्हें आमार्गेडन में तीन मिनट का बड़ा फायदा मिला था। इसमें सफेद मोहरों को 10 मिनट और काले मोहरों को सात मिनट मिलते हैं।

**कार्लसन ने एरिगैसी के खिलाफ रणनीतिक श्रेष्ठता दिखाई**

विश्व के नंबर एक कार्लसन ने काले मोहरों से खेलते हुए भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एरिगैसी के खिलाफ अंतिम गेम में अपनी रणनीतिक श्रेष्ठता दिखाई और पूरे तीन पूर्ण अंक अर्जित किए। पिछले दो चरण में दो बार ह्यआमार्गेडन गेमह्न हारने वाले नॉर्वे के सुपरस्टार ने घरेलू दर्शकों के सामने इस जीत के साथ दमदार वापसी की। पिछले दौर में कारुआना से हारने के बाद एरिगैसी के लिए यह दो दिनों में दूसरा झटका था।

**महिला वर्ग में वैशाली को मिली जीत**

महिला वर्ग में एक रोमांच से भरे दिन में भारत की आर. वैशाली ने आमार्गेडन टाई-ब्रेक में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक को मात देकर महत्वपूर्ण आधा अंक अर्जित किया, जबकि विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने कोनेरू हंपी को हराया। भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी हम्पी तालिका में मुजीचुक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। दोनों खिलाड़ियों के नाम सात-सात अंक है। वैशाली 3.5 अंकों के साथ छठे स्थान है।

## मोदी ने की वैभव की हौसलाअफजाई

एजेंसी



**पटना।** बिहार दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के युवा स्टार क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात कर उनकी हौसलाअफजाई की। पटना के जय प्रकाश नारायण हवाई अड्डे पर हुई इस मुलाकात के दौरान वैभव के साथ के माता-पिता भी थे। श्री मोदी ने स्वयं वैभव तथा उनके परिवार के साथ मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की हैं। श्री मोदी ने वैभव और उनके परिवार के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, पटना हवाई अड्डे पर युवा क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनायें। उल्लेखनीय है कि बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले वैभव ने इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2025 में 28 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 गेंदों में 101 रनों की शतकीय पारी खेली सबका ध्यान आकर्षित किया था।

## लोनाटो वर्ल्ड कप के लिए 12 सदस्यीय शॉटगन टीम की घोषणा, ढिल्लों और अनंतजीत की वापसी



**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके स्कीट शूटर रायजा ढिल्लों और अनंतजीत सिंह नरूका एक बार फिर राष्ट्रीय टीम का हिस्सा होंगे। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की चयन समिति ने उन्हें इस 12 सदस्यीय शॉटगन टीम में शामिल किया है। दोनों खिलाड़ी 4 से 14 जुलाई 2025 के बीच इटली के लोनाटो डेल गार्डा में होने वाले इस साल के चौथे और अंतिम इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन वर्ल्ड कप स्टेज में हिस्सा लेंगी।

# सात्विक-चिराग सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में

एजेंसी

**सिंगापुर।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व की नंबर एक मलेशियाई जोड़ी गोह जि फेई और नूर इजुद्दीन को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सात्विक-चिराग की जोड़ी इस सीजन अपने पहले खिताब की तलाश में उतरी है। सात्विक-चिराग की जोड़ी मार्च में ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन में खेलने के बाद से पहली बार किसी टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है।

**इस सीजन के तीसरे सेमीफाइनल में पहुंचे**

सात्विक-चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 39 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशियाई जोड़ी को 21-17, 21-15 से हराया। यह भारतीय जोड़ी का इस सीजन तीसरा सेमीफाइनल है। इससे पहले सात्विक-चिराग की जोड़ी मलेशिया और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में भी पहुंचने में सफल रही थी। मालूम हो कि सात्विक-चिराग की जोड़ी का सफर ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चिराग की चोट के कारण समाप्त हो गया था। उस वक्त इस जोड़ी को दूसरे दौर में हटना पड़ा था।

### अब चिया-यिक की जोड़ी से होगा सामना



सात्विक-चिराग की जोड़ी का सामना अब तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया की आरोन चिया और सोह वूई यिक से होगा। चिराग ने कहा, हां यह काफी बड़ी जीत है क्योंकि फिलहाल हम 27वें नबर पर हैं। पिछले साल जब हम सिंगापुर में खेले थे तो हम विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर थे। इसलिए यह अच्छा अहसास है कि हमने गोह-इजुद्दीन को हराया। हम इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में मलेशिया की इस जोड़ी से हार गए थे, इसलिए हमारे लिए यह महत्वपूर्ण जीत है। सात्विक ने कहा, पिछले कुछ दिनों से हम जैसा खेल रहे हैं उससे काफी खुश हूं और अब अगले मुकाबले के लिए उत्सुक हूं। हमने उनके खिलाफ कई बार खेला है। हम इंडिया ओपन में उनके खिलाफ चुनौती पेश नहीं कर सके थे, लेकिन इस बार हम पूरी तैयारी के साथ आए हैं। हमने अपने प्रतिद्वंद्वी की तुलना में अपनी रणनीति पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया है।

### मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ 6-2 था जीत हार का रिकॉर्ड

सात्विक और चिराग की पूर्व नंबर एक जोड़ी का इससे पहले मलयेशिया की जोड़ी के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 6-2 था। गोह और नूर की जोड़ी ने हालांकि दोनों जोड़ियों के पिछ्ले मुकाबले में सात्विक और चिराग को हराया था। मैच की शुरूआत से दोनों जोड़ियां एक-दूसरे पर दबदबा बनाने की कोशिश कर रही थी जिससे शुरूआती गेम में स्कोर 7-7 की बराबरी पर था। सात्विक की शानदार सर्विस से ब्रेक के समय भारतीय जोड़ी ने तीन अंक की बढ़त कायम कर ली। भारतीय जोड़ी ने दबाव बनाए रखते हुए 15-11 की बढ़त कायम की। मलयेशिया की जोड़ी ने वापसी की कोशिश की, लेकिन सात्विक के बेहद दमदार स्मैश का उनके पास कोई जवाब नहीं था। भारतीय जोड़ी ने तीन मैच प्वाइंट हासिल किए और गोह सर्विस के रिटर्न शॉट को नेट पर खेल बैठे। पहला गेम जीतने के बाद चिराग ने दूसरे गेम की शुरूआत में कुछ गलतियां की लेकिन भारतीय जोड़ी ने 6-6 के स्कोर के साथ प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। सात्विक और चिराग ने इसके बाद लगातार चार अंक हासिल किये 11-7 की बढ़त कायम की। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद पूरी तरह से दबदबा कायम कर लिया। सात्विक ने दमदार स्मैश से स्कोर को 16-10 कर दिया। अंत में उनके एक और शानदार रिटर्न से भारतीय जोड़ी को पांच मैच प्वाइंट मिले और उन्होंने विरोधी जोड़ी की एक और गलती से जीत दर्ज की।

## रिकॉर्ड के साथ गुलवीर ने जीता दूसरा स्वर्ण, पूजा ने ऊंची कूद में लहराया परचम, पारुल को रजत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय एथलीट गुलवीर सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीत लिया है। उन्होंने पुरुष 5000 मीटर फाइनल में एक दशक पुराना टूर्नामेंट का रिकॉर्ड तोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत को पूजा ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक के साथ बड़ी सफलता दिलाई। इस 18 साल की खिलाड़ी ने अपने अंतिम से पहले प्रयास में 1.89 मीटर की छलांग के साथ उज्बेकिस्तान की सफीना सादुल्लाएवा (1.86 मीटर) को पछाड़ा। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर ने 13:24.77 सेकेंड का समय लिया और स्वर्ण जीता। उन्होंने थाईलैंड के कीरेन तुंटिवेट को पछाड़ा जिन्होंने 13:24.97 सेकेंड का समय लिया, जबकि जापान के नागिया मोरी 13:25.06 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस टूर्नामेंट में इस स्पर्धा का पिछला रिकॉर्ड कतर के मोहम्मद अल गार्नी के नाम था जिन्होंने 2015 सीजन में 13:34.47 सेकेंड का समय लिया था।

### गुलवीर ने दो वर्ग में हासिल किये स्वर्ण




गुलवीर के लिए यह जीत दोहरी खुशी जैसी है क्योंकि उन्होंने इस टूर्नामेंट के शुरूआती दिन 10000 मीटर में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। गुलवीर ने 10000 मीटर में 28:38.63 सेकेंड का समय लिया था। गुलवीर इस प्रदर्शन के दम पर उन भारतीय एथलीटों की एलीट सूची में शामिल हो गया है जिन्होंने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुष 5000 मीटर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। उनसे पहले गोपाल सैनी (1981), बहादुर प्रसाद (1993) और जी. लक्ष्मण (2017) ऐसा कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश से आने वाले 26 वर्षीय गुलवीर ने 2023 सीजन में कांस्य पदक जीता था।

**स्वर्ण का बचाव नहीं कर सकीं पारुल**

महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज में हालांकि, निराशा हाथ लगी और गत चैंपियन पारुल चौधरी अपने स्वर्ण पदक का बचाव नहीं कर सकीं। पारुल ने 9:12.46 सेकेंड का समय लिया और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पारुल को कजाखस्तान की नोरा जेरुतु तानुई ने हराया जिन्होंने 9:10.46 सेकेंड का समय लिया। कजाखस्तान की डेजी जेपकेमेई ने 9:27.51 सेकेंड के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में अब भारत के पदकों की संख्या 17 (सात स्वर्ण, सात रजत और तीन कांस्य) हो गई है।

# गोड्डा : किसानों की फसल और आजीविका पर संकट अदानी पावर प्लांट का जहरीला पानी बना आफत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** जिले में अदानी पावर प्लांट से निकलने वाला दूषित और जहरीला पानी स्थानीय किसानों के लिए अभिशाप बन गया है। वहीं गुरुवार को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव और युवा प्रदेश सचिव विकास सिंह ने पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव की अनुपस्थिति में दरघट्टी गांव का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रभावित किसानों से मुलाकात की। यह क्षेत्र, जिसमें दंत, दरघटी, बिरनिया, पड़रा, रमला और ढोढरी जैसे गांव शामिल हैं, प्लांट से निकलने वाले जहरीले पानी के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहा है। सैकड़ों किसानों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि प्लांट से निकलने वाला केमिकल युक्त दूषित पानी उनकी फसलों को पूरी तरह नष्ट कर रहा है। यह पानी न केवल खेतों को बंजर बना रहा है, बल्कि नदियों और नालों को भी प्रदूषित कर रहा है। किसानों का कहना है कि यह पानी अब पशुओं के लिए भी पीने योग्य नहीं रहा, जिससे उनकी आजीविका और पशुपालन दोनों पर संकट मंडरा रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि अदानी पावर प्लांट प्रबंधन मनमाने तरीके से दूषित पानी को आसपास के क्षेत्रों में छोड़ रहा है, जिससे पर्यावरण और स्थानीय समुदाय को गंभीर नुकसान हो रहा है। किसानों ने सवाल उठाया कि जब उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचेगा, तो वे क्या करेंगे? उनकी मांग है कि प्लांट प्रबंधन इस समस्या का तत्काल समाधान करे और दूषित पानी के निपटान के लिए उचित प्रबंधन सुनिश्चित करे। कांग्रेस नेताओं ने किसानों को आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को विधानसभा और अन्य मंचों पर जोर-शोर से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा और इस पर्यावरणीय आपदा के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। यह स्थिति न केवल किसानों की आजीविका के लिए खतरा है, बल्कि पूरे क्षेत्र के पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर चुनौती बन चुकी है।

# ईएसएल स्टील ने नंदघर, बांधडीह में माहवारी स्वच्छता जागरूकता सत्र का किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर वेदांता लिमिटेड की सहायक कंपनी ईएसएल स्टील लिमिटेड ने नंदघर बांधडीह में एक विशेष माहवारी स्वच्छता जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़ी जरूरी जानकारी देना स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में 60 से अधिक महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने मासिक धर्म जैसे संवेदनशील विषय पर खुलकर चर्चा की और सक्रिय रूप से अपनी जिज्ञासाएं साझा की। जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समाज में अब इस महत्वपूर्ण विषय पर संवाद की आवश्यकता को समझा जा रहा है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीनाक्षी सभरवाल मुख्य गुणवत्ता अधिकारी ईएसएल स्टील लिमिटेड रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा-मासिक धर्म स्वच्छता केवल स्वास्थ्य से जुड़ा विषय नहीं है बल्कि यह सम्मान और सशक्तिकरण से भी जुड़ा हुआ है। इस जागरूकता सत्र के जरिए हमारा उद्देश्य महिलाओं को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना और मासिक धर्म के अनुकूल समाज के निर्माण की दिशा में योगदान देना है। सत्र में सरकारी स्वास्थ्य टीम की काउंसलर आभा कुमारी ने मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता-व्यवहार और मिथकों पर खुलकर बात की। सत्र के समापन पर उपस्थित सभी महिलाओं और किशोरियों को निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए ताकि वे स्वच्छता बनाए रखने के लिए सही संसाधनों का उपयोग कर सकें।

## एक नजर में

### बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष ने डीसी और एसपी को बुके देकर स्वागत किया





बेरमो। बोकारो जिला परिषद की अध्यक्ष सुनीता देवी बोकारो जिला के नवनियुक्त जिला दंडाधिकारी सह डीसी बोकारो अजय नाथ झा को कार्यालय में मिलकर अपनी ओर एवं बोकारो जिला ग्रामीण क्षेत्र सह पंचायतीराज की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं साथ ही अवगत कराई की गोमिया प्रखंड सहित बोकारो जिला सभी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को तेज करने की आवश्यकता है। इसके तत्पश्चात बोकारो जिला के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह को भी बोकारो जिला में स्वागत एवं बुके देकर शुभकामनाएं दी। साथ में उपस्थित रहे समाजसेवी चितरंजन साव विस्थापित नेता प्रदीप महतो एवं कमल सिन्हा।

### नवनियुक्त एसपी और डीसी से मिल बीएमएस के पदाधिकारियों ने दी बधाई व शुभकामना



बेरमो। बोकारो जिला के नवनियुक्ति पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह एवं बोकारो नवनियुक्ति डीसी अजय नाथ झा को भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला मंत्री ललन कुमार मल्लाह जितेंद्र तिवारी कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश राय मुलाकात किए और उन्हें पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के नए पुलिस अधीक्षक बनाए जाने पर पुष्पगुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए इस दौरान उन्होंने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उनका ध्यान आकृष्ट किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोई भी समस्याओं का समाधान करने कि पहल शुरूआत कि गई है, आप सभी किसी भी प्रकार कि कोई भी समस्या का परेशानी झेल रहे हैं तो हमें फोन पर संपर्क कर सूचना देने का सहयोग बनाएं ताकि पुलिस आप सभी कि सूचना के आधार पर मौके पर पहुंच कर आपकी सुविधाओं का समाधान करने कि पहल कर सके।

### बेरमो : सीसीएल कर्मी के मृत्यु के बाद पुत्र को मिला प्रोविजनल नियुक्ति पत्र



बेरमो। शुक्रवार को सीसीएल ढ़ोरी के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना मे कार्यरत और जवाहर नगर निवासी सह इपी फिटर गणेश बीपी के निधन के बाद मृतक के पुत्र सूरज कुमार को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र अमलो प्रबंधन ने दिया। साथ ही साथ सीसीईबीएफएस का चेक 1 लाख 25 हजार का चेक मृतक के पत्नी लक्ष्मी देवी को दिया और कहा कि एलसीएस का 1 लाख 56 हजार 250 का आरटीजीएस किया गया। विदित को कि मृतक गणेश बीपी को एएडीओसीएम परियोजना मे 21 मई मंगलवार को कार्य के दौरान पैरालिसिस मार दिया था। जिसे तत्काल केंद्रीय अस्पताल ढ़ोरी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर अशर्फी अस्पताल धनबाद रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा था। मगर सोमवार को उसकी ज्यादा तबीयत खराब हो गई और मौत हो गई। वह अपने पीछे अपनी पत्नी सहित एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गया है। उसकी मृत्यु के बाद यूनियन प्रतिनिधियों ने उसके नियोजन की मांग को लेकर प्रबंधन से वार्ता की थी। इस अवसर पर कार्मिक प्रबंधक अभिषेक सिंहा सहित कर्मचारीगण मे गणेश निषाद, धीरज पांडेय, मोहम्मद जूनैद, राकेश सिंह आदि मौजूद थे।

### संप्रेषण गृह की दीवार फांदकर बाल बंदी फरार


दुमका। जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हिजला रोड स्थित संप्रेषण गृह सह बाल सुधार गृह से गुरुवार की देर शाम करीब आठ बजे गोडडा का बाल बंदी विकास कुमार दीवार फांदकर फरार हो गया। गृहपति ने खाना खिलाने के बाद बाल बंदियों की गिनती की तो उसके भागने की बात सामने आई। शुक्रवार को गृह की प्रभारी सह सामाजिक सुरक्षा कोषांग के उपनिदेशक और पुलिस उपाधीक्षक ने जाकर मामले की जांच की। पुलिस मामला दर्ज कर बाल बंदी की तलाश कर रही है। गोडडा के महागामा थाना क्षेत्र के श्रीमतपुर गांव के विकास कुमार को इसी साल प्रेम प्रसंग में किशोरी के अपहरण में बाल सुधार लाया गया था। गुरुवार की दोपहर सभी बाल बंदियों ने एक साथ खाना खाया। रात करीब आठ बजे शाम का खाना खाने के बाद सभी बंदी अपने कमरे में चले गए। गृहपति अब्दुल गफ्फार ने बच्चों की गिनती की तो उसमें एक कम निकला। इसके बाद सुधार गृह में हड़कंप मच गया। जांच में पता चला कि विकास कुमार नहीं है। सुबह सूचना मिलने के बाद प्रभारी निदेशक सुचिता किरण भगत गृह पहुंचे और पूछताछ की। उन्होंने स्वीकार किया कि गोडडा का एक बाल बंदी भाग गया है। वह किसकी लापरवाही से भागा है, इसकी जांच कराई जा रही है। शुक्रवार को मुफस्सिल थाना में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस उपाधीक्षक इकुड डुंगडुंग भी जांच में जुट गए है।

### सीसीएल ढ़ोरी मे गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर शर्बत का वितरण



बेरमो ।सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के सौजन्य से महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार के समीप मे श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर चना,गुड़ और ठंडा मीठा शरबत का वितरण किया गया। जीएम रंजय सिंहा ने शुरूआत करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम गुरु अर्जुन देव जी के बलिदान और सेवा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का एक तरीका है। सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ-साथ अपनी सामाजिक और पर्यावरणीय दायित्वों को भी निभाता है। यह कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में, सतत संसाधन खपत के लिए विभिन्न प्रयास कर रहा है। इस दौरान लोगों को श्रद्धाभाव से चना एवं शरबत का वितरण किया गया। हरेक आने-जाने वाले लोगों को रोककर शराबत एवं चना का वितरण किया गया। जबकि गर्मी परेशान राहगीरो खुद रुककर चना एवं शराबत का आनंद लिया। क्षेत्रिय सुरक्षा पदाधिकारी सह कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम का संचालन किया गया ।इस अवसर पर क्षेत्रिय सुरक्षा पदाधिकारी सुरेश सिंह, कार्मिक प्रबंधक अभिषेक सिंहा सहित यूनियन नेता आर उनेश, धीरज पाण्डेय, विनय सिंह, भीम महतो, विश्वनाथ रजवार, निर्मल नायक ,अरुण कुमार, सिलचंद जी, अरविंद कुमार, उमाशंकर महतो, मानिक दिगार, कृपाल सिंह, मुकेश शर्मा, दीपक कुमार, जितेंद्र रंजन,गब्बर सिंह, शिवानी चक्रवर्ती, शीला कुमारी, रीता कुमारी, अनिता आदि उपस्थित हुए।

### तेरा कीआ मीठा लागै, हरि नाम पदारथ नानक मांगे



बेरमो/जारंगडीह। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु अर्जुन देव जी का 419 वां शहादत दिवस मनाया गया। जारंगडीह गुरुद्वारा में सुखमणि साहिब का पाठ हुआ विशन और अरदास हुआ उसके बाद जारंगडीह मुख्य पथ पर सैकड़ो राहगीरों के बीच चना और ठंडे जल तथा शरबत का वितरण किया गया। जारंगडीह गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदूल सिंह व कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंह ने कहा कि गुरु अर्जुन देव जी को 1606 में मुगल बादशाह जहांगीर के आदेश पर शहीद कर दिया गया था। सिखों द्वारा छविल लगाकर गुरु जी की शहादत सम्मान किया जाता है। छबील को सिख समुदाय में दूसरे की सेवा और दया के प्रति के रूप में देखा जाता है। लोक कथाओं के अनुसार मुगलों के आदेशों को अस्वीकार करने पर उन्हें दंडित किया गया था। उन्हें एक जलते हुए लोहे के तवे पर बिठाकर गर्म रेत डाली गई फिर भी गुरु अर्जुन देव जी अपने सिद्धांतों पर अड़े रहे और इस्लाम धर्म अपनाने से इनकार कर दिया तब से गुरुदेव जी की बहादुरी दृढ़ता और आशावाद का सम्मान करने के लिए हर साल छबील लगाई जाती है। मौके पर राजकुमार, तार सिंह, रॉकी, राहुल, नरेंद्र, सीटू करण, राज, अमरदीप, रणदीप सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### केरी में मनाया गया शहीद रामदास सोरेन का 28वां शहादत दिवस, दी गयी श्रद्धांजलि



बेरमो/ललपनिया ।गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत केरी चौक स्थित शहीद रामदास सोरेन स्मारक समिति के तत्वावधानमें झारखंड आंदोलनकारी शहीद रामदास सोरेन की 28वां शहादत दिवस मनाया गया। मंत्री योगेन्द्र प्रसाद की धर्मपत्नी सह गोमिया की पुर्वविधायक बबीता देवी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने शहीद रामदास सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान दो मिनट का मौन रख शहीद स्व सोरेन को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक ने शहीद स्व. सोरेन के परिजनों को शॉल भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि बबीता देवी ने कहा कि जुल्म और शोषण के खिलाफ स्व रामदास सोरेन का सामाजिक योगदान हमेशा याद किया जाता रहेगा। अलग झारखंड राज्य के आंदोलन में शहीद स्व रामदास सोरेन के योगदान की चर्चा क्षेत्र में हमेशा होती है ।इस मौके पर समिति द्वारा मुख्य अतिथि माननीय पूर्व विधायक का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में झामुमो गोमिया प्रखंड अध्यक्ष लुदु मांझी, मुखिया बबलू हेम्ब्रम, अनिल हांसदा, मितोन सोरेन, श्यामदेव सोरेन के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### आइजी शैलेंद्र सिन्हा ने किया पदभार ग्रहण





दुमका। संताल परगना प्रमंडल के नए आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा शुक्रवार को योगदान किया। इससे पूर्व आइजी सिन्हा ने बाबा बासुकीनाथ मंदिर में वैदिक मंत्रोउच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना एवं आरती किया। इस अवसर पर राजकीय श्रावणी मेला को लेकर विधि-व्यवस्था एवं विभिन्न तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन जानकारी लिया। इसके बाद पद पर योगदान कर प्रमंडल में बेहतर पुलिसिंग से कानून व्यवस्था लागू करने के प्रति प्रतिबद्धता जताया। उन्होंने साईबर अपराध, महिला अपराध समेत विभिन्न मुद्दों पर कानून का राज स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को आम लोगों से मित्रवत व्यवहार का अपील करते हुए कर्त्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से कर्त्तव्यों का निर्वहन का अपील किया।

### अपराधी छोटू यादव को पुलिस ने हथियार के साथ दबोचा, गया जेल

दुमका। हथियार के बल पर लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले शातिर अपराधी को सरैयाहाट पुलिस पिस्तौल के साथ धर दबोचने में कामयाब हुई। गिरफ्तार अपराधी थाना क्षेत्र के जोकेला गांव निवासी ललिकांत कुमार उर्फ छोटू यादव है। पुलिस अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस बावत एसडीपीओ अमित कश्छप ने बताया कि छोटू यादव पर एक दिन पूर्व ही थाना क्षेत्र के लोहमड़वा गांव निवासी बासुदेव यादव ने मामला दर्ज कराया था। जिसमें बताया गया था कि 25 मई को सदलपुर काली मंडप के समीप आरोपी अपने एक अन्य साथी के साथ उसकी बाईक रोक छिनतई का प्रयास किया था। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने गोली चला दी थी। गोली चलने की वजह से वे काफी डर गए थे। और डर से घटना वाले दिन थाना भी नहीं पहुंचे। बीते 29 मई को जब वादी ने थाना में आवेदन दिया तो पुलिस तत्काल हरकत में आ गई। घटनास्थल पर निरीक्षण किया गया तो वहां से एक खाली खोखा बरामद हुआ। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ जरमुंडी अमित कश्छप के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान आरोपी छोटू यादव को ढोलगढ़िया पुल के समीप घटना में प्रयुक्त बाईक और हथियार के साथ धर दबोचने में पुलिस सफल रही।

### नगर विकास समिति ने अपर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

बोकारो। नगर विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष अभय कुमार मुन्ना के नेतृत्व में चास नगर निगम के अपर आयुक्त संजीव कुमार से मुलाकात की और क्षेत्र की 12 प्रमुख समस्याओं पर चर्चा करते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि पिछले पांच वर्षों से चास नगर निगम की निर्वाचित इकाई भंग है-जिससे आमजन को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के प्रमुख मुद्दों में श्रृंगारी जोरिया, गरगा नदी एवं तालाबों की अतिक्रमण मुक्त सफाई सीवरेज जल के खुले प्रवाह पर रोक पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क मरम्मत सब्जी बाजारों का व्यवस्थित करण होल्डिंग टैक्स वसूली में पारदर्शिता कचरा प्रबंधन ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र प्रक्रिया में सुधार निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी व बिजली के खंभे और स्ट्रीट लाइट की मरम्मत शामिल हैं। अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए 4 जून को संबंधित विभागों और समिति के साथ बिंदुवार चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़ी समस्याओं का समाधान पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ किया जाएगा।

## दुमका : फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल का डीसी ने लिया जायजा

# मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले: अभिजीत सिन्हा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर शुक्रवार को डीसी अभिजीत सिन्हा ने अस्पताल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल के जांच घर, मातृ शिशु अस्पताल, सर्जरी, फामेर्सी, ऑपरेशन कक्ष, एसएनसीयू कक्ष, चाइल्ड वार्ड और अन्य संबंधित विभागों का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर फीडबैक प्राप्त किया। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने सिविल सर्जन को मरीजों के परिजनों के बैठने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, गर्मी को देखते हुए पंखा भी लगवाए। डीसी ने शिशु सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत इलाज की प्रगति की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सकों से मरीजों के बेहतर ढंग से इलाज करने के निर्देश भी दिए। अस्पताल प्रबंधक को पूरे अस्पताल की रूप रेखा मैप के माध्यम से दशार्ने का निर्देश दिया। कहा कि पूरे अस्पताल परिसर में माइकिंग सिस्टम अधिष्ठापित करें ताकि कोई जानकारी सभी लोगों से साथ साझा की जा सके। इमरजेंसी वार्ड पहुंचने के लिए बड़े साइनेज लगवाए ताकि समय बचाते हुए मरीज को सीधा इमरजेंसी वार्ड में लाया जा सके। जहां तक एम्बुलेंस पहुंचती है उस जगह पर पांच ट्राली और व्हील चेयर हर समय मौजूद रहे। फामेर्सी में दवा की उपलब्धता हमेशा रहे यह सुनिश्चित कर लें। जीवन रक्षक दवाई की विशेष व्यवस्था रहे। इस दौरान भू अर्जन पदाधिकारी, पीजेएमसीएच के अधीक्षक, सिविल सर्जन, विभिन्न वार्ड के चिकित्सक आदि उपस्थित थे।

# सीडब्ल्यूसी ने भटके किशोर और किशोरी को परिवार से मिलवाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) दुमका ने बिहार के बांका जिला से भटक कर आये 16 साल के किशोर और दुमका जिले शिकारीपाड़ा से भटक कर गोपीकांदर चली गयी 16 वर्षीय किशोरी के परिवार को ढूढ निकाला है। शुक्रवार को समिति के सदस्य डॉ0 राज कुमार उपाध्याय ने किशोर को उसकी चाची और किशोरी को उसकी मां व नानी के हवाले कर दिया। डॉ उपाध्याय ने बताया कि रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क के केस वर्कर पवन कुमार मंडल ने 24 अप्रैल को आरपीएफ द्वारा रेस्क्यू किये गये एक किशोर को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया था जिसे एक आंख से धूधला दिखता था तो दूसरे आंख से नहीं दिखता था। इस किशोर ने अपना घर बिहार के बांका जिले के पंजावारा थाना अंतर्गत बताया। किशोर को श्री अमड़ा स्थित बालगृह (बालक) में आवासित करते हुए बांका के जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी से सामाजिक जांच प्रतिवेदन (एसआईआर) मांगा गया। एसआईआर से पता चला चला कि किशोर के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है और उसने जिसे माता-पिता बताया है वह उसके चाचा-चाची हैं। बालगृह के अधीक्षक संजु कुमार ने जब किशोर के दुमका में होने की जानकारी दी तो उसकी चाची उसे लेने दुमका आयी। समिति को दिये बयान में उसकी चाची ने बताया कि किशोर के पिता और उसकी गर्भवती मां की मृत्यु हो चुकी है। उसके एकमात्र भाई की भी मौत हो गयी है। पांच साल की उम्र से वह ही इस किशोर की देखभाल कर रही है। 2 अप्रैल को वह भोज खाने के लिए घर से निकला था पर वापस नहीं आया। बाद में सूचना मिली कि किशोर दुमका में है तो वह उसे लेने आयी है।

# दुमका : धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आज, सभी तैयारियां पूरी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** बिरसा मुंडा आउटडोर स्टेडियम में आज आहूत होने वाली धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर दिसोम मांझी समिति की बैठक शुक्रवार को आयेजित हुई। बैठक की अध्यक्षता दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू ने किया। दिसोम मांझी बाबा टुडू ने कहा कि सम्मेलन की तैयारियां पूरी हो गई है। जिले के विभिन्न प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों तक धार्मिक कार्यकता व प्रचार गाड़ी प्रतिदिन सुबह से शाम तक घूम रहे थे। इसके साथ धार्मिक कार्यकर्त्ताओं के द्वारा गांव स्तर पर मांझी बाबा व ग्रामीणों को प्रत्यक्ष रूप से आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम शनिवार को 10 बजे से दिसोम मांझी थान आर जाहेर थान में बोंगा-बुरु से शुरू होगी। शाम में 3 बजे दिसोम मांझी थान से रैली के रूप में आउटडोर स्टेडियम पहुंचेंगे। इसके बाद आउटडोर स्टेडियम में ही शाम के 5 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व विश्व प्रसिद्ध लेखक सह कथाकार गुरु बाबा सोमाय किस्कू का प्रवचन होना है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए संताली जगत के सुपर स्टार सिंगर सिंगराय सोरेन, डिगीर सोरेन, कल्पना हांसदा, बनाम राजा नारायण टुडू, कुनामी चांदों म्यूजिकल ग्रुप जामताड़ा समेत कई स्टार कलाकार शामिल रहेंगे। बैठक में चुंडा सोरेन सिपाही, सुरेशचंद्र सोरेन, टेकलाल मरांडी, राजीव बास्की, निलेश हांसदा, बीडी किस्कू, मोहन टुडू, अनिल बेसरा, राकेश मरांडी, ईमेल मरांडी, रामप्रसाद हांसदा, ब्राजेंद्र, निखिल मुर्मू, लवकिशोर टुडू, जयप्रकाश हेम्ब्रम आदि मौजूद रहे।

# मयुराक्षी नदी में दो मौसेरी बहनों की डूबने से मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के गंद्रकपुर गांव में शुक्रवार की दोपहर मयुराक्षी नदी में नहाने गई तीन बहनों में से दो मौसेरी बहन 17 साल की पूजा गोराई और 19 साल की उमा कुमारी की डूब जाने से मौत हो गई। वहीं मामा की लड़की आस्था बच गई। आस्था के शोर मचाने पर नदी के समीप तालाब में नहा रहे घर के अन्य युवकों ने दोनों को बाहर निकाला और जांच के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सक ने दोनों बहनों को मृत घोषित कर दिया। उमा रामगढ़ प्रखंड की रहने वाली थी और जमशेदपुर में शिक्षिका मां के साथ रहकर पार्ट वन की पढ़ाई कर रही थी। तीन दिन पहले माता पिता उसे मौसी की घर छोड़कर घूमने के लिए दार्जलिंग चले गए। पुलिस के लाख समझाने के बाद भी स्वजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं हुए।

**इसी साल मैट्रिक में पूजा रही थी विद्यालय में अव्वल :** पूजा के पिता मंटू गोराई ने बताया कि बेटी पूजा चकलता मध्य विद्यालय की छात्रा थी। उसे इसी साल मैट्रिक में विद्यालय टाप किया था। वह आज तक नदी में नहाने के लिए नहीं गई। हो सकता है कि दो बहनों के साथ मिलने पर चली गई हो। वहीं बच निकली आस्था के पिता गौतम गोराई ने बताया कि आस्था को पानी से बहुत डर लगता है, इसलिए वह पानी में नहीं उतरी। दुख की बात है कि उसके सामने ही दोनों बहनों की जान चली गई।

### पहली बार नदी में नहाने गयी थी तीनों बहने

घरवालों की माने तो उमा के माता पिता उसे गांव छोड़कर घूमने के लिए चले गए। दोपहर को उमा अपने मौसेरी बहन पूजा और मामा की बेटी आस्था के साथ नहाने के लिए पहले तालाब की ओर गई। उनके साथ घर के कुछ युवा भी दे। तालाब पहुंचने के बाद तीनों ने तालाब में नहाने का इरादा बदला और पास में बहती मयुरक्षी नदी में चली गई। नदी में पानी अधिक होने के कारण आस्था ने उतरने से मना कर दिया। उसके मना करने के बाद भी उमा और पूजा नदी में चली गई। अचानक गहरे पानी में चले जाने के कारण दोनों डूबने लगी तो आस्था ने शोर मचाया। तालाब में नहा रहे घर के युवाओं ने नदी में छलांग लगा दी और दोनों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। दोनों को मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया गया। मौत के बाद घरवालों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। पूजा की मां चांदनी गोराई बेटी के शव के साथ लिपटकर रोती रही।

# सुरक्षित उत्पादन व मजदूरों का वेलफेयर प्राथमिकताः झा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### आरसीएमयू का प्रतिनिधिमंडल परियोजना पदाधिकारी से मिला



**बेरमो।** कथारा कोलियरी सीसीएल के अन्य कोलियरी से सबसे गहरा माइंस के नाम से जाना जाता है। कार्य की जटिलता और डीप माइंस में सुरक्षित उत्पादन और लक्ष्य की प्राप्ति के साथ टीम वर्क के तहत समस्त कार्यों का निष्पादन करने की प्राथमिकता होगी।

उक्त बात कथारा कोलियरी के नए पदाधिकारी शंभू नाथ झा ने आर सी एम यू के प्रतिनिधि मंडल को जानकारी देते हुए कहा वर्ष 2025, के उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करने के बाद ही पूरा किया जा सकता है। आने वाला दिन उत्पादन और वेलफेयर के मामले मे कथारा अपना इतिहास रचेगा। पिछले वर्ष का भी उत्पादन अच्छा रहा। यूनियन के द्वारा परियोजना पदाधिकारी का स्वागत करते हुए संक्षिप्त वार्ता में लंबित पड़े समस्याओं की ओर भी नई परियोजना पदाधिकारी का ध्यान आकर्षण कराया गया। जिसमें श्रमिकों का पदोन्नति आवास और कॉलोनी का रखरखाव लंबित पड़े मजदूरों का एरिया का भुगतान कॉलोनी में लाइटिंग की व्यवस्था कार्यस्थल पर पेयजल मुहैया कराने सहित उन मुद्दों पर भी चर्चा की गई। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश शर्मा चंद्रशेखर क्षेत्रीय सहायक सचिव आशीष चक्रवर्ती परियोजना के सहायक सचिव सूर्यकांत त्रिपाठी देवाशीष आश वेदव्यास चौबे हरिहर नोनिया अर्जुन चौहान शिवदत्त नुनिया मोहम्मद अंसारी संतोष सिन्हा जीतन कमार कौशिक दत्ता आदित्य उपाध्याय पिंटू नागेश्वर नोनिया भिखम कुमार संदीप रवानी महेश्वर मांझी बिंदु चंद हेंब्रम राहुल सिंह दीपक सिंह सरवन द्वारिका मनोज, वीरेंद्र, बीजू राम शशि कुमार रोज मोहम्मद सहित अन्य शामिल थे।

# बोकारो सेक्टर-4 के 43 दुकानों में हुई छापामारी, वसूला जुर्माना





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीसी अजय नाथ झा के आदेशानुसार सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद के निर्देशन में सेक्टर 4 थाना क्षेत्र में सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें कुल 43 दुकानों की जांच की गई। कुल 9 दुकानों से अर्थदण्ड के रूप में कुल 1620 रुपए की वसूली की गई। मौके पर छापामारी दल के सदस्य औषधी निरीक्षक पुतली विलुंग, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ श्वेता अमृता लकड़ा एवं जिला परामर्शी मो असलम शामिल थे। छापेमारी के दौरान सभी दुकानों में ई-सिगरेट की उपलब्धता की जांच की गई। औषधि निरीक्षक पुतली विलुंग ने बताया कि सेक्टर-4 थाना क्षेत्र में चल रहे कोचिंग सेन्टर व स्कूल के आस पास जितनी भी दुकानें हैं। उन सभी दुकानों में ई-सिगरेट की उपलब्धता की जांच की गई। डॉ श्वेता अमृता लकड़ा द्वारा सभी दुकानदारों को खाद्य सामग्री बेचने हेतु लाईसेन्स लेने को कहा गया।

# 6-7 घंटे में होगा रांची से वाराणसी का सफर

## प्रधानमंत्री ने 48,520 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

- वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेस-वे का किया शिलान्यास, 35000 करोड़ रुपये से होगा निर्माण
- झारखंड के पांच जिलों से गुजरेगा एक्सप्रेस-वे
- पटना-आरा-सासाराम ग्रीनफील्ड फोरलेन का भी रखी आधारशिला
- नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना-2 का शिलान्यास
- पटना-गया-डोभी फोरलेन रोड का किया उद्घाटन



बिक्रमगंज में रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिक्रमगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार 48,520 करोड़ रुपये से अधिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसमें वाराणसी-रांची-कोलकाता (एनएच-319बी) नेशनल हाईवे भी शामिल है, जो रांची को वाराणसी से जोड़ेगी। यह नेशनल हाईवे यूपी के वाराणसी से शुरू होगा, जो बिहार के चार और झारखंड के पांच जिलों को कवर करते हुए पश्चिम बंगाल के चार जिलों में प्रवेश करेगा। इसके बाद नेशनल हाईवे-19 से मिल जायेगा।

वाराणसी-रांची-कोलकाता ग्रीनफील्ड सिक्सलेन एक्सप्रेस वे झारखंड के पांच जिलों से गुजरेगा। इनमें चतरा, हजीराबाग, रामगढ़, रांची और बोकारो शामिल है। एक्सप्रेस वे चंदौली स्थित बरहुली गांव से होकर बिहार में प्रवेश करने के बाद कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले से होते हुए झारखंड में प्रवेश करेगा। फिर, बोकारो होते हुए पश्चिम बंगाल में प्रवेश करेगा। यहां एक्सप्रेस वे बंगाल के पुरुलिया, बांकुड़ा और आरामबाग से होकर उलुबेरिया में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 में मिल जायेगा। रांची से वाराणसी की दूरी 427 किलोमीटर है। करीब नौ घंटा से अधिक समय लगता है। नये एक्सप्रेस-वे बनने से 6 से 7 घंटे में सफर कर सकेंगे। भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत 35000 करोड़ से इस परियोजना कार्य का विकास होगा। इस 6 लेन वाराणासी-रांची-कोलकाता एक्सेस कंट्रोल ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड को एक सड़क के जरिये जोड़ने के लिए किया जा रहा है। इससे व्यापार और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। इस प्रोजेक्ट से न केवल रोड कनेक्टिविटी बढ़ेगी, बल्कि हजारों युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।

वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेस वे परियोजना का 22 किमी का हिस्सा यूपी, 159 किमी हिस्सा बिहार, 187 किमी हिस्सा झारखंड और सबसे ज्यादा 242 किमी लंबाई का हिस्सा पश्चिम बंगाल में होगा। इसके लिए कुल ₹10,000 करोड़ खर्च कर जमीन अधिग्रहण किये जाने का अनुमान है, जिससे किसानों को बड़ा आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेस वे के निर्माण के लिए 35000 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान लगाया गया है। इसके पहले पैकेज में 994.3 करोड़ रुपये की लागत से 27 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया जायेगा। जबकि, दूसरे पैकैज में भी 27 किमी सड़क का ही निर्माण होगा, जिसके निर्माण में 851 करोड़ की लागत आयेगी।

**औरंगाबाद को सुपर थर्मल पावर का तोहफा :** प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए औरंगाबाद जिले में 29,930 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना, चरण-2 (3 गुणा 800 मेगावाट) की आधारशिला रखी। इस योजना का उद्देश्य बिहार और पूर्वी भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र में सस्ती बिजली उपलब्ध होगी।

श्री मोदी ने क्षेत्र में सड़क अवसंरचना और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एनएच-119ए के पटना-आरा-सासाराम खंड को चार लेन का बनाने, छह लेन का बनाने और बक्सर और भरौली के बीच एक नए गंगा पुल के निर्माण सहित विभिन्न सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने करीब 5,520 करोड़ रुपये लागत वाले एनएच-22 के पटना-गया-डोभी फोरलेन रोड का उद्घाटन किया। इसके अलावा एनएच-27 पर गोपालगंज में एलिवेटेड हाईवे के चार लेन के निर्माण और ग्रेड सुधार का भी उद्घाटन किया। सोन नगर-मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित की।

# राम के कुल की रीति, प्राण जाए पर वचन न जाई :मोदी

- जो वचन एक बार दे दिया वो पूरा होकर ही रहता है
- नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रगति कर रहा है बिहार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिहार की धरती से आतंकवादियों को कल्पना से परे की सजा भुगतने की चेतावनी देकर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए अपना वादा पूरा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रदेशवासियों को भगवान राम के कुल की रीति की याद दिलाते हुए कहा कि लोग जानते हैं भागवान राम और उनके कुल की रीति क्या थी, प्राण जाए पर वचन न जाई यानी जो वचन एक बार दे दिया वो पूरा होकर ही रहता है। मोदी ने बिहार में करीब चार माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को रोहतास जिले के बिक्रमगंज में करीब 48 हजार करोड़ रुपये की परियाजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोग जानते हैं भागवान राम और उनके कुल की रीति क्या थी प्राण जाए पर वचन न जाई यानी जो वचन एक बार दे दिया वो पूरा होकर रहकर ही रहता है। प्रभु श्रीराम की यह रीति अब नए भारत की नीति बन गई है।

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री कुमार की अगुवाई में जब जंगलराज वाली सरकार की विदाई हुई तो बिहार भी प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ने लगा। टूटे राजमार्ग, खराब रेलवे, गिनी-चुनी फ्लाइट कनेक्टिविटी वह दौर अब इतिहास बन चुका है, पीछे छूट रहा है। कभी बिहार में एक ही हवाईअड्डा पटना में था लेकिन आज दरभंगा हवाईअड्डा भी शुरू हो गया है। अब यहां से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों के लिए विमान मिलते हैं। बिहार के लोगों की लंबे समय से मांग थी कि पटना हवाईअड्डे के टर्मिनल को आधुनिक बनाया जाए। अब यह मांग भी पूरी हो गई है।

## स्पीड न्यूज

### 'दुश्मन कहीं भी हो हौंक दिया जायेगा'

**कानपुर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार यूपी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानपुर से पाकिस्तान को ललकारा और कनपुरिया स्टाइल में ही समझाने की कोशिश की। पीएम मोदी ने कहा कि दुश्मन कहीं भी हो हौंक दिया जाएगा। पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत पहलगाम में मारे गए शुभम द्विवेदी को याद करते हुए की। कहा कि पहलगाम हमले के कारण ही मेरा कानपुर दौरा एक बार टालना पड़ा था। इस कायराना हमले में कानपुर के लाल शुभम का निधन हुआ है। इस हमले के बाद सेना का पराक्रम पूरी दुनिया ने देखा है। हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकाने तबाह कर दिए। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ाकर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा।

### मुक्तसर में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट पांच मरे, 25 घायल

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुक्तसर साहिब में स्थित पटाखा फैक्टरी में गुरुवार रात को हुए विस्फोट में पांच कारीगरों की मौत हो गई और 25 घायल हो गए। घायलों के निकटवर्ती अस्पतालों और बठिंडा एम्स में भर्ती कराया गया। विस्फोट से पूरी इमारत ध्वस्त हो गई। दो व्यक्ति लापता बताए जा रहे हैं। रात करीब डेढ बजे मेकिंग यूनिट में जोरदार विस्फोट होने से दो मंजिला इमारत ढह गई।

### अंकिता हत्याकांड में तीन को उम्रकैद

**कोटद्वार।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड में आखिरकार अदालत ने शुक्रवार को सजा का एलान करते हुए मुख्य आरोपी पुलकित आर्य समेत तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनायी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी की अदालत ने भाजपा के पूर्व नेता विनोद आर्या के पुत्र एवं ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 201 और 354 के तहत दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि रिसॉर्ट के प्रबंधक सौरभ भाष्कर और अंकित गुप्ता को साक्ष्य मिटाने के मामले में उम्रकैद की सजा सुनायी है।

### मुंबई पुलिस को मिलेगा डिजिटल आईडी कार्ड

**मुंबई।** मुंबई पुलिस को जल्द ही डिजिटल आईडी कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा, जिससे फर्जी पहचान पत्र का इस्तेमाल करके डिजिटल अरेस्ट जैसी होने वाली घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा। मुंबई पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि राज्य सरकार ने मुंबई पुलिस के लिए सुरक्षित और प्रौद्योगिकी-सक्षम आईडी कार्ड जारी करने के अपने प्रमुख प्रस्ताव को गुरुवार को मंजूरी दे दी है।

### मोदी को धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

भागलपुर। के भागलपुर जिले से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जान से मारने की धमकी देने वाला युवक समीर रंजन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी हृदय कांत ने शुक्रवार को बताया कि मोदी के पटना आगमन के पहले व्हाट्सऐप मैसेज से पीएमओ को मोदी को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद खुफिया एजेंसी के अधिकारियों ने इस मामले की जानकारी दी। व्हाट्सऐप नंबर की जांच तकनीकी सेल ने की। इस दौरान उक्त नंबर वृद्ध मंटू चौधरी के नाम से निकलने के बाद उसे गिरफ्तार किया ।

### वाशिंगटन : गोलीबारी में सात लोग घायल

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में वाशिंगटन के टैकोमा के उपनगर हैरी टॉड पार्क में गोलीबारी में सात लोग घायल हुये हैं। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों में से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक गोलीबारी के समय पार्क में 100 से ज्यादा लोग मौजूद थे।

# 15 नर्सों को मिला फ्लोरेंस राष्ट्रीय नाइटिंगेल पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में विभिन्न वर्ग की 15 नर्सों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए वर्ष 2025 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया।

पुरस्कृत नर्सों में एएनएम वर्ग में अंडमान निकोबार की रेबा रानी सरकार, आंध्र प्रदेश की वलिवेती सुभावती, दादर-नगर हमेली एवं दमन-दीव की सरोज फकीरभाई पटेल, लक्षद्वीप की रजिया बेगम पीबी और महाराष्ट्र की सुजाता अशोक बागुल , एलएचवी वर्ग में असम की बीना पानी डेका, नर्स वर्ग में अरुणाचल प्रदेश की किजुम सोरा कारगा, दिल्ली की डिम्पल अरोड़ा और मेजर जनरल शीना पी डी, कर्नाटक की डॉ बानू एमआर,



मणिपुर की लीमापोकपम रंजीता देवी, मिजोरम की वी लालमंगई, पुडुचेरी की एलएस मणिमोझी, तमिलनाडु की के अलामेलु मंगयारकरसी और पश्चिम बंगाल की डॉली बिस्वास शामिल हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर से सबूत गैंग खुश नहीं : भाजपा



**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विवादित टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जयराम रमेश और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी घिरते नजर आ रहे हैं। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि पहले दिन से राहुल गांधी, जयराम रमेश और उनके लोगों ने सेना, भारत के शौर्य पर सवाल उठाया, ये सबूत गैंग खुश नहीं है। पात्रा शुक्रवार को नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि जयराम रमेश ने कहा कि यहां आतंकवादी घूम रहे हैं, वहां सांसद घूम रहे हैं। रमेश ने सांसदों और आतंकवादियों को एक समान कर दिया। सांसद घूमने नहीं गए हैं, वे भारत के पक्ष को विश्व के सामने रखने गए हैं, उसमें आपके भी सांसद हैं।

# पाकिस्तान अगर बातचीत के लिए गंभीर है तो हाफिज व मसूद को भारत को सौंपे : राजनाथ

## केवल आतंकवाद और पीओके पर होगी बातचीत

**एजेंसी**

**पणजी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को पाकिस्तान से कहा कि अगर वह भारत के साथ बातचीत के लिए गंभीर है तो उसे हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों को भारत को सौंप देना चाहिए। सिंह ने गोवा तट पर भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर अधिकारियों और नौसैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान बातचीत के लिए गंभीर है तो उसे हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों को भारत को सौंपना होगा , ताकि न्याय हो सके। ये दोनों न केवल भारत की मोस्ट वांटेड



आतंकवादियों की सूची में हैं, बल्कि संयुक्त राष्ट्र की ओर से नामित आतंकवादी भी हैं। मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा को हाल ही में भारत लाया गया है। हाफिज सईद भी मुंबई हमलों का दोषी है और उसके अपराध के लिए न्याय होना चाहिए। पाकिस्तान की ओर से बार-बार बातचीत की पेशकश पर रक्षा मंत्री ने भारत के रुख की पुष्टि करते हुए कहा कि बातचीत केवल पाकिस्तान के कब्जे पीओके और आतंकवाद पर हो सकती है। पाकिस्तान को यह समझने की जरूरत है कि आजादी के बाद से वह जो खतरनाक आतंकवाद का खेल खेल रहा है, उसका समय खत्म हो चुका है। अब अगर पाकिस्तान भारत के खिलाफ कोई आतंकी कार्रवाई करता है तो उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे और हार का सामना करना पड़ेगा। भारत इसमें संकोच नहीं करेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय नौसेना की भूमिका की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि जब भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तानी धरती पर आतंकी ठिकानों को नष्ट किया तो अरब सागर में नौसेना की आक्रामक तैनाती, समुद्री क्षेत्र में इसकी बेजोड़ जागरूकता और वर्चस्व ने पाकिस्तानी नौसेना को उसके अपने तटों तक सीमित कर दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के 96 घंटे के भीतर समुद्र में तैनात हमारे पश्चिमी बेड़े के जहाजों ने पश्चिमी और पूर्वी तट पर सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और टॉरपीडो की सफल फायरिंग की।

# नीट पीजी परीक्षा एक ही पाली कराएं

### दो पालियों में उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं मिलेंगे : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्टने मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जून से होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025 दो की बजाय एक ही पाली में आयोजित कराने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता अदिति और अन्य की याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस नीट पीजी को आयोजित करने वाली संस्था 'नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन' (एनबीई) यह निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित न करें, क्योंकि इससे उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं मिलेंगे। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि दो पालियों में परीक्षा होने से मनमानी होगी और सामान्यीकरण प्रक्रिया को नियमित तरीके से लागू नहीं किया जा सकता। इतना ही नहीं दो पालियों की परीक्षा में प्रश्नपत्र कभी भी एक ही कठिनाई स्तर के नहीं हो सकते। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम यह स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि इस देश में तकनीकी प्रगति को देखते हुए देशभर में परीक्षा आयोजित करने वाली इस संस्था को एक पाली में परीक्षा आयोजित करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाए। अदालत ने कहा कि यदि अधिकारियों को लगता है कि वे परीक्षा केंद्रों की पहचान करने और 15 जून को परीक्षा आयोजित करने में सक्षम नहीं हैं तो वे परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। पांच मई को अदालत ने एनबीई, एनएमसी और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नोटिस जारी करके जवाब मांगा था।

### खून व पानी एक साथ नहीं बह सकते : शाह

**जम्मू ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को फिर से परिभाषित किया है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते तथा पानी और और खून भी एक साथ नहीं बह सकते।

पुंछ में गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से मिलने पहुंचे श्री शाह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नागरिकों पर किसी भी हमले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसका अधिक प्रभावी और सटीक तरीके से जवाब दिया जाएगा।



### राजतंत्र की वापसी को लेकर काठमांडू में प्रदर्शन जारी

**काठमांडू।** नेपाल में राजतंत्र की पुनर्स्थापना को लेकर शुरू हुआ प्रदर्शन शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के नेतृत्व में काठमांडू के माइतीघर में प्रदर्शन किया गया। देश में गणतंत्र व्यवस्था के विरोध में आरपीपी का अनिश्चितकालीन प्रदर्शन शुरू हुआ है। गुरुवार को काठमांडू के रत्नपार्क में हुआ था। शुक्रवार को यह प्रदर्शन माइतीघर में हो रहा है। प्रदर्शन आरपीपी के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंगदेन सहित सभी बड़े नेता शामिल हुए।

# चौथी तिमाही में 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी जीडीपी

## वृद्धि दर चार वर्ष में सबसे कम

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली ।** जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने के बल पर वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करते हुये दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था का तमगा बरकरार रखा, लेकिन यह वृद्धि दर चार वर्ष में सबसे कम है।

केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा शुक्रवार को जारी जीडीपी के आंकड़ों के अनुसार अंतिम तिमाही जनवरी-मार्च में जीडीपी उम्मीद से बेहतर 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो पिछली तीन तिमाहियों से अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम





तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही थी। दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही के जीडीपी के आंकड़ों को संशोधित कर 6.4 प्रतिशत कर दिया गया है। मार्च 2025 में समाप्त तिमाही में नॉमिनल जीडीपी वृद्धि दर 10.8 रहने का अनुमान लगाया गया है।

एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में नॉमिनल जीडीपी में 9.8 प्रतिशत की वृद्धि दर देखी गई है। वित्त वर्ष 2024-25 के वास्तविक जीडीपी के आंकड़े पिछले चार वर्ष में हालांकि सबसे कम है। वित्त वर्ष 2021-22 में यह वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत, 2022-23 में 7.6 प्रतिशत और 2023-24 में 9.2 प्रतिशत रही थी।

वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान निर्माण क्षेत्र में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि दर देखी गई है। इसके बाद 'लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं' क्षेत्र में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि दर और 'वित्तीय, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाओं' क्षेत्र में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर देखी गई है।

वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में वास्तविक जीडीपी या स्थिर कीमतों पर जीडीपी 51.35 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के 47.82 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 7.4 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में नॉमिनल जीडीपी या मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 88.18 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जो 2023-24 की चौथी तिमाही के 79.61 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 10.8 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में वास्तविक जीवीए 45.76 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के 42.86 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 6.8 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में नॉमिनल जीवीए 79.46 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के 72.51 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 9.6 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी या स्थिर मूल्यों पर जीडीपी वित्त वर्ष 2024-25 में 187.97 लाख करोड़ के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी के पहले संशोधित अनुमान 176.51 लाख करोड़ की तुलना में 6.5 प्रतिशत अधिक है।

